वाराणसी, सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 11, अंक 311, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च करने वाली पहली भारतीय बनीं दीपिका



अंदर - मिट जाने की हसरत अब दिले-बिस्मिल में है

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## ट्रांसफर-पोस्टिंग में न पड़ें : योगी

### अपना काम करें, मुख्यमंत्री ने दी शिक्षकों को नसीहत

**संबोधन**

**सीएम ने 1395 अध्यापकों और प्रवक्ताओं को सौंपे नियुक्ति पत्र**

**कहा,आपको अपनी जिम्मेदारियां निर्वहन करनी चाहिए**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप कोशिश करें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर नवाचार तैयार करें। हमें हमेशा अपने आप को अपडेट रखना होगा। इससे समस्याओं का समाधान भी होगा। आपका सम्मान भी होगा।

आप सभी नवनियुक्त युवाओं से मेरा कहना है कि आप नियुक्ति के बाद ट्रांसफर पोस्टिंग के चक्कर मे मत पड़ना। आपको अपनी जिम्मेदारियों निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योग्यता ही आपको सम्मान दिलाएगी। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से एक क्रांतिकारी कदम उठाया है,। भारत दुनिया के अंदर शिक्षा के एक बहुत बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है। आज छात्र पर डिग्री डिप्लोमा लेकर निकलता है तो एक चौराहे पर खड़ा होता है कि क्या करे? उस छात्र को तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षक की ही होती है। आप शासन के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे तो इससे आप के साथ-साथ छात्र और संस्थान दोनों बढ़ेंगे। हमने एक लाख 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की है।



शासकीय कॉलेजों में 40 हजार की नियुक्तियां हुई हैं। उच्च शिक्षा की भर्तियां अलग हैं। इस बात से आप प्रेरित होंगे कि ऐसी ही निष्पक्षता अपने कार्यपद्धति में लाना होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है। हमें इसके विकास के लिए सहयोग भी देना होगा। संस्कृत शिक्षकों की भी भर्तियां हमने करवाई। भर्ती प्रक्रिया युद्धस्तर पर जारी है लेकिन हमको उस निष्पक्षता की कार्यपद्धति को अपनाना होगा। भर्तियां पूरी हुई है तो ,नियुक्ति भी जरूर होगी। वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में समय लगता है तो मैं खुद विभागों से इस के लिए जानकारी लेता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, आपने पिछले साढ़े पांच-छह वर्षों में प्रदेश के माहौल और कार्यपद्धति को देखा होगा। प्रदेश बदला है। निवेश आया है। हमारा क्या योगदान हो जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ हो।

इसकी ओर सोचना होगा। नीति आयोग की रैंकिंग में आज उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। टॉप 10 में 5 जनपद उत्तर प्रदेश के हैं। टॉप 20 में हमारे 8 जनपद हैं। आज यूपी में निवेश आ रहा है इससे युवाओं को असीम अवसर मिलेंगे। उत्तर प्रदेश की छवि साढ़े पांच साल पहले क्या थी आप भी जानते होंगे। युवाओं को रहने के लिए कमरे नहीं मिलते थे। आज ये धारणा बदली है। आप उत्तर प्रदेश को नई पहचान बनाने के अभियान में सहायक होंगे। इस शुभकामना के साथ आपको हृदय से बधाई।

### यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं

**हजारों करोड़ के किए जा रहे विकास कार्य : योगी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में हर प्रकार के पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। बीते पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश देश में डॉमेस्टिक टूरिज्म में पहले नंबर पर उभर कर सामने आया है। वह रविवार को 37वें इण्डियन एसोसिएशन आफ टुअर आपरेटर्स (आयटो) के वार्षिक सम्मेलन के समापन समारोह में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द सेन्ट्रम होटल में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन के लिहाज से दुनिया की सबसे प्राचीनतम नगरी काशी हमारे उत्तर प्रदेश में है जहां कोई भी पर्यटक हर हर महादेव का नारा लगाए बगैर नहीं रह सकता। काशी में एक वर्ष पहले जहां एक करोड़ सालाना पर्यटक आते थे, वहीं इस वर्ष सिर्फ सावन माह में एक करोड़ पर्यटक प्रदेश में आए हैं। इसके अलावा अयोध्या भी इसी प्रदेश में है जहां हर भारतीय की पहुंचने और दर्शन करने की अभिलाषा रहती है। अयोध्या पहुंचकर कोई भी व्यक्ति जय श्रीराम बोले बगैर नहीं रह सकता। अयोध्या में मंदिर निर्माण के कार्य के साथ ही 30 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट आसपास के क्षेत्र में चल रहे हैं। आने वाले समय में अयोध्या दुनिया की सुंदर नगरी के रूप में सामने होगी। आज अयोध्या में जितने पर्यटक आ रहे हैं इनकी संख्या मंदिर निर्माण के बाद 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा मथुरा और वृंदावन भी यहीं है जहां आध्यात्मिक विकास के साथ ही भौतिक विकास भी हो रहा है। यहां के विकास के लिए करीब 25000 करोड़ योजनाएं चल रही हैं। यही नहीं प्रयागराज उत्तर प्रदेश का प्रमुख स्थान है जहां वर्ष 2019 में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे और कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। इनके अलावा भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख केंद्र भी उत्तर प्रदेश में ही हैं। इसी के तहत बुद्ध सर्किट से जुड़े हुए शहरों में भी व्यापक स्तर पर विकास कार्य चल रहे।

## सरगम कौशल ने जीता मिसेज वर्ल्ड का खिताब

**उपलब्धि**

**21 साल बाद किसी भारतीय ने अपने नाम किया ताज**

**लास वेगास।** सरगम कौशल ने मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2021 की विजेता रहीं अमेरिका की शायलिन फोर्ड ने शनिवार को वेस्टगेट लास वेगास रिजॉर्ट एंड कसीनो में आयोजित एक समारोह में मुंबई के कौशल को ताज पहनाया।



इस प्रतियोगिता में मिसेज पोलिनेशिया को फर्स्ट रनर-अप और उसके बाद मिसेज कनाडा को सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया। इसकी जानकारी मिसेज इंडिया पेजेंट ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर दी। पेज पर सरगम की फोटो के साथ कैप्शन में लिखा गया है, ' लंबा इंतजार खत्म हो गया है। 21 साल बाद ताज हमारे पास वापस आ गया है।

समारोह के बाद एक वीडियो में जम्मू-कश्मीर की रहने वाली मिसेज वर्ल्ड ने कहा, हमें 21-22 साल बाद ताज वापस मिला है। मैं बहुत उत्साहित हूं। लव यू इंडिया, लव यू वर्ल्ड। साल 2001 में मिसेज इंडिया का ताज भारत लाने वाली अदाकारा-मॉडल अदिति गोवित्रिकर भी सरगम की इस जीत पर खुश नजर आईं। उन्होंने सरगम को टैग करते हुए लिखा, "हार्दिक बधाई सरगम कौशल इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए बहुत खुश हूं ..21 साल बाद ताज वापस आया है।




## हिंदू महासभा का ऐलान- नहीं चलने देंगे फिल्म पठान

**मथुरा।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान का 'बेशर्म रंग' गाना रिलीज होने के बाद से ही हिंदूवादी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। मथुरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने एलान किया है कि फिल्म पठान को शहर के किसी भी सिनेमाघर में नहीं चलने दिया जाएगा। हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने रविवार को होलीगेट पर फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर आग के हवाले किया। अभिनेता शाहरुख खान के पुतले को दफनाया। नारायणी सेना नारी शक्ति ने बॉलीवुड पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर भूतेश्वर चौराहे पर प्रदर्शन किया। नारी शक्ति प्रमुख शीतल आचार्य ने कहा कि बॉलीवुड की फिल्मों में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की छवि विश्व में धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए बॉलीवुड पर बैन लगाना अति आवश्यक है। अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने होलीगेट पर नारेबाजी कर फिल्म पठान का विरोध किया। फिल्म पर रोक लगाने की मांग की। संगठन के कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान हिंदुस्तान सहन नहीं करेगा।

## बिहार में भी मोरबी जैसी दुर्घटना!

**हादसा**

**उदघाटन से पहले ही ढहा 13 करोड़ की लागत से बना पुल**

**पटना।** इस समय बिहार में जहरीली शराब मामले पर सियासत गरम हैं। इस बीच बेगूसराय से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां उद्घाटन से पहले 13 करोड़ की लागत से गंडक नदी पर बना पुल ढह गया। ढहने के बाद पुल का अगला हिस्सा नदी में जा गिरा। मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना के तहत 206 मीटर लंबा बनाया गया था, लेकिन पहुंच पथ नहीं होने के कारण पुल का उद्घाटन नहीं हो सका था।

कुछ दिनों पहले ही पुल के अगले हिस्से में दरार देखी गई थी। फिर 15 दिसंबर को पुल में आई दरार को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखा गया था और आज (रविवार) सुबह पुल का अगला हिस्सा टूट कर गिर गया। दरअसल, बेगूसराय में उद्घाटन से पहले ही गंडक नदी पर बने पुल का बीच का हिस्सा टूट कर नदी में गिर गया है। पुल का पाया नंबर दो और तीन के बीच का हिस्सा टूटा है। साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के आहोक गंडक घाट किनारे से आकृति टोला चौकी और बिशनपुर के बीच 206 मीटर के पुल का निर्माण हुआ था। निर्माण कार्य साल 2016 में शुरू हुआ था और साल 2017 में पूरा हो गया था। इसकी निर्माण लागत 13 करोड़ रुपये थी।

### 23 दिसंबर को समाप्त हो सकता है शीतकालीन सत्र

**नईदिल्ली।** बहु-राज्य सहकारी समिति कानून में संशोधन संबंधी विधेयक पारित कराने के लिए अगले सप्ताह संसद के निचले सदन लोकसभा में पेश करेगी। उम्मीद है इस पर चर्चा के दौरान लोकसभा में भारी हंगामा होने के आसार हैं। संसदीय सूत्रों ने संकेत दिया है कि शीतकालीन सत्र निर्धारित समय से पहले 23 दिसंबर को समाप्त हो सकता है। बहरहाल विपक्षी दल तवांग मुद्दे पर चर्चा के लिए फिर से जोर दे सकते हैं। वे इस मामले पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय और चीनी सैनिकों की तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसंबर को झड़प हुई थी जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हुए थे। संसद का सत्र आधिकारिक रूप से 29 दिसंबर को समाप्त होना है।

## आफताब से भी शातिर निकला दिलदार

### लोहा काटने वाली मशीन से पत्नी के किए 50 टुकड़े

**नृशंस हत्या**

**पुलिस ने बताई रुबिका की हत्या की वजह**

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज जिले में पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को दिलदार अंसारी नाम के शख्स को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़िता की पहचान रुबिका पहाड़ी नाम की 22 वर्षीय आदिवासी महिला के रूप में हुई है। मामला तब सामने आया जब साहिबगंज के बोरियो संथाली इलाके में आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे पीड़िता के शरीर के 12 टुकड़े मिले। शनिवार शाम इस घटना की भनक तब लगी जब किसी शख्स ने आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे एक महिला के पैर और सीने के कटे टुकड़े को कुत्ते को नोच-नोचकर खाते देखा। पुलिस ने आरोपी पति दिलदार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। अब इस वारदात के सामने आने के बाद पुलिस का बयान भी सामने आया है।



पुलिस ने बताया कि आखिर दिलदार ने इस घटना को क्यो अंजाम दिया? संथाल के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने कहा कि रुबिका पहाड़ी दिलदार अंसारी की दूसरी पत्नी थी, उनकी पहले से ही एक पत्नी थी। यही उनके निजी विवाद का कारण था। इसके चलते उन्होंने उसकी हत्या कर दी और उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए। जांच में उसके पति के शामिल होने की बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार महिला का क्षत-विक्षत शव शनिवार की शाम छह बजे बोरियो थाना क्षेत्र के संथाली मोमिन टोला स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे 12 टुकड़ों में बरामद किया गया। बताया गया है कि शरीर के कटे अंग को कुत्ते घसीट रहे थे, तब जाकर मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। फिर पुलिस की टीम भारी संख्या में दल बल के साथ पहुंची। इस दौरान डॉग स्क्वायड भी साथ में था।

## विकास में रोड़ा बनने वालों को रेड कार्ड दिखाया: पीएम मोदी

### तवांग झड़प के बाद पहली बार नॉर्थ-ईस्ट पहुंचे प्रधानमंत्री

**स्वर्ण जयंती समारोह**

**शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह से फीफा वर्ल्ड कप का जिक्र कर विपक्ष पर किया तंज**

**कहा-हमने भ्रष्टाचार-भाई-भतीजावाद को खत्म करने का काम किया**

**करोड़ों की कई परियोजनाओं का शिलान्यास कर 4 सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी**

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह मेघालय के शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल और जी किशन रेड्डी पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। पीएम मोदी कतर में फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का जिक्र करते हुए कहा कि आज एक संयोग ऐसा बना है कि जब फुटबॉल विश्व कप का फाइनल खेला जाना है मैं फुटबॉल मैदान में ही आपसे संवाद कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब फुटबॉल का बुखार हम सभी को जकड़ रहा है तो मैं फुटबॉल की शब्दावली में ही आपसे बात क्यों न करूं? फुटबॉल के खेल में जब कोई खिलाड़ी खेल भावना के खिलाफ जाता है तो उसे रेड कार्ड दिखाया जाता है और मैदान से बाहर भेज दिया जाता है।

इसी तरह पिछले 8 वर्षों में हमने पूर्वोत्तर के विकास में कई बाधाओं को रेड कार्ड दिखाया है। भ्रष्टाचार भाई भतीजावाद को खत्म करने का काम किया है। हमारे लिए विकास सिर्फ शिलान्यास तक सीमित नहीं रहता जैसे पहले सिर्फ फीते कटते थे और फोटो खींचती थी। काम नहीं होता था हम शिलान्यास भी करते हैं और लोकार्पण भी करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में प्रदान की गई बेहतर हवाई सेवा कृषि उपज के निर्यात में मदद कर रही जिससे किसानों को फायदा हो रहा। उन्होंने कहा कि पहले पूर्वोत्तर को बांटने की कोशिश की जा रही थी लेकिन अब हम इस तरह के प्रयासों को रोक रहे हैं।

नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल की गोल्डन जुबली समारोह में पीएम मोदी के सामने परिषद की 50 वर्षों की यात्रा पर एक लघु फिल्म की स्क्रीनिंग की गई। इस मौके पर पीएम मोदी ने बीते 50 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में एनईसी के योगदान को उल्लेखित करने वाला स्मारक ग्रंथ गोल्डन फुटप्रिंट्स जारी किया। राज्य में 2450 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने यहां 4 सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी जो मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरेंगी।

मेघालय में टेलीकॉम कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए राज्य को 4जी टावर समर्पित किए जिनमें से 320 से अधिक का काम पूरा हो गया है और करीब 890 निर्माणाधीन है। पीएम मोदी ने उमसावली में भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलांग परिसर का उद्घाटन किया। शिलांग के मशरूम विकास केंद्र में एक स्पॉन प्रयोगशाला और एक एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा मिजोरम मणिपुर त्रिपुरा और असम में 21 हिंदी पुस्तकालयों का भी उद्घाटन उन्होंने शिलांग से ही किया। शिलांग टेक्नोलॉजी पार्क के फेज 2 की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने इस दौरान फीफा विश्व कप का जिक्र करते हुए कहा कि आज इस खेल में कई विदेशी टीमें खेलती दिख रही है। हमारे देश के युवा भी इस खेल में आगे बढ़ते हुए इस खेल में तिरंगा लहराएंगे।



### पूर्वोत्तर में विवादों के बॉर्डर नहीं, विकास का कॉरिडोर बना रहे : मोदी

**अगरतला।** प्रधानमंत्री ने रविवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में 4,350 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने मेघालय में कहा कि आज डंके की चोट पर बॉर्डर पर निर्माण हो रहा है। रविवार को अगरतला पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन घरों को 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया था और इसमें 2 लाख से अधिक लाभार्थी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने अगरतला बाईपास (खैरपुर-अमतली) एनएच-08 के चौड़ीकरण के लिए परियोजना का उद्घाटन किया, जो अगरतला शहर में यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करेगा। पीएम मोदी ने पीएमजीएसवाई थर्ड के तहत 230 किमी से अधिक लंबाई की 32 सड़कों और 540 किमी से अधिक की दूरी वाली 112 सड़कों के सुधार के लिए आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने आनंदनगर में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और अगरतला गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज का भी उद्घाटन किया।

## अंकिता हत्याकांड की दाखिल होगी चार्जशीट

**जांच पूरी**

**वीवीआईपी पर कसेगा शिकंजा!**

**देहरादून।** उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मर्डर केस की जांच पूरी हो चुकी है। एसआईटी सोमवार को कोटद्वार की लोकल कोर्ट में 500 पेज की चार्जशीट दाखिल करेगी। जांच में यह बात सामने आई है कि अंकिता पर वीआईपी गेस्ट को स्पेशल सर्विस देने का दबाव था। एडीजीपी वी मुरुगेशन के मुताबिक चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान हैं। साथ ही सबूतों के तौर पर 30 डॉक्यूमेंट्री क्लिप भी हैं।

ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में 19 साल की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी को आरोपियों ने 18 सितंबर को चिल्ला नहर में धकेल दिया था। उसकी लाश 24 सितंबर को मिली थी। रिपोर्टिंग के दौरान अंकिता की कुछ चैट मिली थीं। इनमें अंकिता ने अपने दोस्त पुष्पदीप को बताया था कि उस पर रिसॉर्ट में आने वाले श्रद्ध गेस्ट को स्पा सर्विस देने का दबाव बनाया जा रहा था। उसके साथ जबरदस्ती की गई थी और प्रॉस्टिट्यूट बनने के लिए 10 हजार रुपए का लालच दिया गया था। एसआईटी के एक अधिकारीके मुताबिक, जांच के दौरान, हमें पता चला कि अंकिता रिसॉर्ट की एक पूर्व कर्मचारी के संपर्क में थी। उसने रिसॉर्ट में चल रही अवैध गतिविधियों के बारे में भी बताया। उसने कहा था यह काम करने के लिए अच्छी जगह नहीं है। अधिकारी ने कहा कि सभी आरोपियों का नार्को टेस्ट भी होगा। कोर्ट में अपील की गई है।

### आज दिल्ली कूच करेगा भारतीय किसान संघ

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान संघ की ओर से सोमवार को रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में 50 से 55 हजार किसान व अन्य लोगों के आने की संभावना है। किसान करीब 700 से 800 बस व 4000 प्राइवेट वाहनों में आएंगे। इस कारण रामलीला मैदान व आसपास के इलाकों में सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक ट्रैफिक बड़े पैमाने पर प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली वालों को रामलीला मैदान की तरफ आने से बचने की सलाह दी है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सेंट्रल रेंज के उपायुक्त चंद्र कुमार के अनुसार गर्जना रैली के चलते महाराजा रणजीत सिंह मार्ग, मिंटो रोड गोलचक्कर, अजमेरी गेट, चमनलाल मार्ग, दिल्ली गेट, जेएलएन मार्ग, कमला मार्केट गोलचक्कर हमदर्द चौक तक, भावभूति मार्ग और पहाड़गंज चौक आदि पाइंट से ट्रैफिक परिवर्तित किया जाएगा।

## भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ आईएनएस 'मोमूर्गाओ'

### हिंद महासागर में पहुंच के साथ देश की समुद्री सीमाओं की बढ़ेगी सुरक्षा

**दुश्मनों की शामत**

**ये युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस**

**मुंबई।** चीन से तनाव के बीच स्वदेश निर्मित मिसाइल विध्वंसक मोमूर्गाओ को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार इस मौके पर मौजूद रहे। युद्धपोत के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत में काफी इजाफा हुआ है। इसे मुंबई में स्थित नेवी के डॉकयार्ड में तैनात किया गया है।

इस विध्वंसक युद्धपोत से भारतीय नौसेना की हिंद महासागर में पहुंच बढ़ेगी और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा काफी मजबूत होगी। आईएनएस मोरमुगाओ का नाम गोवा के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर के नाम पर रखा गया है। इस युद्धपोत ने 19 दिसंबर 2021 को पहली बार समंदर में कदम रखा था। रक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, इस विध्वंसक युद्धपोत को भारतीय नौसेना के 'वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो' ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण मुंबई की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।

भारतीय नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है। नौसेना ने बताया, इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर और वजन 7,400 टन है। इस युद्धपोत में चार शक्तिशाली गैस टर्बाइन लगी हैं जिनकी मदद से यह जंगी जहाज 30 समुद्री मील से अधिक की रफ्तार से चल सकता है। यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर और टोरपीडो जैसे हथियारों से लैस है। इसकी वजह से दुश्मन देश के जहाज पर हमेशा भारी पड़ेगा। इस युद्धपोत में लगीं मिसाइलें आसमान में उड़ते विमान पर 70 किलोमीटर और जमीन या समुद्र पर मौजूद लक्ष्य पर 300 किलोमीटर दूर से निशाना लगाने में सक्षम हैं। आधुनिक रडार की मदद से इस युद्धपोत पर बेहद खराब मौसम के दौरान भी नौसेना के हेलीकॉप्टर लैंड कर सकेंगे।



आईएनएस मोरमुगाओ 127 मिलीमीटर गन से लैस है। इसमें एके-630 एंटी मिसाइल गन सिस्टम भी है। यह स्वदेशी युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय भी बचाव करने में सक्षम है। इसकी सबसे खास बात ये है कि इसकी बाहरी परत को स्पेशल स्टील से बनाया गया है, ताकि दुश्मन राडार पर इसे लोकेट न कर पाए। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत डिजाइन करने और उसे विकसित करने में भारत की उत्कृष्टता का प्रमाण है।

# प्रभुनारायण पाण्डेय अध्यक्ष शशिकांत महामंत्री निर्वाचित

**सीबीए चुनाव**

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिजेश ने बाजी मारी

जनसंदेश न्यूज



जीत के बाद प्रफुल्लित अधिवक्ता

**वाराणसी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रभुनारायण पांडेय ने बाजी मारी। वहीं महामंत्री शशिकांत दुबे ने जीत दर्ज की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिजेश सिंह बाजी मारी। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राधेलाल श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

प्रभुनारायण पांडेय को 1931 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी मुरलीधर सिंह को 1698 वोट मिला। महामंत्री के लिए शशिकांत दुबे को 1533 वोट मिले जबकि राजेश कुमार गुप्ता 849 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिजेश कुमार सिंह 919 वोट पाकर विजेता बने जबकि दूसरे नंबर पर शाहनवाज खान 789 वोट पाये।

सेंट्रल बार के चुनाव में शनिवार को मतदान हुआ था और 71 फीसदी वोट पड़े थे। 6255 मतदाताओं में 4438 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। रविवार के सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर शुरू से ही प्रभु नारायण पाण्डेय अपनी बढ़त बनाए हुए थे और महामंत्री पद पर भी शशिकांत दुबे थे। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अंजनी श्रीवास्तव 16 मतों से निर्वाचित हुए हैं। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद रतनदीप सिंह रतन और संयुक्त मंत्री प्रकाशन व पुस्तकालय महेश कुमार तिवारी ने जीत दर्ज की। इस पद पर महिला सुनंदा सहाय को महज 26 मत से पीछे रह गयी।

कोषाध्यक्ष के पद पर लाल बहादुर लाल और आय व्यय निरीक्षक पद मनोज कुमार शुक्ला निर्वाचित हुए। सेंट्रल बार के वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष के अलावा एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राधेलाल श्रीवास्तव, समिति के सदस्यों में राधेमोहन त्रिपाठी, केशर राय, जेपी सिंह, महफूज आलम और अजय श्रीवास्तव, सन्तोष कुमार सिंह, सेंट्रल बार के अध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री अश्वनी राय ,बनारस बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, अशोकराय, आदि सहायक चुनाव अधिकारियों के सहयोग से मतगणना का काम पूरा हुआ।

# बंदियों को तनाव प्रबंधन और योग की जानकारी



**वाराणसी।** जिला कारागार वाराणसी में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक दिवसीय तनाव प्रबंधन और योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक ए.के.सक्सेना ने किया। कहा कि जीवन में कठिनाइयों और विषम परिस्थितियां आती रहती हैं, व्यक्ति को ऐसे समय में धैर्य व सहनशीलता धारण कर भविष्य के अच्छे जीवन के बारे में विचार करने से तनाव में कमी आती है। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि उच्च स्तर के तनाव के कारण अनेक शारीरिक विकार उत्पन्न हो जाते हैं। कैदी नियमित दिनचर्या व धनात्मक सोच से अपने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। डॉ. तिवारी, मनीष कुमार पांडेय ने कैदियों को विभिन्न योग का अभ्यास कराया तथा उन्हें योगाभ्यास का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले धनात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान यहां कैदियों ने गायन की प्रस्तुति देकर सभी को मोह लिया। शिविर की समाप्ति देश भक्ति के नारों के साथ किया गया। शिविर का संचालन अरविंद कुमार सिन्हा प्रभारी कारापाल और कारागार प्रशासन के सुरक्षाकर्मियों के देखरेख में संपन्न हुआ।

# गंगा के स्मरण से समस्त पाप कट जाते हैं : अविमुक्तेश्वरानंद

**गंगा की पूजा**

### शंकराचार्य ने की गंगा आरती



गंगा की पूजा-आराधना करते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने रविवार को केदारघाट पर भगवती गंगा की षोडशोपचार पूजन,आरती कर भगवती गंगा को छप्पन भोग समर्पित किया। वरिष्ठ वैदिक विद्वान आचार्य धनंजय दातार, पं दीपेश दुबे ,अभिषेक दुबे ,किरण कुमार शास्त्री आदि विद्वानों ने वैदिक मंत्रों से भगवती गंगा का षोडशोपचार पूजा सम्पन्न कराया। इस दौरान भगवती गंगा को धूप,दीप,नैवेद्य व वस्त्र इत्यादि समर्पित कर शंकराचार्य ने भगवती गंगा की आरती की। तत्तपश्चात भगवती गंगा के तट पर ही छप्पन माताओं द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलित कर बनाये गए छप्पन भोग को शंकराचार्य महाराज ने भगवती गंगा को अर्पित किया। आशीर्वचन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज ने कहा कि जब व्यक्ति मन मे भगवती गंगा का स्मरण करता है तो पाप उससे दूर हट जाते हैं। व्यक्ति के गंगा जी की ओर कदम बढ़ाते ही पाप उससे कोसों दूर भाग जाते हैं। जब व्यक्ति भगवती गंगा का जल अपने ऊपर छिड़कता है या गंगा में डुबकी लगाता है तो उसकी 101 पीढ़ियां तर जाती हैं। हम सबका सौभाग्य है कि भगवती गंगा का सानिध्य व कृपा प्राप्त हो रहा है। भगवती गंगा ने ब्रम्हा से कहा था कि जिस दिन धरती पर लोगों की आस्था हमसे समाप्त हो जायेगी उसी दिन हम स्वर्ग गमन कर जायेंगे। सैकड़ों दिवस पश्चात उस प्रज्ज्वलित दीप को लाकर पूज्य शंकराचार्य जी महाराज को समर्पित किया। सजंय पाण्डेय ने बताया कि कल दोपहर 3 बजे शंकराचार्य महाराज श्रीविद्यामठ में बसंत पूजन करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रम्हचारी मुकुंदानंद,साध्वी पूणाम्बा,साध्वी शारदम्बा ,शैलेन्द्र योगी, अजय शर्मा ,सावित्री पाण्डेय आदि लोग प्रमुख रूप से सम्मलित थे।

# मासूम के साथ रेप का प्रयास

**कुचेष्टा**

### टॉफी देने के बहाने बुलाया था

### मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में दबोचा

जनसंदेश न्यूज



घटनास्थल पर पुलिस ने की पड़ताल

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नशेड़ी ऑटो चालक ने तीन साल की बच्ची से रेप का प्रयास किया। हालांकि शोर मचाने पर ऑटो चालक भाग निकला। इस कृत्स की सूचना पर मौके पर स्वंय डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं कुछ ही देर बाद आरोपी ऑटो चालक को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गयी है। वहीं मासूम को मेडिकल के लिए भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार, दौलतपुर क्षेत्र में एक परिवार रहता है और उक्त परिवार के पड़ोस में ऑटो चालक नीरज विश्वकर्मा रहता है। रविवार को उसे बच्ची को टॉफी का लालच देकर बुलाया और दुष्कर्म का प्रयास किया। आसपास के लोगों की माने तो नीरज विश्वकर्मा नशेड़ी है और उसकी आदते गंदी है।

टॉफी की लालच में बच्ची उसके पास चली आयी। बच्ची के साथ वह गलत हरकत करने लगा। बच्ची शोर मचाने लगी तो वह भाग निकला। बच्ची ने मां से आरोपी नीरज की हरकतों की जानकारी दी। बच्ची के पिता ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया।

दूसरी तरफ घटना की गंभीरता को देखते हुए थोड़ी ही देर में लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी, एसीपी कैंट और एडीसीपी वरुणा जोन के साथ डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह भी मौके पर पहुंची। बच्ची के मां-बाप से पुलिस अफसरों ने घटना की जानकारी ली और आरोपी नीरज की खोजबीन शुरू कराई। पता लगा कि वह घर छोड़ कर भागा हुआ है।

पुलिस नीरज के मां-बाप और बहन से उसके बारे में पूछताछ की। कुछ घंटे के प्रयास के बाद उसे इलाके से ही पकड़ लिया गया।

# वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक दवा कारोबारी अमित गुप्ता की मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त सचिन शाह गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद वाहन चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला साथ की मृतक के परिजनों की तहरीर पर रपट दर्ज की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। घटना शनिवार की देर रात की है। जानकारी के अनुसार इंग्लिशिया लाइन निवासी अमित शनिवार की आधी रात बाद अपने साथी सचिन के साथ नक्खीघाट जा रहा था। चौकाघाट पानी टंकी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक डिवाइडर से टकरायी और अमित के सिर में गंभीर चोट आयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं बाइक पर बैठा सचिन को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में पुलिस की मदद से भिजवाया गया।

# ट्रक से टकरायी यात्री बस, तेरह लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

### महाराष्ट्र के श्रद्धालु थे यात्री बस में सवार, चालक को आयी थी झपकी

**वाराणसी।** महाराष्ट्र के श्रद्धालु से भरी बस हाइवे पर ट्रक से टकरा गयी। हादसे की वजह चालक की झपकी बनी। बस सवार 13 श्रद्धालु घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। घटना शनिवार की रात दो बजे की है। पुलिस ने बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के अहमदनगर से 45 श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए काशी आए थे। काशी में दर्शन-पूजन के बाद सभी गया रवाना हुए। शनिवार की देर रात गया से सभी श्रद्धालुओं को लेकर टूरिस्ट बस वापस काशी आ रही थी। हाईवे पर लौटूबीर पुलिया के समीप तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई।हादसे में बस सवार आठ महिलाएं और 4 पुरुष और भदोही के अमलोरी गांव का रहने वाला बस कंडक्टर दीनानाथ घायल हुआ है। हादसे की सूचना पाकर लंका थाने की रमना पुलिस चौकी के इंचार्ज अमित राय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आनन-फानन एंबुलेंस मंगवा कर घायलों को उपचार के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया।

### हार्ट अटैक से वृद्ध की मौत

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के खिल्लूपुर गांव निवासी रामदुलार पटेल की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। रामदुलार सुबह खेत पर टहलने गये थे। परिवार वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची जंसा पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का कहना था कि हार्ट अटैक से मौत हुई।

# पुलिस की सबसे मजबूत कड़ी हैं चौकीदारः एसीपी

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** शासन व डीजीपी के निर्देश पर रविवार को पिंडरा सर्किल के तीनों थानों पर एसीपी ने चौकीदारों संग बैठक की। उन्हें जिम्मेदारियों का एहसास दिलाते हुए संदिग्ध लोगों के ऊपर नजर रखने व सूचना देने के निर्देश दिया। एसीपी पिंडरा अमित पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को अपराह्न में फूलपुर , सिंधोरा व बड़ागांव थाना परिसर में आयोजित बैठक में ग्राम चौकीदारों के साथ अपराध की रोकथाम और उन्हें उनके जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया तथा स्थानीय पुलिस को सहयोग प्रदान करने के लिए कटिबद्ध किया गया। एसीपी ने उन्हें पुलिस की सबसे मजबूत और निचली इकाई बताते हुए आह्वान किया कि गांवों में किसी भी बाहरी व्यक्ति के आवागमन व संदिग्ध लोग दिखे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इस दौरान समस्त थाना प्रभारी व सब इंस्पेक्टर उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरी वृद्धा को ट्रक ने कुचला

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बरही कला के पास बाबतपुर- जमालापुर मार्ग पर रविवार को शाम सात बजे बाइक से रिश्तेदारी से घर लौट रही वृद्धा की ट्रक से कुचलने से मौत हो गयी। बाइक फिसलकर गिर गयी और पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। फूलपुर के छेड़ापुर हरिजन बस्ती निवासिनी धनेसरा देवी (60) अपने बेटे पवन के साथ नेवढ़िया स्थित ननद के यहां गयी थी। यहां से घर लौटते वक्त दो किमी पहले ही बाबतपुर जमालापुर मार्ग पर बाइक फिसल गयी। पीछे बैठी धनेसरा नीचे गिरी और उसी वक्त पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। घटना में पवन को हल्की चोटे आई। के ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ लिया। सूचना पर एसीपी अमित पांडेय व इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आरोपी चालक और ट्रक को कब्जे में लिया। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन में दो फाड़

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन में दो फाड़ हो गया है। संगठन का दीक्षित गुट अब विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति में शामिल हो गया है। संघर्ष समिति की बैठक में दीक्षित गुट के अध्यक्ष छोटेलाल दीक्षित और महामंत्री सरयू त्रिवेदी का संघर्ष समिति के घटक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। बता दें कि पिछले दिनों विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन में हुए मतभेदों के चलते संगठन में दो फाड़ हो गया था। एक ग्रुप के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी बब्बू के नेतृत्व में संघर्ष समिति से अलग हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बीते दिनों हुई बैठक में संयोजक शैलेंद्र दुबे ने हाल ही में कार्य बहिष्कार को लेकर उच्च न्यायालय में विचाराधीन याचिका के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। बैठक में निर्णय किया गया कि संघर्ष समिति में शामिल सभी घटक संगठनों के अध्यक्ष व महामंत्री 19 दिसम्बर को सामूहिक रूप से ऊर्जा मंत्री से मिलकर समझौते के शीघ्र पालन कराने का आग्रह करेंगे।

### 26 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**वाराणसी।** राजातालाब पुलिस सब्जी मण्डी राजातालाब तिराहा के पास से अभियुक्त दीनानाथ जायसवाल निवासी गौर थाना मिर्जामुराद को 26 शीशी देशी शराब के साथ दबोचा। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

# व्यापारियों को खाद्य पैकेजिंग व मार्केटिंग के सिखाये गुर

**बैठक**

### वाराणसी व्यापार मंडल के बैनर तले कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में भाग लेते व्यापारी

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल के बैनर तले रविवार को आयोजित कार्यशाला में खाद्य व्यापारियों को वैश्विक परिवेश के अनुसार खाद्य का निर्माण करने, पैकेजिंग करने और मार्केटिंग करने के गुर सीखाये गये।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा की अध्यक्षता में सेंटर फॉर फूड एंड वॉटर टेक्नोलॉजी फूड डिपार्टमेंट के सहयोग से विशाल सेमिनार का आयोजन किया गया। काशी क्षेत्र में खाद्य प्रोडक्ट कैसे आगे बढ़े और जो लोग उत्पादन कर रहे हैं उनका माल विदेशों तक कैसे जाएं और नए लोग कैसे नए तरीके का प्रोडक्ट बनाकर उसको बेचे और मोटे अनाजों का भी प्रोडक्ट बने इस उद्देश्य से सेमिनार को रखा गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह डीओ भदोही डीओ चंदन पांडेय भदोही फूड सेफ्टी ऑफिसर विनोद रहे। जिसमें विभागीय एक्सपोर्ट्स फूड सेफ्टी ऑफिसर संतोष वर्मा, वाराणसी मंडल फूड एनालिस्ट श्यामवीर सिंह फूड एनालिस्ट श्रीमती ज्योत्सना बाजपेई, फूड सेफ्टी ऑफिसर विनोद वर्मा,डॉ अभिषेक गुप्ता बीएचयू फूड सेफ्टी ऑफिसर मानवेंद्र जी द्वारा खाद्य वस्तुओं जैसे नमकीन बेकरी मिठाई एवं अन्य खाद्य उत्पाद की गुणवत्ता को उन्नत बनाने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मानक के अनुसार समान बनाने के लिए व्यापारियों को प्रशिक्षित किया।

# कैबिनेट मंत्री की नहीं सुन रहा विभाग

**यह है हाल**

### मुड़ली की जर्जर पुलिया दुरुस्त कराने को अनिल राजभर ने सिंचाई विभाग को लिखा था पत्र

जनसंदेश न्यूज



लेढ़ूपुर से धौरहरा जाने वाले मार्ग पर स्थित इस पुलिया में कई जगह गड्ढे हो चुके हैं

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक में पियरी ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम मुड़ली के निकट लेढ़ूपुर से धौरहरा जाने वाले मार्ग पर शारदा सहायक नहर पर बनी पुलिया कई महीनों से जर्जर हाल में है। इस पर कई जगह गड्ढे बन गये हैं। फलस्वरूप पुलिया से गुजरने वाले राहगीर आए दिन चोटिल हो रहे हैं। जिम्मेदार विभाग का हाल इसी से समझें कि बीते अगस्त माह में सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने ग्रामीणों से शिकायत मिलने के बाद प्रमुख सचिव सिंचाई को पुलिया दुरुस्त कराने के लिए पत्र लिखा लेकिन साढ़े चार माह से अधिक समय बीतने के बावजूद मौके पर स्थिति यथावत है।

इस पुलिया से छीतमपुर, गौरडीह, पर्वतपुर, बीकापुर, तरयां, बरबसपुर और संदहां सहित लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों का लगातार आवागमन होता है।

पियरी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह 'मंटू' के मुताबिक इस पुलिया के निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी जा चुकी है। लेकिन अबतक कोई पहल नहीं हुई। दूसरी ओर, क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पुलिया की मरम्मत कराने के लिए बीते एक अगस्त को प्रमुख सचिव सिंचाई को पत्र भी लिखा था। इधर, पूछे जाने पर शारदा सहायक माइनर के अवर अभियंता अनवर ने बताया है कि पुलिया निर्माण के लिए कार्य योजना स्वीकृत हो गई है। निर्माण कार्य जल्द शुरु होना है। दूसरी ओर, इस पुलिया पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

## संक्षेप

### जीआरपी ने मोबाइल चोर को पकड़ा



**वाराणसी।** जीआरपी कैंट ने रविवार को जांच के दौरान एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी टीम में शामिल गजबये आलम, संतोष कुमार त्रिपाठी, मुकेश यादव द्वारा सकुर्लेटिंग एरिया में जांच के दौरान सूचना मिलने पर आरपीएफ के एएसआई धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व फुलचन्द के सहयोग से चोरी का मोबाईल बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया, उसकी पहचान योगेश मिश्रा (32)पुत्र स्व. रामेश्वर मिश्रा निवासी सोनबरसा के रुप में की गयी। बताया कि कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

### दुकान लगाने पर आपस में भिड़े पुजारी

**वाराणसी।** दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर के दक्षिणी निकासी द्वार के बाहर अस्थाई दुकान लगाने को पुजारी आपस में भीड़ गए। शनिवार देर रात लकड़ी के बने रैक पर रखा धार्मिक ग्रन्थ पुस्तकों और पूजन सामग्री को फेंक दिया और मारपीट तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने मामला शांत कराया। पुजारी संतोष ने पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दिया है। इंस्पेक्टर भेलुपुर रमाकांत दुबे ने बताया कि मंदिर के बाहर दुकान लगाने वाले संतोष मिश्रा का मंदिर में हिस्सेदारी है। दुकान लगाने का अन्य पुजारी विरोध कर रहे थे। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पिता की डांट से बेटे ने की खुदकुशी

**वाराणसी।** लालपुर- पाण्डेयपुर थाना अंतर्गत नईबस्ती सारंग तालाब निवासी और चांदुआ सट्टी में आढ़ती पारस सोनकर का बेटा सोनू ने फांसी लगाकर जान दे दी। सोनू को पिता की डांट और फटकार नागवार लगी थी। ऐसे में रविवार की तड़के उसने पंखे के सहारे खुदखुशी कर ली। जानकारी के अनुसार शनिवार को पिता पारस ने सोनू को किसी बात पर डाटा और पिटाई की थी। ये बात उसे नागवार लगी रविवार की तड़के घर में पंखे से रस्सी के सहारे अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सुबह जब पिता चांदुआ सट्टी अपने सब्जी के आढ़त पर चले गये तो बेटा सोनू खुदकुशी कर लिया। परिवार के लोग पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए अविवाहित पुत्र का दाह संस्कार मनिकर्णिका घाट पर सुबह ही कर दिया। दो पुत्रों में सोनू बड़ा था।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर

**रामनगर।** रामनगर पुलिस ने दो बाइक चोर को दबोचा। मुखबिर की सूचना पर दोनों को दुर्गा मंदिर पोखरा के पास से पकड़ा गया। अभियुक्तों की पहचान सूरज रावत वाजिदपुर थाना रामनगर और छोटू खान उर्फ रियाजुद्दीन खान जमीदारी टोला पुराना रामनगर थाना रामनगर के तौर पर हुई। दोनों की निशादेही पर पुलिस ने चोरी के दो बाइक बरामद किया। आगे की कार्रवाई में अभियुक्तों को जेल भेजा गया। मुन्ना लाल सोनकर ने 17 दिसंबर को रामनगर थाने में तहरीर दी थी कि 15 दिसंबर को वह रामनगर शमशान घाट पर शव यात्रा में आये थे। यहां अपनी बाइक पार्क कर गंगा किराने चले गये। कुछ देर बाद लौटा तो देखा कि बाइक गायब थी। इस मामले में उसने रामनगर थाने में रपट दर्ज करायी थी। इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बाइक चोर दुर्गा मंदिर के पास मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा।

### विश्वसुंदरी पुल से महिला गंगा में कूदी, मौत

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के मलहिया विश्वसुंदरी पुल के ऊपर से रविवार देर शाम गंगा में छलांग लगा दी। महिला को गंगा में कूदते देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। गंगा नदी में मछली पकड़ने वालों ने महिला को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया महिला की उम्र 40 साल के करीब हैं। महिला स्कूटी खड़ी कर गंगा में कुदी। स्कूटी के नंबर से महिला पता चला है। उसकी पहचान लहुराबीर निवासी हिना लखेजा पत्नी दिनेश लखेजा के तौर पर हुई। पुलिस परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र निवासी कक्षा दस की छात्रा को बहलाकर भगाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। छात्रा 17 अक्टूबर को घर से पढ़ाई के लिए निकली थी। 18 अक्टूबर को मिर्जामुराद थाने में परिजनों ने तहरीर दी थी। छात्रा के भगाने का आरोप युवक पर लगाया था। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह पुलिस टीम कैंट स्टेशन टैक्सी स्टैंड के पास से पकड़ा गया। अभियुक्त की पहचान रवि सरोज निवासी शिवरामपुर मिर्जामुराद के तौर पर हुई। वहीं किशोरी को परिजनों के हवाले किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजीव सिंह, एसआई हरिकेश यादव, कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल विभा रही।

### एसीपी ने चौबेपुर थाने का किया निरीक्षण

**चौबेपुर।** एसीपी सारनाथ अमित कुमार श्रीवास्तव रविवार की शाम चौबेपुर थाने का निरीक्षण किया। थाना परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह से अपराध और कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। अपराध रजिस्टर और अभिलेखों के साथ असलहा कारतूस के रखरखाव को देखा। थाना परिसर में बैरक आवास के साथ आदि का निरीक्षण किया। प्रभारी को अराजक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। स्टाफ अरुण कुमार सिंह और योगेंद्र पांडेय से हालचाल किया।

### मारपीट में दो घायल, आधा दर्जन पर मुकदमा

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के पुआरी खुर्द और अनेई गांव में शनिवार को हुई मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक घायल हो गये। एक का हालत गंभीर बनी हुई है। घायल पक्षों ने दुसरे पक्ष के आधा दर्जन से ज्यादा नामजद सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मारपीट की पहली घटना पुआरी खुर्द गांव में घटित हुई जिसमें जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के सोनू कुमार और श्यामलाल सहित चार अज्ञात लोगों ने दुसरे पक्ष के मुन्ना लाल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चोलापुर ले गयी जहां चिकित्सकों ने उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिये रेफर कर दिया। घायल की पत्नी नवरंगी देवी ने हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मारपीट की दुसरी घटना अनेई गांव में घटित हुई जिसमें बच्चों के विवाद को लेकर एक पक्ष के चार लोगों ने मिलकर साबिर अली नामक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया।

### जमीन विवाद में मारपीट, महिला समेत चार घायल

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के भीषमपुर गांव में जमीन विवाद में रविवार के सुबह एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। जिसमें एक महिला समेत चार लोगों को चोट आयी। दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। जानकारी के अनुसार गांव के आशु सिंह और मुकेश सिंह के बीच काफी समय से जमीनी, विवाद चला आ रहा है, जिसके तहत यह मारपीट की घटना हुई। घायलों में मुकेश सिंह एवं द्रौपदी सिंह को जिला अस्पताल रेफर किया गया जबकि मनीष सिंह और आशु सिंह का इलाज सेवापुरी के सरकारी अस्पताल में हो रहा है।

**सूचना**

[illegible]

कार्यक्रम स्थल – [illegible]

[illegible] – 19.02.2023, प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक।

[illegible] – 19.02.2023, प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक।

[illegible] – 19.02.2023, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक।

[illegible] – 19.02.2023, [illegible] 12 बजे से 02 बजे तक यदि आवश्यक हुआ।

[illegible] – 19.02.2023, सायं 03 बजे से 04 बजे तक यदि आवश्यक हुआ।


[illegible] – 19.02.2023, सायं 04.30

(गिरधारी लाल शुक्ल) अध्यक्ष

(श्रीमती गायत्री देवी) प्रबंधक/सचिव



# वाराणसी मार्ग



# पीएम संसदीय ऑफिस के पत्र की भी अफसर कर रहे अनदेखी

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक में शिकायतों का ढेर

**जताई नाराजगी**

**केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के सुझावों का नहीं दिया जवाब**

**थर्ड पार्टी जांच कमेटियों में स्थानीय लोगों की भी हिस्सेदारी करें सुनिश्चित**

जनसंदेश न्यूज



सर्किट हाउस सभागार में रविवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित की गयी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में कुछ विभागों के अफसर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं दे रहे हैं। कई मामलों में निर्माण कार्यों के प्रस्तावों की जानकारी उन्हें उपलब्ध नहीं कराते हैं। कार्य आरंभ किये जाने की सूचना तक देने की आवश्यकता नहीं समझी जा रही है। समस्या समाधान के लिए जनप्रतिनिधि की ओर से भेजी जाने वाली सूचनाओं को महत्व नहीं दिया जा रहा है। महीनों पहले हुए टेंडर के बाद कार्य आरंभ न होने पर जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रीय जनता की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। हद का एक नमूना यह भी कि प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय समेत जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से मिर्जामुराद क्षेत्र में बीते तीन साल से ठप पड़े नलकूप को दुरुस्त कराने संबंधी पत्र को भी दरकिनार कर दिया गया। कुछ अफसर जिला पंचायत अध्यक्ष का न तो फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं और न ही अमरा क्षेत्र में जलभराव की शिकायत का समाधान कर रहे हैं। सर्किट हाउस सभागार में रविवार को हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक के दौरान स्वयं जनप्रतिनिधियों ने यह शिकायतें रखीं। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने शिलान्यास से जुड़े शिलापट्टों पर क्षेत्रीय विधायक या जनप्रतिनिधि का नाम व संबंधित कार्य का ब्योरा दर्ज कराने के निर्देश दिये। वहीं, किसी भी कार्य की थर्ड पार्टी के जरिये कार्यों की गुणवत्ता आदि की जांच टीम में संबंधित क्षेत्र के रिटायर इंजीनियर, प्रधानाचार्य या अन्य को भी शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने जल जीवन मिशन में घर-घर पाइप लाइन से पेयजल उपलब्ध कराने की योजना में गुणवत्ता की निगराने करने के निर्देश दिये। डॉ. पांडेय ने साफतौर पर कहा कि कई विभाग कार्यों की सूचना जनप्रतिनिधियों को नहीं दे रहे हैं। साथ ही चेताया कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई के लिए शासन से संस्तुति की जाएगी। उन्होंने दीनापुर में 18 साल से लंबित नयी पेयजल योजना, जो अब नगर निगम क्षेत्र में शामिल हो चुका है, को लेकर पूर्व में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुए समझौते के बावजूद अबतक पहल न होने पर रोष व्यक्त किया।

डॉ. पांडेय ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में पटरी और इंटरलॉकिंग की स्थिति की रिपोर्ट 15 दिन में डीएम के सामने पेश करने के निर्देश दिये। उन्होंने मिर्जामुराद क्षेत्र में तीन साल ठप ट्यूबवेल मामले में जिम्मेदारी तय कर प्रशासनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। एक मामले में उन्होंने कहा कि मेरी ओर से भेजे गए कई सुझावों का नगर निगम ने जवाब ही नहीं दिया। बैठक में राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक डॉ. अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव तथा सुनील पटेल, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय से शिवचरण पाठक, डीएम एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल, वीसी वीडीए अभिषेक गोयल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# विभागों की लापरवाही से हैं सड़कें खराब : सौरभ

जनसंदेश न्यूज

**बोले भाजपा विधायक**

**कहा : खराब स्ट्रीट लाइटों की सूचना भेजे जाने के बावजूद नहीं हो रहा समाधान**

**निर्माण कार्य की शिलापट्टों पर पीएम का नाम छोटा विधायक का नाम लिखा बड़ा**

**वाराणसी।** 'दिशा' की बैठक में मार्गों की स्थिति की समीक्षा के दौरान विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में शहरी इलाके की कोई भी सड़क अच्छी नहीं है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग और नगर निगम जिम्मेदार हैं। साथ ही गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, जल निगम आदि ने भी मार्गों की दुर्गति कर रखी है। दूसरी ओर, विभिन्न क्षेत्र में रोड पर सीवर के ढक्कन रोड के लेवल से या तो छह इंच नीचे हैं अथवा छह इंच ऊपर हैं।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नगर में स्ट्रीट लाइट्स दिनभर जलते रहते हैं। खराब स्ट्रीट लाइटों की सूचना भेजे जाने के बावजूद समाधान नहीं किया जा रहा है। इधर, अस्सी नदी कूड़े से पटा हुआ है। उधर, टोल प्लाजा पर तय मानकों को दरकिनार कर सभी वाहनों से टैक्स वसूला जा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने मिड डे मील संबंधी बिंदु पर कहा कि मैं सप्ताह में तीन दिन विद्यालयों में एमडीएम का भोजन करता हूं। स्कूलों में एमडीएम की गुणवत्ता खराब है।

इस पर उन्हें बताया गया कि जल्द ही अक्षय पात्र की ओर से इस बारे में पहल होगी। विधायक ने इस बात पर आपत्ति व्यक्त की कि विकास कार्यों के लिए लगने वाले शिलापट्टों पर प्रधानमंत्री का नाम छोटे अक्षरों में और विधायक का नाम बड़े अक्षरों में लिखा जा रहा है। इस पर मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भी शिलापट्टों पर पीएम के नाम को छोटे अक्षरों से लिखे जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम को जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

### मेंटेनेंस की जिम्मेदारी किसकी

बैठक में आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने ध्यान दिलाया कि शूलटंकेश्वर जैसे आस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्र में मार्ग खस्ताहाल है और घाट पर बत्ती गुल है। इस शिकायत पर डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने पूछा कि वहां इस कार्य के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी किसकी है। कई अफसरों से पूछा गया लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी।

### दुरुस्त मार्गों की दें लिस्ट, हम खोलेंगे पोल

सड़कों को गुड्ढा मुक्त करने संबंधी चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने संबंधित विभाग से जानकारी मांगी। महकमे के अधिकारी ने इसके लिए जारी बजट की जानकारी दी लेकिन यह नहीं बता सके कि जनपद में कहां-कहां कुल कितने गड्ढे चिह्नित हैं। अफसर ने जिले को गड्ढा मुक्त कर दिये जाने का दावा किया। इस पर विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि इस बारे में सूची उपलब्ध कराएं, हम उनकी पोल खोलेंगे। वहीं, डॉ. पांडेय ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि दुनिया के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में गड्ढे तक सही ढंग से नहीं पाटे जा रहे हैं। यदि कोई पर्यटक बनारस के गांवों को देखने के लिए चला जाय तो ग्रामीण इलाकों की बदहाल सड़कों को देखकर वह पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र के बारे में अत्यधिक खराब सोच लेकर लौटेगा। इससे हम सबकी छवि धूमिल होगी। सो, मात्र मानक के आधार पर गड्ढे पाटने के बजाय इस प्रकार पाटें कि वहां बार-बार गड्ढे न बन सकें।

### पशुपालन विभाग जारी करे टोल फ्री नंबर

मीटिंग में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने छुट्टा पशुओं की धर-पकड़ के लिए अपनी सांसद निधी ने कैटल कैचर के लिए 12 लाख रुपये जारी करने का आश्वासन दिया। साथ ही गोआश्रय स्थलों पर पशुओं के खान-पान आदि की समुचित व्यवस्था पर आमलोगों की निगरानी के उद्देश्य से पशुपालन विभाग को टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिये। इस मौकेपर अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

# विधायक ने रखी विकास कार्यों की आधारशिला

**शिलान्यास**

**सुंदरपुर व ककरमत्ता वार्ड में होगा सीवर व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य**



विकास कार्यों की आधारशिला रखते विधायक सौरभ

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव प्रतिदिन किये जा रहे शिलान्यासों के क्रम में रविवार को सुंदरपुर व ककरमत्ता वार्ड में सीवर और सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

विधायक ने वार्ड सुंदरपुर के कौसलेश नगर कॉलोनी में भोला राजभर के आवास से राधेश्याम पटेल के आवास तक 5.40 लाख रुपये की लागत से 70 मीटर सीवर व मार्ग निर्माण कार्य के शिलान्यास का पूजन भाजपा महानगर महामंत्री अशोक पटेल से कराया। मण्डल महामंत्री अरविन्द पटेल 'बब्बल' ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास का पूजन सम्पन्न कराया। तत्पश्चात ककरमत्ता उत्तरी में भरत मास्टर के आवास से शंभू प्रजापति के आवास तक 19.54 लाख रुपये की लागत से 242 मीटर मार्ग एवं जल निकासी निर्माण कार्य के शिलान्यास का पूजन भरत मास्टर से कराया। जबकि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कैलाश प्रसाद मौर्या ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास का पूजन किया। विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ अर्पित करके किया। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, अरुण सिंह, प्रिंस पटेल, राजीव पटेल, राजकुमार प्रजापति, मंटू सिंह, भोला राजभर, महेश पटेल, जितेंद्र पटेल, छोटेलाल पटेल, राकेश सोनकर, अमित पटेल, कोमल प्रजापति, मुन्नालाल पटेल, मोहित मौर्या, राजेंद्र प्रजापति, अंकित यादव, अजय सिंह, रामसेवक, संजय मौर्या, संजय विश्वकर्मा, अमित मौर्य, भगवानदास मौर्या, राकेश मौर्या, लालजी जायसवाल, जीवन लाल मौर्य, अनिल श्रीवास्तव, अजित पटेल, किशन राय, आशा देवी, पुष्पांजलि, सुदामा देवी आदि उपस्थित थे।

# आपसी सहयोग से शहर को बनाएं सुंदर : एस. राजलिंगम

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

**डीएम ने नेटवर्क केबल, केबल टीवी आदि कंपनियों को बिजली-टेलीफोन के खंभों से तार हटाने के दिए निर्देश**



**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा है कि प्रत्येक की जिम्मेदारी है कि शहर को आपसी सहयोग से सुंदर और साफ-सुथरा बनाएं। सड़कों पर लटकते तार व्यवस्थित होंगे। बिजली और टेलीफोन के खंभों के सहारे बांधे गये नेटवर्क केबल, केबल टीवी, जीयो, एयरटेल आदि कंपनियों के तार हटाए जाएंगे। आगामी महीनों में जनपद में प्रस्तावित जी-20 व शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों को देखते हुए यह पहल होगी।

डीएम ने कैंप कार्यालय सभागार में बैठक कर यह निर्देश दिये। उसमें विभिन्न केबल आपरेटर, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी, बीएसएनएल तथा मनोरंजन आदि महकमों के अफसर भी थे। श्री राजलिंगम ने कहा कि एक माह के भीतर सभी सेवा प्रदाता कंपनियां अपने-अपने केबिल भूमिगत करा लेंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के मार्गों के किनारे अंडरग्राउंड डक्ट का निर्माण कराया जाएगा। उसे कास्ट शेयरिंग के आधार पर उपयोग में लाना संभव होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य के अंतर्गत काशी विश्वनाथ मंदिर मार्ग, दशाश्वमेध मार्ग, गोदौलिया मार्ग, कालभैरव मार्ग, टीएफसी, नमोघाट और मुख्य पर्यटन मार्गों सहित वीवीआईपी मार्गों को प्राथमिकता पर लेंगे।

श्री राजलिंगम ने ने कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा जनपद शहर के लिये सड़क निर्माण के साथ ही साथ डक्ट के निर्माण का भी प्रावधान रहेगा। जिन मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है या जिनका निर्माण होना है, उनमें डक्ट का निर्माण कराए जाएं। इसके लिए लोनिवि, बिजली एवं बीएसएनएल सहित सभी केबिल नेटवर्क की कंपनियां संयुक्त रूप से बैठकर समाधान निकालें। मीटिंग में पीडब्ल्यूडी की सड़कों के निर्माण के बीच आ रहे विद्युत पोल, बीएसएनएल तथा आईपीडीएस बॉक्स शिफ्ट कराए जाएं।

# जीएसटी काउंसिल के फैसले से थमेगा उत्पीड़न

**बोले उद्यमी-व्यापारी**

**छोटी-छोटी कमियां निकाल अफसर लगाते हैं टैक्स चोरी का आरोप**

**भय मुक्त होकर कारोबार करेंगे कुटीर, सूक्ष्म व लघु उद्यमी और कारोबारी**




**वाराणसी।** जीएसटी काउंसिल ने दो करोड़ रुपये तक की टैक्स चोरी पर आपराधिक मामला न चलाने, किसी अधिकारी के दायित्व के निर्वहन में बाधा डालने या उसे ड्यूटी करने से रोकने, भौतिक साक्ष्यों के साथ जान-बूझकर छेड़छाड़ करने या फिर सूचना देने में विफल रहने पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न करने की घोषणा की है। जीएसटी काउंसिल के इस फैसले से उद्यमी और व्यापारी काफी खुश है। उनका कहना है कि जीएसटी काउंसिल के इस फैसले से जीएसटी अधिकारियों की तरफ से होने वाली उत्पीड़न की कार्रवाई पर विराम लगेगा।

कुटीर उद्यमी व थोक कारोबारी कुलवंत सिंह बग्गा कहते हैं कि जीएसटी काउंसिल का यह निर्णय स्वागत योग्य है। जीसटी काउंसिल ने उद्यम-व्यापार को सुगत बनाने के लिए कुछ मामलों में अपराधिक कार्रवाई करने में ढील देकर एक सार्थक कदम उठाया है। इससे कुटीर, सूक्ष्म व लघु उद्यमी भयमुक्त होकर कारोबार कर सकेंगे। कुटीर उद्यमी व थोक कारोबारी नंदलाल अरोड़ा कहते हैं कि जीएसटी विभाग के अधिकारी छोटी-छोटी कमियां निकाल अक्सर टैक्स चोरी का आरोप लगाकर कुटीर उद्यमियों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इस मामले को व्यापारियों ने कई बार आंदोलन किया। इसे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गंभीरता से लेते हुए जीएसटी कांउसिल की बैठक में उद्यमी-व्यापारियों के हित में सार्थक कदम उठाया है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है।

प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री बदरूद्दीन अहमद का कहना है कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्यमियों और व्यापारियों के कारोबार के हित में जो सार्थक कदम उठाया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। आमतौर पर छोटी-छोटी खामियां निकाल कर जीएसटी विभाग के अधिकारी उद्यमियों और व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर आ धमकते हैं और प्रताड़ित करते हैं। इससे कारोबारियों में भय का वातावरण बना रहता है। इसको लेकर जब बड़े पैमाने पर आंदोलन हुआ तो प्रदेश सरकार को छापेमारी पर विराम लगाना पड़ा था। अब केंद्र सरकार ने अच्छी पहल की है। व्यापारी सुरेश दत्त दुबे का कहना है कि पहले एक करोड़ रुपये से अधिक के टैक्स चोरी मामले में आपराधिक मामले दर्ज करने की व्यवस्था थी। जीएसटी काउंसिल ने इसे बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दिया है। इससे कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। युवा कारोबारी मोहित गुप्ता का कहना है कि कोई भी व्यापारी टैक्स की चोरी नहीं करना चाहता। नियमों का यदि सरलीकरण हो तो व्यापारी भयमुक्त होकर टैक्स की अदायगी कर सकता है। मेरा मानना हे कि यदि कोई फर्जी इनवॉइस के जरिए कारोबार करता है, तो निश्चित रूप से उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। युवा कारोबारी आकाश सोनकर का कहना है कि जीएसटी अधिकारी साक्ष्यों की छोटी-छोटी कमियां निकाल कर व्यापारियों को प्रताड़ित करने से बाज नहीं आते। प्रताड़ित करने के पीछे उनकी मंशा सिर्फ और सिर्फ अपनी जेब गर्म करने की होती है। लगता है केंद्र सरकार के पास यह बात पहुंच गयी, तभी तो जीएसटी काउंसिल की बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की गयी है। जीएसटी काउंसिल का यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय योग्य है।

# आईआईवीआर में तीन दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से



**वाराणसी।** शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर में तीन दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी 20 से आरंभ होगी। 22 तक चलने वाले इस सेमिनार में 'सतत विकास के लिए सब्जी उत्पादन में नए अवसर' पर देश के विभिन्न राज्यों के 200 वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों की सब्जियों की किस्मों की पहचान के लिए स्थापित अखिल भारतीय सब्जी अनुसंधान परियोजना की स्वर्ण जयंती पर एक सेमिनार होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक तथा उप महानिदेशक डॉ. एके सिंह की मुख्य उपस्थिति रहेगी। संगोष्ठी में किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।

# चुनाव अधिसूचना में विलम्ब संभव

जनसंदेश न्यूज

**आशंका**

**ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट में अटका निकाय चुनाव का मामला**

**वाराणसी।** प्रशासनिक स्तर पर निकाय चुनाव की तैयारियों को पूरा कराया जा रहा है। इन तैयारियों को पूरा कराकर तिथियों पर निर्णय होना था, लेकिन अब यह कानूनी लड़ाई में फंस गया है। ओबीसी आरक्षण के मामले को लेकर एक वर्ग कोर्ट चला गया है। जिससे राजनीतिक दलों को चुनाव की अधिसूचना जारी होने का लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

हाई कोर्ट ने नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने पर रोक लगा दी है। इलहाबाद हाई कोर्ट के लखनऊ बेंच में बीते सोमवार को इस मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। पहले ही दिन निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने पर मंगलवार तक के लिए रोक लगाई गई थी। मंगलवार को दूसरे दिन हुई सुनवाई में बुधवार तक और बुधवार को जब कोर्ट में सुनवाई हुई तो 20 दिसंबर तक के लिए चुनावी तारीखों के ऐलान पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया गया।

जिसके बाद अब निकाय चुनाव की तारीखें लंबी खिंचने के आसार नजर आ रहे हैं। जिससे राजनीतिक दलों की चुनावी तैयारी पर भी असर साफ दिखाई देने लगा है। जहां सत्ताधारी टिकटों के बटवारे और प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया में जुटे थे उनमें भी विलंब होने की संभावनाएं हैं। हालांकि पार्टी की ओर से उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में आंतरिक सर्वे का कार्य रविवार 18 तक पूरा कर लिए जाने की बात कही गई थी। जबकि समाजवादी और कांग्रेस की ओर से भी बनाई गई कमेटी की ओर से दवादारों के आवेदन पर विचार कर फैसला लिया जाना है, जिनकी रफ्तार पहले से कम हो गई है।

वहीं बसपा हाई कमान की ओर से भी इस बार के निकाय चुनाव में ताल ठोंकने की बात भी सामने आ रही है। बसपा की ओर से अपने उम्मीदवारों का चयन किया जाना है। जिसपर से पर्दा 20 के बाद उठने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। बहरहाल राजनीतिक पार्टियों को अभी कार्ट के फैसले का इंतजार है। जिसका फैसला आते ही चुनावी पर्व की घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 20 दिसंबर तक है रोक

लखनऊ बेंच में वार्डों के लिए जारी आरक्षण रोस्टर में ओबीसी आरक्षण सीमा का ध्यान नहीं रखे जाने के मामले में जनहित याचिका दायर की गई है। ओबीसी आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा था। हालांकि, इस मामले में अब सरकार को 20 दिसंबर तक का समय मिला है। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को इस तिथि तक चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने पर भी रोक को बढ़ा दिया गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल मेला



**वाराणसी।** सेंट जांस स्कूल मढ़ौली के विशाल प्रांगण में 18 दिसम्बर को अनाथ, दिव्यांग व बेसहारा बच्चों की सहायता के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईओबी मंडुवाडीह के वरिष्ठ बैंक प्रबंधक राहुल कुमार ने बाल मेला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को प्रधानाचाय्र फॉदर हेनरी ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ ही रोचक गेम्स के स्टॉल भी लगाये गये थे। साथ सभी को आकर्षक उपहार भी दिया गया। इस मौके पर अभिभावक, छात्र व छात्राओं ने मेले का जम कर आनंद उठाया।






# निकाय चुनाव के लिए सपा का मास्टर प्लान

## सक्रिय सदस्यों पर ही किस्मत आजमाएगी पार्टी, चुनाव संचालन समितियां गठित

जितेंद्र श्रीवास्तव

**तैयारी**

**समाजवादी बुलेटिन के आजीवन सदस्यता की रसीद प्रस्तुत करना होगा अनिवार्य**

**मेयर, चेयरमैन व पार्षद पद की दावेदारी करने वालों का सक्रिय सदस्य होना जरूरी**


**वाराणसी।** मैनपुरी लोकसभा व खतौली विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित समाजवादी पार्टी अब पूरी गंभीरता से नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस चुनाव में सपा का शीर्ष नेतृत्व सक्रिय सदस्यों पर ही किस्मत आजमाएगी। नगर निगमों में मेयर व पार्षद के अलावा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के टिकट के लिए पार्टी ने यह अनिवार्यता रखी है। इन पदों के टिकट की चाह रखने वालों को आवेदन के समय पार्टी की सक्रिय सदस्यता के साथ ही समाजवादी बुलेटिन की आजीवन सदस्यता की रसीद लगाना होगा।

पार्टी के भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो नगरीय निकाय चुनाव में गुटबाजी हावी न हो, इसलिए पार्टी ने भंग चल रही जिला और शहर इकाई की कार्यकारिणी घोषित करने के बजाय प्रत्येक जिले में सभी प्रमुख नेताओं को लेकर चुनाव संचालन समिति बना दी है। संचालन समिति ही अपने-अपने जिले में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से आवेदन लेने के बाद उनकी छंटनी करेगी। सर्वसम्मति से यदि एक नाम तय हो जाएगा तो उसका प्रस्ताव पार्टी मुख्यालय भेजा जाएगा।

यदि एक नाम पर सहमति नहीं बनती है तो प्रत्याशियों के नामों का पैनल मुख्यालय भेजा जाएगा। पार्टी नेतृत्व मुख्यालय से टिकट फाइनल करेगा। पार्टी निकाय चुनाव में केवल सक्रिय सदस्यों को ही अपना चुनाव चिह्न प्रदान करेगी। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### टिकट के लिए दावेदारों का संघर्ष जारी

हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण को लेकर फंसे पेंच के बावजूद निकाय चुनाव को लेकर टिकट के लिए दावेदारों का संघर्ष जारी है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि शहर में निकाय चुनाव को लेकर भले ही अभी अधिसूचना की तस्वीर साफ नहीं है, लेकिन चुनावी मैदान में उतर रहे दावेदारों की तरफ से टिकट पाने को लेकर हर स्तर पर जोर आजमाईश की जा रही है। देखा जा रहा है कि जिन्होंने पूर्व में भी पार्षदी का चुनाव जीता है, वह भी टिकट पाने को लेकर युद्धस्तर पर प्रयास कर रहे हैं। जो लोग पार्षदी चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे हैं, वे पूरी दमदारी से ताल ठोंक रहे हैं। तीसरे-चौथे स्थान पर रहने वाले भी किसी से पीछे नहीं है। देखा जा रहा है कि पुराने महारथी भी इस बार टिकट हासिल करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व नेताओं के साथ मंत्रणा करते हुए नजर आ रहे हैं।




पार्टी सूत्रों की मानें तो सपा के शीर्ष नेतृत्व ने नगर निगम महापौर, पार्षद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा के सिंबल से उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है। इसके लिए जिलों में आवेदन लिए जा रहे हैं। इनकी स्क्रीनिंग करने के बाद प्रदेश मुख्यालय सूचना भेजी जाएगी। शीर्ष नेतृत्व ने सभी जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नगरीय क्षेत्र में आने वाले गांवों को मिलाकर बने नए वार्डों में विशेष निगरानी रखी जाए। निकाय में शामिल होने वाले जिस गांव के लोगों का नाम काट दिया गया है, उसके बारे में स्थानीय प्रशासन को सूचना दी जाए। साथ ही पूरे मामले से प्रदेश कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। पार्टी के निर्देश पर वाराणसी की इकाई ने जिला प्रशासन के यहां दस्तक भी दे दी और आपत्ति जताते हुए पत्रक भी दिया है।




# भाकिमो ने फूंका शाहरुख का पुतला

**विरोध**

### फिल्म 'पठान' की नायिका ने किया मातृशक्ति का अपमान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' रिलीज होने से पहले ही विवादों में घिरती जा रही है। रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कचहरी मुख्यालय पर 'पठान' के विरोध में प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए शाहरुख खान का पुतला फूंका।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि शाहरुख खान ने आने वाली फिल्म 'पठान' में दीपिका पादुकोण के साथ मिलकर हिंदू सनातन धर्म के केसरिया रंग को बदनाम करने का काम किया है। उसे हिंदू समाज कतई बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। शाहरुख खान हिंदू संस्कृत को बदनाम कर रहे हैं। अगर वो काशी आएंगे तो सड़कों पर निकलने नहीं दिया जाएगा। फिल्म की नायिका ने जिस प्रकार से केसरिया रंग का कपड़ा पहन कर मातृशक्ति का अपमान किया है, उसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. जयनाथ मिश्रा, अखिलानंद, शेषधर चौबे, नितिन अग्रवाल, जय गोविंद आदि शामिल रहे।

## 'शाहरुख जैसों का एक खास एजेंडा है'

**बोले सुब्रत पाठक**

### कन्नौज से भाजपा सांसद ने 'पठान' फिल्म का किया विरोध

### कहा, चीजें उजागर हो रही है तो विरोध का स्वर हुआ तेज

**वाराणसी।** कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान जैसे लोग एक एजेंडे पर काम करते हैं। उनकी आने वाली फिल्म ये एजेंडा उजागर हो रहा है। फिल्म 'पठान' में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की भगवा रंग की बिकिनी को लेकर उपजे विवाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि सिनेमा हमारे समाज का एक प्रकार से पथ प्रदर्शक है। सिनेमा की चीजें समाज के भीतर तक जाती हैं। सिनेमा ने लंबे समय तक एक एजेंडे पर काम किया है। उस एजेंडे का ही हिस्सा शाहरुख खान और अन्य रहे हैं। आज धीरे-धीरे वह चीजें जब उजागर हो रही हैं और लोग उनके खिलाफ बोलने लगे हैं तो इन लोगों को डर लगने लगा है।

एक सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जैसे लोग केवल वोट बैंक की ही राजनीति करते हैं। उन्हें इस देश, यहां की संस्कृति और इसके भविष्य से कोई मतलब नहीं है। उन्हें केवल वोट मिल जाए और उस वोट के कारण वह सत्ता को प्राप्त कर लें, बस इसी फिराक में रहते हैं। इसलिए अखिलेश यादव जैसे लोग भी इनके एजेंडे का हिस्सा हैं। एक अन्य सवाल पर सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि जिनके राज में देश के एक बड़े हिस्से पर चीन ने कब्जा कर लिया था। जो लोग हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते थे, वह लोग आज तब सवाल उठा रहे हैं जब भारतीय सेना के शौर्य का प्रदर्शन सभी ने देखा है। भारतीय सेना पर किसी भी तरह से अविश्वास की जरूरत ही नहीं है। कांग्रेस के लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक को भी नकली बताते हुए रोते हैं और प्रमाण मांगते हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि पाकिस्तान एक समाप्त होता हुआ राष्ट्र है। उसने खुद ही आतंकवाद को पाला है और वही उसे निगल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबसे हिंदुस्तान की कमान संभाली है, तबसे वह पाकिस्तान की करतूतों को लगातार दुनिया के सामने उजागर कर रहे हैं। हमें लगता है कि इसी वजह से कुंठित होकर वहां के मंत्री ने हमारे जनप्रिय प्रधानमंत्री पर घृणित टिप्पणी की है।

# रोजगार के लिए पाठ्यक्रमों में बदलाव की जरूरत



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कबीरचौरा स्थित एक निजी होटर में फ्रीलांसर जैमिंग कार्यक्रम में गिग इकॉनमी रोजगार का उभरता विकल्प विषय पर परिचर्चा हुई। जिसमें नए दौर के रोजगार विकल्पों, अवसरों और गिग अर्थव्यवस्था के भविष्य पर बातचीत की गई।

इस दौरान सभी को शहरों में काम कर रहे फ्रीलांसर और सोलोप्रेन्योर पर बनाई गई डाक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। गोपाल अय्यर ने बताया कि अकादमिक संस्थानों को अब युवा छात्रों की पसंद के रोजगार विकल्पों को समझते हुए पाठ्यक्रम में बदलाव करने की जरूरत है।

मुख्य अतिथि थिंक नोबेल हाउस के सीईओ संजय लखोटिया ने बताया कि इंडस्ट्रीज ने अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में बड़े बदलाव किए हैं और गिग कार्य को चुनने वाले लोग नौकरियों के बाजार में एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरे हैं। इस दौरान ब्योमकेश मिश्रा ने भी अपने विचार रखें।

संचालन स्वारंभ प्रोग्राम की प्रोजेक्ट हेड प्रीती सिंह ने किया।

# लहरतारा से मोहनसराय तक 56 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी

**प्लान**

### 245 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत, अप्रैल तक काम पूरा करने का लक्ष्य

**वाराणसी।** लहरतारा से मोहनसराय तक सड़क आने वाले दिनों में 56 मीटर चौड़ी हो जाएगी। इसका काम शुरू हो गया है। सड़क किनारे अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। इस सड़क को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लहरतारा से मोहनसराय तक 10 किलोमीटर सड़क छह लेन बनाई जानी है। इसके लिए करीब 245 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत है।

लोक निर्माण विभाग को काम शुरू कराने के लिए 25 करोड़ रुपये मिला है। सड़क को अप्रैल 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। ये सड़क मध्य से 28-28 मीटर चौड़ी होगी। लोक निर्माण विभाग समय सीमा में काम खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। लहरतारा क्षेत्र में करीब 200 ट्रांसपोर्टर इसकी जद में आ रहे हैं। अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी केके सिंह ने बताया कि लहरतारा से मोहनसराय तक बनने वाले छह लेन सड़क को एनएच से जोड़ दिया जाएगा। इससे दिल्ली, कोलकाता, प्रयागराज आदि रूट के आने वाले वाहनों को आसानी होगी। जबकि सड़क चौड़ीकरण से लहरतारा, मोहनसराय, बौलिया में जाम की समस्या का भी समाधान होगा।

मोहनसराय से लहरतारा तक चौड़ीकरण होने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस समय इस सड़क से 30 हजार वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे आएदिन कहीं न कहीं जाम की स्थिति रहती है। चौड़ीकरण होने और डिवाइडर बनने से वाहनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। साथ ही समय की बचत भी होगी। मोहनसराय से लहरतारा के बीच अधिकतर दुर्घटनाएं होती हैं। इन पर भी लगाम लगेगी। डिवाइडर से दोनों तरफ 28-28 मीटर चौड़ी सड़क होगी। इसके लिए काम चल रहा है। सड़क को अप्रैल 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## तीर्थंकर पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक पर निकलेगी शोभायात्रा

**वाराणसी।** श्री दिगम्बर जैन समाज काशी के तत्वावधान में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ की भव्य राजशाही रथयात्रा 19 दिसम्बर को प्रातः 9.30 बजे ग्वाल दास साहू लेन स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर से निकाली जायेगी। दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि तीर्थंकर पार्श्वनाथ की 2898 वीं जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर से प्रारम्भ होकर सोराकुआं ,ठठेरी बाजार होते हुए चौक थाने के समीप पहुंचेगी। वहां पर भगवान के विग्रह को रजत (विशाल) रथ के कमल सिंहासन पर विराजमान कराकर रथयात्रा पुनः 11 बजे प्रारम्भ होगी जो बांसफाटक, गौदोलिया, जंगमबाड़ी, सोनारपुरा होते हुए भगवान पार्श्वनाथ जी की जन्म स्थली (अतिशय क्षेत्र ) श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर भेलूपुर पहुंचेगी। जहां बधाई (सोहर) विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ मन्दिर में चितांमणि पार्श्वनाथ को रजत पाण्डुक शिला पर विराजमान कराकर 108 कलशों से मस्तकाभिषेक किया जायेगा।

# काशी में भी आयोजित हो मैथिल समागम



**वाराणसी।** मिथिला संस्कृति के प्रतीक हिन्दी व मैथिली भाषा के प्रथम कवि, कवि कोकिल महाकवि विद्यापति महोत्सव ख्वात साहित्यकार पूर्व जीएम पूर्वोत्तर रेलवे आर आर झा की अध्यक्षता में नागरी प्रचारिणी सभा, काशी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष निरसन कुमार झा ने समारोह के मुख्य अतिथि को मिथिला संस्कृति के प्रतीक पाग, दुपट्टा, रुद्राक्ष की माला और महाकवि विद्यापति का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महाकवि विद्यापति हिन्दी साहित्य के प्रथम कवि होने के साथ-साथ मैथिली भाषा साहित्य के भी प्रथम कवि थे। मुख्य वक्ता समाजसेवी एनआरआई अजय झा ने कहा कि सुदूर मिथिला (बिहार) से आकर काशी में विद्यापति महोत्सव के माध्यम से अपनी कला, संस्कृति को बनाये रखना एक महान कार्य है।

अतिविशिष्ट अतिथि डा. नीलकंठ तिवारी, यूबीआई केजी.एम. गिरीशचन्द्र जोशी, पंजाब नैशनल बैंक के क्षेत्र प्रमुख राजेश कुमार, बैंक आफ बड़ौदा के क्षेत्र प्रमुख नीलमणि, बड़ौदा यू.पी. बैंक के क्षेत्र प्रमुख मनोज कुमार झा, केन्द्रीय जल आयोग के अधीक्षण अभियन्ता अखिलेश कुमार झा, वाणिज्य कर कमिश्नर अमित पाठक, अधीक्षण अभियन्ता विजय कुमार, भारतीय रेल चिकित्सा सेवा के डा. चन्द्रशेखर झा और पूर्व डीआरएम आरआर झा ने भी समारोह को सम्बोधित किया। एनआरआई अजय झा को मिथिला रत्न, डा अन्जू सिंह को मिथिला विभूति, राकेश कुमार, मणिकान्त,डा राहुल मनहर, डा पुनीत सिंह और मृत्युंजय सिंह को मिथिला यूथ आईकान से सम्मानित किया गया।

### उदय प्रताप कॉलेज को आईसीएआर से मान्यता

**तरना।** उदय प्रताप (यूपी) कॉलेज उत्तर प्रदेश में आईसीएआर से मान्यता प्राप्त और प्रत्यायन होने वाला पहला कॉलेज बना। जिसके बाद यह कॉलेज अब देश भर के आईसीएआर से मान्यता प्राप्त 98 विश्वविद्यालय और कॉलेजों की लिस्ट में शामिल हो गया। मान्यता प्राप्त होने के बाद अब कॉलेज के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र आईसीएआर से होने वाले पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा में बैठ सकते हैं और उन्हें आईसीआर के संस्थान में भी प्रवेश मिल सकता है। इन्हें फेलोशिप भी मिल सकती है। कॉलेज का बी.एस-सी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर कोर्स 11 अक्टूबर 2022 से 10 अक्टूबर 2027 तक आईसीआर से मान्यता प्राप्त रहेगा। प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों के सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग के बिना यह उपलब्धि नहीं मिल सकती थी।

# निर्मल व अविरल गंगा के लिए समर्पण जरूरी

**अभियान**

### गंगा समग्र की काशी विभाग की बैठक संपन्न

### दिवाकर द्विवेदी को विभाग संयोजक बनाया गया

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** मां गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए सामाजिक जागृति के साथ समर्पण आवश्यक है। जब तक समाज में जन-जन के भीतर यह भावना पैदा नहीं होती कि मां गंगा हमारे जीवन की रेखा हैं, तब तक मां गंगा को प्रदूषण से पूर्ण मुक्ति प्राप्त नहीं हो पाएगी। उक्त विचार आज गंगा समग्र के काशी विभाग की बैठक में गंगा समग्र काशी प्रांत के संगठन मंत्री आचार्य अम्बरीश ने व्यक्त किए।

बैठक महेश नगर कॉलोनी सामने घाट स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर संपन्न में हुई। कहा कि अब समय आ गया है कि गंगा समग्र के जिला स्तर के और खंड स्तर के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों के अंदर इस बात की जागृति पैदा करें।

राष्ट्रीय नदी आश्रित वर्ग आयाम प्रमुख अमिताभ जी ने गंगा समग्र के 15 आयामों पर विस्तार से विचार व्यक्त किया और गंगा और अन्य नदियों पर आश्रित वर्ग के एकजुटता के लिए कार्यकर्ताओं का आवाहन किया। बैठक को गंगा समग्र के काशी प्रांत सह संयोजक डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर गंगा समग्र काशी जिले के जिला संयोजक दिवाकर द्विवेदी का दायित्व वर्धन करते हुए विभाग संयोजक के रूप में नयी जिम्मेदारी दी गई। काशी जिले के नए संयोजक चंद्र प्रकाश बनाए गए।

बैठक में प्रमुख रूप से सह प्रांत संयोजक अजय कुमार मिश्र प्रांतीय आयाम प्रमुख कपिंद्र नाथ तिवारी युवा आयाम के सह प्रांतीय प्रमुख सौरभ पटेल, शशि प्रकाश मिश्र धर्मेंद्र पांडे, पार्षद रविंद्र सिंह, अशोक पांडे, अंबरीश उपाध्याय, भानु भूषण पांडे, महेंद्र प्रसाद यादव, जयप्रकाश दुबे, सत्येंद्र उपाध्याय, विपिन शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, अशोक तिवारी, विनोद पाठक, संजू पटेल, ओपी सिंह, शुभम चौरसिया, लक्ष्मीकांत पाठक, जयशंकर तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्युत उपकेंद्रों पर जनसुनवाई आज

**वाराणसी।** शहर और देहात क्षेत्र के 11 डिवीजनों से जुड़े उपकेंद्रों पर 19 दिसम्बर को जनसुनवाई होगी। सभी उपकेंद्रों पर पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जेई व एसडीओ उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करेंगे। जबकि अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक अधिशासी अभियंता कार्यालय में जनसुनवाई होगी। सिगरा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अपराह्न चार बजे से सायं छह बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### दो प्लांटों से मरीजों को ऑक्सीजन आपूर्ति

**वाराणसी।** पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि चिकित्सालय में दो ऑक्सीजन प्लाण्ट स्थापित है, जिसमें एक 610 एल.पी.एम. एवं दूसरा 500 एल.पी.एम. का है। दोनों प्लाण्ट वर्तमान में क्रियाशील हैं। उन्होंने बताया कि दोनों प्लांट का 17 दिसम्बर को को सर्विसिंग भी कराया गया, जो पूर्णरूप से क्रियाशील है। इन प्लांटों से आवश्यकतानुसार मरीजों को विभिन्न वार्डों में ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाती हैं।

# नियुक्ति पत्र पाते ही खिले अध्यापकों के चेहरे

**मिली नौकरी**

### केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने नियुक्ति पत्र किया वितरित

**वाराणसी।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन रोजगार के अंतर्गत लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश से राजकीय माध्यमिक विद्यालय के लिए चयनित प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। पत्र वितरण में जिले के 37 चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कमिश्नरी सभागार में नव चयनित प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों सहित अन्य लोगों ने देखा। केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने सर्किट हाउस में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के लिए नव चयनित प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किया। कहा कि कल के भविष्य का भविष्य आप लोगों के हाथों में है। मौके पर आशीष कुमार सिंह, पिंकी यादव, सुजीत कुमार गौड़, साधना पांडेय, निशा त्रिपाठी, आकांक्षा मौर्य, अंजली झा, पिंटू पटेल, मंजय पाल, दिवाकर चौरसिया, प्रियंका, सुमन सिंह, धनंजय सिंह एवं किरण कुमारी सहित 32 नव चयनित प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराए गए। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में 15 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हुए। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में नवनियुक्त 1395 प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया। जिसमें 1272 प्रवक्ता और 123 सहायक अध्यापक सम्मिलित हुए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, विधायक सुनील पटेल के अलावा डीएम एस राजलिंगम एवं सीडीओ हिमांशु नागपाल मौजूद रहे।

# अलंकरण समारोह में विभूतियां सम्मानित



**वाराणसी।** नरिया स्थित चौधरी शोध संस्थान में रविवार को अखिल भारतीय विद्वत परिषद के विद्वत अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई विशिष्टजनों का सम्मान किया गया। समारोह में विद्वानों ने चिंतन किया।

विद्वत अलंकरण समारोह में स्वागत भाषण विषय प्रतिपादन परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ कामेश्वर उपाध्याय ने किया। प्रो टीपी चतुर्वेदी एवं प्रो. कैलाशनाथ तिवारी ने मंचाशीन लोगों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। धवल उपाध्याय ने परिषद की ओर से माला देकर सम्मानित किया। सभा का संचालन अपराजिता और अध्यक्षता प्रो जयशंकर लाल त्रिपाठी ने किया। सम्मान समारोह में स्वामी आनंद स्वरूप महाराज को धर्मधुरंधर उपाधि से विभूषित किया गया। सांसद सुब्रत पाठक को राजनयमार्टण्ड उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुब्रत पाठक ने भारत और काशी को वंदनीय बताया। कहा कि दैवीय आदेश पर मोदी एवं योगी नेतृत्व कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रो. जयशंकर लाल त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन पांडेय, डा. राजेश्वर शास्त्री मुसलगांवकर, प्रो. टीपी चतुर्वेदी, प्रो. प्रमोद कुमार दुबे, आचार्य विनय, प्रो. गोकुलेन्द्र गोस्वामी, रेखा उपाध्याय, डा. रामकेश्वर तिवारी, कुलदीप समेत काफी लोग मौजूद थे।

### हादसे को दावत दे रहा हाई वोल्टेज तार का जर्जर पोल

**पिंडरा।** बाजार के मुख्य मार्ग पर हाई वोल्टेज तार का जर्जर पोल हादसे को दावत दे रहा है। बाजार के लोगों की शिकायत पर विभाग का जवाब है कि जब पोल गिर जाएगा, तब दूसरा पोल लग जाएगा। आप लोगों को परेशान होने की जरुरत नहीं है। बाजार के लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर विधायक गेट के पास नीचे से गला और जर्जर लोहे का पोल हर समय हादसे को दावत दे रहा है। गला और जर्जर होने से गिरने की हालत में आ गया है। यह पोल कभी भी गिर सकता है। इस पोल के जरिए 11 हजार वोल्ट की विद्युत सप्लाई हो रही है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बाजार के नंदलाल यादव, शिव प्रसाद यादव आदि ने विद्युत विभाग और जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए अविलम्ब बदलवाने की मांग की है।



# चुनाव में बूथ संयोजक की भूमिका महत्वपूर्ण

**बैठक**

### भाजपा महानगर कार्यसमिति ने आईटी और सोशल मीडिया पर भी की चर्चा



भाजपा महानगर कार्यसमिति को संबोधित करते वक्ता

**वाराणसी।** भाजपा महानगर कार्यसमिति की रविवार को गुलाब बाग-सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में जहां बूथ प्रबंधन, आईटी तथा सोशल मीडिया सेल की भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, इस बात पर जोर दिया गया कि निकाय चुनाव में बूथ संयोजक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

महानगर विद्यासागर राय ने कहा कि अनुसूचित वर्ग के लोगों की टोली, सामाजिक संपर्क प्रमुख, अल्पसंख्यक संपर्क प्रमुख, अनुसूचित जनजाति संपर्क प्रमुख बनाकर घर-घर जनसंपर्क करना है। संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करते हुए सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति और पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की संरचना को सशक्त बनाना है। निकाय चुनाव की दृष्टि से वार्ड व बूथ समिति का गठन अतिशीघ्र पूरा करते हुए संपर्क व संवाद के माध्यम से संगठन और प्रदेश सरकार की बात घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया जाए।

संचालन नगर निकाय चुनाव संयोजक व महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद उपाध्यक्ष आत्मा विशेश्वर ने दिया। बैठक में राहुल सिंह, राजकुमार शर्मा, आत्मा विशेश्वर, साधना वेदांती, डॉ. गीता शास्त्री, अभिषेक मिश्रा, इंजीनियर अशोक यादव, मधुकर चित्रांश, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, डॉ. अनुपम गुप्ता, नीरज जायसवाल, बृजेश चौरसिया आदि थे।

## संक्षेप

### कमलेश जेपी मेहता अध्यापक संघ के अध्यक्ष



**वाराणसी।** जेपी मेहता इंटर कालेज के प्रांगण में रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह की उपस्थिति में माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न हुआ। कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से कमलेश कुमार सिंह का जिला अध्यक्ष और दिनेश कुमार सिंह का जिला मंत्री व मुसर्रत इस्लाम का जिला कोषाध्यक्ष पद पर चयन हुआ। सभागार में ध्वनि मत से उक्त पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतनारायण सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। सभा में प्रदेश संगठन मंत्री जेपी राय, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अशोक श्रीवास्तव, शिवमूरत यादव, हरिवंश सिंह, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### राजमंगल मिस्टर फ्रेशर और सौम्या मिस फ्रेशर बनीं

**वाराणसी।** भैरो तालाब स्थित काशी विद्यापीठ कृषि विज्ञान संकाय के छात्र छात्राओं ने रविवार को परिचय समारोह का आयोजन किया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर राज मंगल सिंह और मिस फ्रेशर सौम्या चुनी गई। जिसके मुख्य अतिथि परिसर अधीक्षक डॉ. महेश श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि डॉ. रविंद्र कुमार श्रीवास्तव और डॉ. अखिलानंद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। संचालन प्रिया जयसवाल और खुशी पटेल ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शालू ने कथक पर पेश किया कृष्ण भजन



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में रविवार को सायंकाल 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में दिल्ली से आई कलाकार श्रीमती शालू श्रीवास्तव ने अपनी कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने नृत्य का आरंभ कृष्ण भजन से किया। तत्पश्चात झपताल पर पारंपरिक कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसके साथ तराना दरबारी राग में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन ठुमरी से किया जिसके बोल थे-जाने दे जाने दे हटो छेड़ो ना श्याम। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कलाकार को प्रमाणपत्र संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने दिया। मंच संचालन श्रीमती अंकिता खत्री ने किया।


### बाबा सिद्धेश्वर महादेव के श्रृंगार व भंडारे में भक्तों की भीड़

**वाराणसी।** गोयनका संस्कृत महाविद्यालय परिसर अवस्थित श्री बाबा सिद्धेश्वर महादेव का वार्षिक श्रृंगार 18 दिसम्बर रविवार को सम्पन्न हुआ। संगीतमय वार्षिक श्रृंगार एवं भण्डारे की शुरुआत सुबह आठ बजे महारुद्राभिषेक अनुष्ठान के साथ हुई। अनुष्ठान आचार्य पं.रत्नेश त्रिपाठी के सानिध्य में हुआ। आयोजन संयोजक दिनेश मिश्र व समीर माथुर रहे। कार्यक्रम में रुद्राभिषेक के बाद पूर्वाह्न 11 बजे से संगीतांजलि का आयोजन हुआ जिसमें शास्त्रीय गायक डॉ. आनंद स्वरूप सिंह, चर्चित युवा गायक व्यासजी मौर्य, टी सीरीज के कलाकार अरविंद योगी, डॉ. ऋतुराज कात्यायन आदि स्वर साधक स्वरांजलि अर्पित की। भंडारा संयोजक शरद शुक्ल रहे। दोपहर 11.30 बजे बाबा की भोग आरती हुई। इसके साथ ही भण्डारा प्रारंभ हुआ जो शाम तक चलता रहा।

### आयुर्वेद कैंप में लाभान्वित हुए लोग

**वाराणसी।** अखिल भारतीय आयुर्वेद विशेषज्ञ स्नातकोत्तर संगठन (एआईएएसपीजीए) के तत्वावधान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय तथा राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की ओर से रविवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा रेजिडेंट डॉक्टरों ने लोगों को विभिन्न कारण व निवारण की जानकारी दी। शिविर में काय चिकित्सा एवं पंचकर्म के विशेषज्ञ काशी हिंदू विश्वविद्यालय से प्रो. जे.एस. त्रिपाठी, प्रो. राजेंद्र प्रसाद, डॉ अजय पांडे, डॉ विजय श्रीवास्तव तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा मिश्रा, डॉ प्रीती चौहान तथा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय वाराणसी से डॉ अजय कुमार तथा डॉ अनुभा ने रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया।

### गायन-वाद्य से पं. किशन महराज का स्मरण



**वाराणसी।** शंकरा आर्ट्स फाउंडेशन के द्वारा आयोजित पद्मविभूषण पं. किशन महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष की कड़ी एवं डा. आर शंकर की स्मृति में आयोजित संगीत संध्या में प्रथम कार्यक्रम के रूप में शास्त्रीय गायक डॉ. अंबरीश कुमार चंचल ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने गायन के विभिन्न आयामों से अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके साथ संगत कलाकारों में पंकज राय तबला और डॉ. इंद्रदेव चौधरी हारमोनियम पर कुशल संगत की। दूसरे कार्यक्रम के रूप में प्रख्यात सितार वादक पं. नरेंद्र मिश्र ने मंच संभाला। अपनी प्रस्तुति से उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ तबले पर पंडित किशनराम डोहकर ने लाजवाब संगत किया। समारोह में अंजली मिश्रा, पद्मश्री राजेश्वर आचार्य, डॉक्टर विजय नाथ मिश्र, कमला शंकर सहित तमाम संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

### उस्ताद शाहिद परवेज के सितार पर झंकृत हुए दिल



**वाराणसी।** काशी की सांस्कृतिक संस्था संगीत परिषद और स्वरांगना की ओर से रविवार को सायंकाल सनबीम वरूणा के हारमोनी आडिटोरियम में निनाद कार्यक्रम के तहत मुंबई से प्रख्यात कलाकार उस्ताद शाहिद परवेज का सितार वादन हुआ। उनके साथ दिल्ली से प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अकरम खां ने जबरदस्त संगत की। उस्ताद शाहिद परवेज ने सितार के तारों को झंकृत कर वहां मौजूद सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। प्रारंभ में विनय कुमार जैन, विनोद अग्निहोत्री, प्रदीप मेहरोत्रा ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण संगीत परिषद काशी के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने किया। तत्पश्चात उस्ताद ने मंच संभाला। कलाकारों व अन्य विशिष्टजनों का स्वागत स्वरांगना ललित कला केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र मिश्र शीलू ने किया। कार्यक्रम में सर्वश्री अरविंद, कुमार अग्रवाल, नवीन गुर्जर, मनोज कपूर, अशोकजी अग्रवाल, श्याम कृष्ण, प्रफुल्ल चन्द्र राय, सुधीर रस्तोगी, राजेश जैन, अमित केडिया, तन्मय जैन, सुचरिता गुप्ता समेत काफी लोग मौजूद थे। संचालन सौरभ चक्रवर्ती कर रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन सुरेन्द्र मिश्र शीलू ने दिया।

### कलश यात्रा संग होगा कथा का श्रीगणेश



**वाराणसी।** देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में श्री ऋषि आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा एवं महालक्ष्मी पूर्णाभिषेक का भव्य आयोजन 21 से 28 दिसम्बर 2022 तक बजरंग नगर, अशोकपुरम, डाफी के मैदान में किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता श्रीविद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट संत राघव ऋषि व्यासपीठ से कथा का रसपान करायेंगे। उक्त जानकारी रविवार को डाफी स्थित चन्द्रप्रभा उपवन में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी सौरभ मिश्र एवं शिवानंद पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में दी। कहा कि भारतवर्ष के 16 राज्यों में स्थापित ऋषि आश्रम सेवा समितियों के द्वारा संयुक्त रूप से यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन अपरान्ह 1 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। भागवत कथा का शुभारम्भ पहले दिन 21 दिसम्बर को कलश यात्रा के माध्यम से होगा जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। प्रातः 10 बजे से दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी जिसमें घोड़े, बग्घी व 108 कलश लिए हुए महिलाएं रहेंगी। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से राकेश राय, महेन्द्रनाथ शर्मा, वशिष्ठ मुनि, धर्मेंद्र उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अनाधिकृत बसों पर कार्रवाई जारी-एआरटीओ

**वाराणसी।** माह अप्रैल से लगातार अवैध बस स्टैण्ड से संचालित अनाधिकृत बसों के विरूद्ध प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है कि डाफी पुल से रामनगर क्षेत्र में अनाधिकृत बस न रुके तथा कोई अवैध बस स्टैण्ड संचालित न हो सकें। उक्त जानकारी देते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि माह अप्रैल से अब तक 54 बसों को निरूद्ध तथा 95 बसों का चालान करते हुये कुल 05 लाख 67 हजार की धनराशि आरोपित किया गया है। अभियानात्मक कार्यवाही के दौरान अवैध बस स्टैण्ड संचालक चन्द्रभान सिंह द्वारा गतिरोध किये जाने पर उनके विरूद्ध विभाग द्वारा पूर्व में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। अन्तर्विभागीय स्तर पर पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित बस स्टैण्ड को पूर्व में हटाया गया है।

# आधे घंटे में पीला हो जा रहा हैंडपंप का पानी

**समस्या**

### वर्षो पुराने पानी टंकी से हो रही कचरा युक्त पानी की सप्लाई

**बैरिया।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मधुबनी में अधिकतर ग्रामीण बोतल बंद पानी का सेवन कर रहे है। करीब 12 हजार की आवादी वाले इस गांव के 85 प्रतिशत लोग बन्द बोतल पानी पीते है, जबकि 15 प्रतिशत लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है। गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप हो या घरों में लगा हैंड पाईप सभी का पानी दूषित हो गया है। हैंडपंप का पानी निकालने के आधे घण्टे के अंदर पानी पीला हो जा रहा है।

गांव में पानी टंकी का निर्माण नही हुआ है। बगल के ग्राम पंचायत कोटवां की पानी टंकी से कचड़ा युक्त पानी की सप्लाई गांव में मिलता है, जिससे लोग उक्त पानी का प्रयोग नहाने में भी नही करते है। प्रदेश सरकार का शुद्ध पीने का पानी देने का दावा खोखला साबित हो रहा है। ऐसे में आम लोग आर्सेनिक युक्त मीठा जहर पीने को विवश है। ग्राम पंचायत मधुबनी में सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन, बाजार, कई बैंक, पुलिस चौकी स्थापित है। बावजूद इसके इस महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत में कही भी पानी टंकी का निर्माण नही हुआ है।

इससे ग्रामीण आर्सेनिक युक्त जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं। आलम यह है कि तीन किमी दूर कोटवां ग्राम पंचायत में वर्षो पुराने पानी टंकी से पानी की सप्लाई होता है। इसका आयेदिन कभी मोटर जल जाता है तो कभी ट्रांसफार्मर। ऐसे में एक वर्ष में एक से दो माह किसी तरह पानी की सप्लाई मिलता है। यही नही, पानी टंकी की कभी सफाई नही हुई है, जिससे कचरा युक्त पानी मिलता है। ऐसे में लोग या तो बन्द बोतल पानी खरीद कर पी रहे है या फिर आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर है।

**तरह-तरह की हो रही बीमारियां**

**बैरिया।** आलम यह है कि आर्सेनिक युक्त पानी पीने से आम लोग तरह-तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे है। मधुबनी गांव निवासी समाजसेवी अरविन्द सिंह सेंगर, अरविन्द शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे सभी हैंडपंप से दूषित पानी निकलता है, जबकि कोटवां ग्राम पंचायत की पानी टंकी से मधुबनी में कचरा युक्त पानी की सप्लाई मिलता है। इसके चलते लोग बोतल बन्द पानी पीते है।

> ग्राम पंचायत मधुबनी में शासन-प्रशासन ने पानी टंकी का निर्माण करने की अब तक जरूरत नहीं समझा है। गांव के हैंडपम्प मीठा जहर उगल रहे हैं। कोटवां पानी टंकी से कचरा युक्त पानी की सप्लाई होती है।
>
> रौशन गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि, मधुबनी

> ग्राम पंचायत मधुबनी में पानी टंकी के निर्माण के लिए कोई कार्य प्रस्तावित नही है। अगर कोटवां पानी टंकी से कचरा युक्त पानी की सप्लाई का सवाल है तो मामले की जांच की जायेगी।
>
> अभिषेक वर्मा, सहायक अभियंता, जल निगम

## मिट्टी खनन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बलिया।** बांसडीह रोड थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों की पिटाई कर दी। इसको लेकर काफी देर तक हंगामा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराकर घायल पूर्व प्रधान सहित अन्य लोगों को जिला अस्पताल में इलाज कराकर मेडिकल कराया। साथ ही आधा दर्जन से अधिक लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा कर अन्य कार्रवाई शुरू कर दी। मिट्टी खनन करके ट्राली जा रही थी। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे सरया गांव के प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह ने भी इसके खिलाफ आवाज बुलंद की। शुक्रवार की शाम उनकी एक ट्रैक्टर चालक से बहस के बाद मारपीट हो गई। इसके कुछ देर बाद टघरौली गांव के कुछ युवकों ने प्रधान प्रतिनिधि सहित कुछ लोगों को घेरकर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने विनोद सिंह की तहरीर पर टघरौली गांव के आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष से दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। थानाध्यक्ष राजकपूर सिंह ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि की शिकायत की जांच की जा रही है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोषियों के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

# घर बैठे ले सकेंगे लंबित मुकदमे की जानकारी



बांसडीह तहसील सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल अधिवक्ता

**जनसंदेश न्यूज**

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को एक दिवसीय ई-कोर्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिला न्यायालय बलिया के नोडल अधिकारी प्रशिक्षण विनोद कुमार सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विनोद कुमार ने कहा कि ई-कोर्ट नागरिक केंद्रित सेवाओं को तत्काल और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सस्ती, सुलभ, किफायती और नागरिकों के न्याय को पारदर्शी बनाने में मदद करता है। ई-कोर्ट के माध्यम से पेपरलेश केस की ई-फाइलिंग एवं लंबित मुकदमों की जानकारी घर बैठे लेकर आधुनिक अधिवक्ता बना जा सकता है। अधिवक्ता गीतेश पाण्डेय, नरेंद्र सागर गुप्ता, कंप्यूटर अनुभाग जिला न्यायालय में कार्यरत सिस्टम अफसर अमित कुमार गुप्ता, टेक्निकल मैन पावर समसुद्दीन अंसारी, केंद्रीय नाजिर डा. विनोद कुमार गुप्त ने प्रोजेक्टर एवं तकनीकी सहायता से उपस्थित अधिवक्ताओं को संपूर्ण प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रवीण कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अंजू यादव, चंद्रशेखर सिंह समेत कुल 53 अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**बोले विनोद कुमार**

### न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाने में मदद करता है ई-कोर्ट

## संक्षेप

### जनहित में इंटरसिटी को चालू करने की मांग

**बेल्थरारोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर के बीच सरकार द्वारा चलाई गई 15129/15130 नंबर की इंटरसिटी कुहासा का कारण दिखाकर तीन माह के लिए बंद कर दिया गया। इसे बीते एक दिसंबर से फरवरी के अंत तक अचानक बंद कर दिया गया है। डीआरयूसीसी के सदस्य एडवोकेट देवेंद्र कुमार गुप्ता ने सख्त ऐतराज करते हुए कहा है कि सभी को पता है कि अपने इस क्षेत्र में एक तो दिन में कुहासे का दूर-दूर तक कोई असर नहीं होता। दिन की अवधि में गोरखपुर से प्रातः 9.55 तथा वाराणसी सीटी से 11.30 बजे से इंटरसिटी ट्रेन मात्र पांच घंटे के बीच संचालित होने की समय सारिणी निर्धारित है। यह रेल अधिकारियों की मनमानी तथा सरकार को बदनाम करने वाला निर्णय है। इसके साथ ही वाराणसी भटनी रेल लाइन की इकलौती 14005/14006 नंबर की लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन भी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन माह के लिए रोक दिया गया है। इसके बंद होने की बात तो कुछ समय के लिए समझ में आती है। हालांकि इस इकलौती लिच्छवी ट्रेन को भी नहीं रोकना चाहिए। ऐसा नहीं है कि दिल्ली से कुहासे के बाद भी लम्बी दूरी की ट्रेनें नहीं चलाई जाती। श्री गुप्ता ने रेल अधिकारियों से कहा है कि पीएम व सीएम के क्षेत्र को जोड़ने वाली इंटरसिटी को जनहित में तत्काल चालू करे, ताकि सरकार की बदनामी न हो सके।

### 50 रोगियों का किया गया उपचार



**बैरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवां (बैरिया) में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. बलवंत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें 80 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। इसके अलावा दो रोगियों की स्थिति गम्भीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। डा. बलवंत सिंह ने कहा कि प्रत्येक रविवार को पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन होता है। क्षेत्रवासियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर वसन्त लाल, सुरेन्द्र कश्यप, लक्ष्मण भारतीय आदि मौजूद रहे।

### 24 चयनित शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

**बलिया।** मिशन रोजगार के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों को आनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसमें बलिया के भी शिक्षक शामिल हैं। एनआईसी (विकास भवन) में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया। वहीं, जनपद के 24 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह की उपस्थिति में किया। चयनित 24 अभ्यर्थियों में 17 प्रवक्ता तथा सात सहायक अध्यापक सम्मिलित हैं। इस अवसर पर अतुल तिवारी, प्रफुल्ल कुमार, राकेश पाण्डेय, प्रमोद कुमार, संजय कुंवर, अनिल चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### सिख समाज ने निकाली प्रभातफेरी



**बलिया।** गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गुरु दरबार से प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभात फेरी गुरु दरबार से चौक, विजय सिनमा रोड, बालेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिर, रामलीला मैदान से वापस चौक होते हुए गुरुद्वारा आकर कार्यक्रम में तब्दील हो गयी। इस दौरान सिख समुदाय ने गुरु जी का शबद कीर्तन करते हुए क्षेत्रों में भ्रमण किया। गुरु दरबार में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान रंजीत सिंह राजू, सुरजीत सिंह एडवोकेट, सागर सिंह नागेंद्र, गुरुवचन सिंह, विशाल सिंह, प्रीतम सिंह, संजय सिंह, विश्वजीत सिंह, अशोक सिंह, स्वर्ण सिंह, हड़ताली सिंह, मनमीत सिंह, गुरबख्श सिंह, हरपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, चरणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### अभाविप ने 87 मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भरौली के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वामी सहजानन्द इंटर कालेज के 87 मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल 9 जुलाई 1949 से ही विद्यार्थियों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। छात्रशक्ति को राष्ट्रशक्ति के रूप में स्थापित करना ही परिषद का लक्ष्य है। डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लेकर कार्य करना चाहिए। परिश्रम का कोई विकल्प नही है। मौके पर शिवाजी यादव, ओमप्रकाश यादव, नीरज राय, शिवम राय, प्रिया, अंजली, नीलम, जूही, पूजा, मुस्कान आदि मौजूद रहे। सभी का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य ने व्यक्त किया।

### पाक के विदेश मंत्री के बयान की निंदा

**बलिया।** विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के आनंद नगर स्थित कार्यालय पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निंदा प्रस्ताव और भर्त्सना हेतु सभा आयोजित हुई। उपस्थित कवि साहित्यकारों ने बिलावल भुट्टो के अमर्यादित बयान की एक स्वर में कटु आलोचना और भर्त्सना की। साहित्यकारों ने कहा कि प्रधानमंत्री की मर्यादा और गरिमा को ठेस पहुंचाने की गहरी साजिश की गई है। पाकिस्तान पहले अपने गिरेबान में झांक कर तो देखे। इस अवसर पर सुदेश्वर अनाम, डॉ. आदित्य कुमार अंशु, डॉ. अरविंद उपाध्याय, श्रीराम प्रसाद सरगम, डॉ. नवचंद्र तिवारी, रमेश मिश्र हंसमुख, जितेंद्र त्यागी, डॉ. नन्दजी नंदा, विनय यादव विप्लव, राजेंद्र विद्रोही, डॉ. जितेंद्र स्वाध्यायी, अशहर खुर्शीद, रमाशंकर वर्मा मनहर आदि कवि व साहित्यकार उपस्थित रहे। डॉ. फतेहचन्द बेचैन ने आभार व्यक्त किया।

# जेएनसीयू के स्थापना दिवस पर होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

**जनसंदेश न्यूज**



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस का आयोजन 20 से 22 दिसंबर तक किया जायेगा। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथम दिवस 20 दिसंबर को विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कुल 14 संकुलों के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों द्वारा अपने-अपने परिक्षेत्र से संबंधित विजन एवं मिशन को दर्शाते हुए स्टाल प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें उस क्षेत्र की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विशेषताओं का प्रदर्शन किया जायेगा।

द्वितीय दिवस 21 दिसंबर को विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अपने-अपने परिक्षेत्र के ऐतिहासिक व पौराणिक स्थलों की साफ-सफाई करने के साथ ही महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृतियों को नमन किया जायेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतिम दिन 22 दिसंबर को विश्वविद्यालय परिसर में अंतरमहाविद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के साथ ही परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा। इसमें पूरे विश्वविद्यालय परिसर को दीप मालाओं से सजाया जायेगा।

## जहरीली शराब से मौत के लिए नीतीश सरकार जिम्मेदार : दयाशंकर

**बलिया।** बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों पर योगी सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने नीतीश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। बिहार के सारण (छपरा) जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बलिया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से मौत पर बिहार सरकार मुआवजा दे या न दे, यह वहां की सरकार और उनके विवेक पर निर्भर करता है, लेकिन जहरीली शराब से जिन लोगों की मौत हुई है, इसकी जिम्मेदार बिहार की नीतिश सरकार है। कहा कि नीतीश कुमार जिन लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़ते थे। बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाना चाहते थे। सत्ता पाने के लिए उन्हीं की गोंद में जाकर बैठ गए हैं। इस कारण बिहार में शराब तस्करी बढ़ गई है। इसे रोकना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बिहार पुलिस क्या कर रही है। इस मामले में बिहार सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# मां गंगा का दूषित होना चिंता का विषय

**बोले जयप्रकाश साहू**

### गंगा नदी को स्वच्छ रखने को दिलायी गई शपथ



गंगा नदी को स्वच्छ रखने हेतु शपथ लेते युवा

**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना अन्तर्गत जिला सम्मेलन का आयोजन टाउन इंटर कालेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू तथा मुरली मनोहर टाउन डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. रविंद्रनाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि गंगा का स्थान हर भारतीय के दिल में खास है। अद्वितीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाली गंगा देश की सबसे पवित्र नदी है। वर्तमान परिवेश में जिस तरीके से मां गंगा दूषित हो रही है, यह चिंता का विषय है। प्राचार्य डॉ. रविंद्र मिश्र ने कहा कि मोक्षदायिनी मां गंगा हिमालय से निकली केवल एक सामान्य जलधारा नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक वैभव, श्रद्धा एवं आस्था की प्रतीक मानी जाती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला युवा अधिकारी रविंद्र मोहन ने कहा कि गंगा की स्वच्छता निरंतरता का विषय है। इसके लिए सर्व समाज के साथ-साथ युवाओं को विशेष तौर से आगे आना होगा। रेड क्रास सोसाइटी के जिला समन्वयक शैलेंद्र पांडेय द्वारा उपस्थित युवाओं के बीच हाइजीन कीट एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया। तत्पश्चात युवाओं को गंगा नदी को स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर डॉ. फूल बदन सिंह, संजय त्रिपाठी, डॉ. रवि राय, डॉ. इफ्तिखार खान, कमलेश पांडेय, प्रदीप सिंह, सुरेंदर सिंह, अश्वनी सिंह, राहुल यादव, गुप्तेश्वर प्रजापति, हिमांशु आदि मौजूद रहे। संचालन अभिषेक राय ने किया। सभी का आभार नवीन सिंह तथा शलभ उपाध्याय ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

# महिला प्रत्याशियों के चयन में उलझी भाजपा

**बलिया।** निकाय चुनाव का बिगुल कब बजेगा? यह बताना जल्दबाजी होगा, लेकिन भाजपा अपनी तैयारी पूरी कर चुकी है। नगर पालिका परिषद बलिया का अध्यक्ष पद एक बार फिर सामान्य महिला के लिए आरक्षित हुआ है, जबकि 2012 निकाय चुनाव में भी यह सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी। उस समय ओबीसी वर्ग की महिला चुनाव जीती। इस बार के आरक्षण ने भाजपा के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है।

पांच दिसम्बर को आरक्षण आने से पहले भाजपा के राजनैतिक गलियारे में चर्चा यह था कि नगर पालिका अध्यक्ष पद का प्रत्याशी ओबीसी का ही चेहरा होगा, लेकिन आरक्षण के बाद भाजपा में सामान्य वर्ग से जुड़ी लगभग दर्जन भर महिलाओं की दावेदारी अचानक बढ़ गई। वहीं, ओबीसी वर्ग की महिलाओं की संख्या आधा दर्जन से अधिक है। ऐसे में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के सामने प्रत्याशी चयन को लेकर असमंजय की स्थिति बनी हुई है।

**नगर निकाय चुनाव**

### आरक्षण आने के बाद अचानक बढ़ी दावेदारों की संख्या

विगत् चार दिन पहले आवास विकास कालोनी स्थित मंत्री आवास पर महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाएं पहुंची और टिकट के लिए दावेदारी की। इसके बाद ओबीसी वर्ग की कुछ महिलाएं, उनके पति एवं पुत्र अन्य पहुंचे। परिवहन मंत्री ने सभी से स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन जो तय करेगा, उसी पर हमारी मूहर लगेगी। मंत्री से मिलने के बाद सभी दावेदार नगर भ्रमण के लिए निकल गये। महिलाओं की बढ़ती दावेदारी को लेकर भाजपा कार्यालय में सूची तैयार की जा रही है।

कौन जीताऊ होगा? कौन टिकाऊ होगा? इस पर भी मंथन चल रहा है। ऐसे बहुत से दावेदार है, जो भाजपा में लंबे समय से काम कर रहे है। वहीं, कुछ ऐसे भी दावेदार है, जो सिर्फ निकाय चुनाव में ही पार्टी का दामन पकड़कर दावेदारी कर रहे है। मजे की बात यह है कि दो ऐसी महिला दावेदार है, जो निकाय चुनाव-2012 में चुनाव लड़ चुकी है। उन्होंने इस बार भी दावेदारी की है। इसमें विजयकमला एवं प्रीति जायसवाल शामिल है।

**भाजपा से इन्होंने की दावेदारी**

**बलिया।** निकाय चुनाव-2022 में भाजपा से टिकट की दावेदारी करने वालो में सुनीता श्रीवास्तव, किरन, नीतू पांडेय, सोनी तिवारी, रंजना राय, कृष्णा पांडेय, संध्या पांडेय, इंदू मिश्रा, भारती सिंह, संस्कृति सिंह, सरिता देवी, विजयकमला, प्रीति जायसवाल, शिवांगी गुप्ता, चंदा देवी, सुमन देवी, अन्नू गुप्ता आदि शामिल है।

**कर्मचारी व बाबू कर रहे प्रार्थना**

**बलिया।** निकाय चुनाव को लेकर नगर पालिका परिषद बलिया के अधिकारी, कर्मचारी एवं बाबू ईश्वर से कामना कर रहे है कि आगामी चेयरमैन नपा से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर सके। क्योंकि इन दिनों कर्मचारी आंदोलनरत है। कोई वेतन की मांग को लेकर, कोई पीएफ की मांग को लेकर तो कोई अपनी समस्या को लेकर नपा के अधिकारियों के यहां पहुंच रहा है। अब देखना यह होगा कि निकाय चुनाव में किसके सिर पर ताज सजेगा।

**भाजपा जिताऊ प्रत्याशी पर लगायेगी दांव**

**बलिया।** निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा हो रही है कि भाजपा किस महिला को चुनाव मैदान में उतारती है। वैसे यह भी चर्चा है कि भाजपा किसी भी कीमत पर चुनाव जीतना चाहेगी। इसके लिए मजबूत एवं जीताऊ प्रत्याशी पर ही दांव लगायेगी। यह भी देखेगी कि उस प्रत्याशी की जमीनी पकड़ हो, जो लगातार नगरवासियों के बीच रहता हो। बहुत से ऐसे दावेदार है जो लगातार किसी न किसी माध्यम से नगरवासियों से जुड़े हुए है। कुछ ऐसे भी दावेदार है, जो सिर्फ चुनाव में ही नजर आते है।

# गंगा सफाई पर लुटा दिया गया अरबों रुपया



**बलिया।** भारत की सांस्कृतिक थाती गंगा को नजर अंदाज कर राष्ट्र को सशक्त एवं ताकतवर बनाना कदापि संभव नहीं है। राष्ट्रीय हित चिंता की सफल इबारत प्रवाहपूर्ण तथा प्रदूषण मुक्त गंगा से ही लिखी जा सकती है।

अकूत धन के अपव्यय एवं बहुत बड़ी परियोजना का ढिंढ़ोरा पीटने से नहीं, बल्कि टिहरी बांध से अवरोधित गंगा को अविरल कर ही गंगा जल की गुणवत्ता सलामत रखा जा सकता है। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने महावीर घाट पर गंगा का मैला आंचल साफ करने के पश्चात व्यक्त किया। इस दौरान गंगा भक्तों ने गंगा में साबुन लगाकर स्नान करने वाले लोगों को मौके पर ही आड़े हाथों लिया। साथ ही गंगा की स्वच्छता के लिए जारी इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों से अवगत कराया।

श्री तिवारी ने कहा कि गंगा सफाई के लिए मिले धन का सदुपयोग नहीं हो रहा है। श्री तिवारी ने जलवायु परिवर्तन से गंगा पर पड़ने वाले प्रभावों का भी जिक्र किया तथा मटियामेट होती नदी सभ्यता पर चिंता जतायी। इस अवसर पर राहुल यादव, सुमित यादव, अशोक कुमार, विनय पांडेय, राजकुमार शाह आदि मौजूद रहे।

# सेनानियों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : वीरेंद्र सिंह मस्त



पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री नारद राय, रामगोविन्द चौधरी व अन्य

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. भोला ठाकुर की 20वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव सहोदरा स्थित आवास पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री नारद राय सहित अन्य लोगों ने स्व. ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कुर्बानी की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में अमन-चैन की जिंदगी जी रहे हैं। पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी एवं पूर्व मंत्री नारद राय ने कहा कि उन्होंने ताउम्र देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने का प्रयास किया।

इस अवसर पर स्व. भोला ठाकुर के पुत्र कृष्ण कुमार ठाकुर एवं उनके प्रपौत्र सहोदरा के ग्राम प्रधान मनोज ठाकुर, टनटन ठाकुर, देव ठाकुर ने क्षेत्र के सैकड़ों गरीब महिलाओं एवं पुरुषों में कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जनार्दन राय, अवध बिहारी चौबे, सियाराम यादव, बब्बन सिंह रघुवंशी, विभव ठाकुर, शक्ति यादव, लकी सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानेंद्र राय गुड्डू, मनोज ठाकुर, बलराम यादव, गणेश गुप्ता, जितेंद्र राय आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता गिरिजा राय एवं संचालन देव कुमार ठाकुर ने किया।

**श्रद्धांजलि सभा**

### पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी एवं नारद राय ने किया नमन

## मुनेन्द्रनाथ की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों में बांटा कंबल



जरूरतमंद महिला को कंबल देते राजीव उपाध्याय व अन्य

**भरौली।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजीव उपाध्याय के पिता स्व. मुनेंद्रनाथ उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उजियार घाट स्थित गंगा भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलिया और गाजीपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कांग्रेस नेता राजीव उपाध्याय ने बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों और असहायों में कंबल वितरित किया। इस दौरान वक्ताओं ने स्व.उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्यापक प्रकाश डाला।

सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सीबी मिश्रा, उमाशंकर पाठक, रामा शंकर यादव, राम बदन निषाद, विनायक राय, सपा के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश यादव, सियाराम यादव एवं गाजीपुर से आलिया खान, राजीव सिंह, रामेश्वर तिवारी, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, रामनाथ व्यास आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता दिग्विजय सिंह और संचालन जितेंद्र राय ने किया। राजीव उपाध्याय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ. अभय सिंह

**मझौवां।** क्षेत्र के दिघार निवासी डा. अभय सिंह की चौथी पुण्यतिथि रविवार को बाबूबेल (गायघाट) स्थित निजी क्लिनिक पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुन्दर काण्ड सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद गोष्ठी आयोजित की गयी। इसमे वक्ताओं ने डा. अभय सिंह के जीवनी व सत्कर्मो पर बिस्तृत प्रकाश डाला। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद हिन्द ने कहा कि व्यक्ति इस दुनिया में रहे या ना रहे, उसका ब्यक्तित्व अमर रहता है। डा. साहब द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किया गया कार्य एवं कृतित्व हमेशा दिखता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अनिल सिंह, भिखारी गिरी, रामनाथ सिंह, शम्भू नाथ सिंह, पूर्व प्रधान संजय ओझा, विजय सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मण सिंह, अतुल सिंह, संजय सिंह, कृपाशंकर यादव, वीरेन्द्र दुबे आदि मौजूद रहे।



डॉ. अभय सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

# अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही जमीनों की रजिस्ट्री

जनसंदेश न्यूज

**ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे**

### उचित कीमत न मिलने से जमीन रजिस्ट्री करने से कतरा रहे काश्तकार

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए 460 हेक्टेयर जमीन के सापेक्ष मात्र 58 हेक्टेयर जमीन का ही रजिस्ट्री हो पाया है। ऐसे में आखिर यह परियोजना कैसे पूरी होगी? यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। तीन माह बीतने के बाद भी जमीनों की रजिस्ट्री की संख्या बहुत कम दिख रही है।

ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत कुल 98 गांव शामिल हैं। सरकार की तरफ से काश्तकारों की जमीन की खरीददारी शुरु है। इसके लिए दो अरब 50 करोड़ की धनराशि भी प्राप्त हो चुकी है। बावजूद इसके अभी तक मात्र 691 जमीन ही रजिस्ट्री हो पाई है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए 19 सितंबर 2022 को रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू हुई। उसके बाद काश्तकारों ने धीरे-धीरे अपनी जमीनों को सरकार को देना शुरू कर दिया। इसके एवज में उनके खाते में धनराशि जाने लगी। हालांकि एक मामला यह भी सामने आ रहा है कि ऐसे कई गांव है, जहां जमीन की उचित कीमत न मिलने के कारण काश्तकार अपनी जमीनों को देने में कतरा रहे हैं। वही, प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहा है। गुरुवार के दिन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की रजिस्ट्री के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस दौरान कुछ शिकायतें भी आती रही। कुछ लोगों का यह कहना था कि हमारी जमीन उपजाऊ है, लेकिन उसे बालू का रेत बताते हुए कम कीमत दिया जा रहा है। कई शिकायतें ऐसी भी आई है कि लेखपाल मौके पर नहीं गए, लेकिन जमीनों का लोकेशन और उसकी कीमत तय कर दी। वैसे, ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्र में जो जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत आ रही है, उनकी कीमत ज्यादा है। विजयीपुर एवं माल्देपुर की तरफ की जमीनों की कीमत ज्यादा बताया जा रहा है। काश्तकारों का यह कहना है कि जितनी कीमत जमीनों की होनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है।

# धनुष यज्ञ मेले में उमड़ा मेलार्थियों का रेला


धनुष यज्ञ मेला में उमड़ी भीड़


मेला में चूड़ियों की खरीदारी करती महिलाएं

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### लोगों ने घरेलू सामानों की जमकर की खरीदारी

### बच्चों में आकर्षण का केन्द्र बना रहा चर्खी व झूला

**बैरिया।** सुदिष्ट बाबा के धनुष यज्ञ मेला में अंतिम रविवार को दर्शनार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। संत सुदिष्ट बाबा की समाधि पर लगने वाला धनुष यज्ञ मेला अब पूरे शबाब पर है। 28 नवम्बर से चल रहा धनुष यज्ञ मेला 20 दिसम्बर तक चलेगा। मेले में जहां लोग घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं, वहीं मिठाइयों की दुकानों पर लोग जलेबी के साथ सब्जी का मजा लेते नजर आये। चाट व समोसा की दुकानों पर भी लोगों की खचाखच भीड़ रही।

मेले में उमड़ी भीड़ को देख दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। मेले में आए दुकानदारों का कहना है कि धनुष यज्ञ मेला में आरम्भिक दिनों में लोगों की आमद कम होती है, किंतु मेला के अंतिम चरण में भीड़ उमड़ पड़ती है। इससे कभी भी इस मेले में हमारा घाटा नहीं होता। मेला अपने अंतिम दौर में है। मेला समापन के तीन दिन शेष है। मेला में उमड़ी भीड़ के चलते कुछ लोग तो मेले में अंदर जाने से कतराते नजर आये। लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में खास आकर्षण बरेली व दूर-दराज के जनपदों से आई फर्नीचर, बक्सा, आलमारी, बर्तन आदि की दुकानों पर ग्राहकों की आमद बढ गई है। मेले में चाट-समोसा व जलेबी मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। बलिया समेत पड़ोसी प्रांत बिहार के ग्रामीण अंचलों से लोग रेल व सड़क मार्ग से मेले में पहुंच रहे हैं। मेले का परंपरागत सब्जी के साथ जलेबी खाना लोग नहीं भूलते। वहीं, बच्चों के लिए चर्खी, झुला, ब्रेक डांस, मिक्की माउस आदि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# फाइलों में दब गयी वेंडिंग जोन बनाने की योजना

जनसंदेश न्यूज

**लापरवाही**

### सड़क किनारे सज रही दुकानें, हमेशा लग रहा जाम

**बलिया।** शहर में चार प्रमुख सड़कों के किनारे हर तरफ दुकानें सज रही हैं। इससे जाम की समस्या से छुटाकारा नहीं मिल रहा है। हकीकत में शहर में वेंडिंग जोन बनाने की योजना फाइलों में सिमट कर रह गई है, जबकि डूडा और नगर पालिका के अधिकारी योजना को जल्द ही अमली जामा पहनाने का दावा कर रहे हैं। नगर पालिका की टीम नो वेंडिंग जोन में दुकान लगाने वालों का चालान कर जुर्माना वसूलती है, लेकिन वेंडिंग जोन में मनमानी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती।

करीब दो साल से शहर में वेंडिंग जोन बनाने की कवायद चल रही है। मगर अभी तक लागू नहीं हो सका। शासन की कार्रवाई से बचने के लिए जिम्मेदारों ने कागज पर ही स्ट्रीट वेंडिंग की दुकान सजा दी हैं। हालांकि इसके लिए डूडा द्वारा प्रयास करते हुए 20 स्थान चिह्नित किए गए। मगर अभी तक कोई प्रगति नजर नहीं आती। ऐसे में एक ओर जहां वेंडर्स को परेशानी हो रही है, वहीं शहर के शहीद चौक पार्क से लेकर लोहापट्टी, रेलवे स्टेशन, सिनेमा रोड, विशुनीपुर सब्जीमंडी, चित्तू पांडेय, सब्जी मंडी, कुंवर सिंह चौराहा, मिड्ढी चौराहा तक स्ट्रीट वेंडर भटकते रहते हैं।

इसके अलावा रामलीला मैदान के पास सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में सब्जी दुकानदार पटरियों पर कब्जा किए हैं, जिससे जाम लगता है। शासनादेश के तहत टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन कर इनके लिए निश्चित क्षेत्र व स्थान का चयन कर इनको यहां पर स्थानांतरित करने की बात कही गई है।

#### शीघ्र ही धरातल पर उतारी जाएगी योजना

**बलिया।** इस संबंध में अरुण मिश्रा, प्रभारी पीओ, डूडा/उपजिलाधिकारी बलिया ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारियों से वार्ता कर वेडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया को शीघ्र ही धरातल पर उतारा जाएगा। इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। जल्द ही शहर में इसे अमली जाम पहनाया जाएगा।

# कैरियर काउंसलर ने बच्चों के प्रश्नों का दिया जवाब

**कार्यक्रम**

### जमुना राम मेमोरियल में कैरियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस प्रोग्राम संपन्न

जनसंदेश न्यूज



जमुना राम मेमोरियल स्कूल में आयोजित कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में शामिल बच्चे

**बलिया।** अपने जीवन में सभी लोग सफल होना चाहते हैं। खासतौर से 12वीं की पढ़ाई के बाद, लेकिन सही समय पर सही कैरियर का चुनाव नहीं हो पाने से मेधावी से मेधावी छात्र भी अपने कैरियर को सही दिशा नहीं दे पाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जमुना राम मेमोरियल स्कूल में कैरियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

शिक्षा के बहुआयामी विकास एवं उसके प्रभाव का वर्णन जाने-माने कैरियर काउंसलर निखिल राय द्वारा किया गया। बच्चों ने अपने कैरियर के प्रति काफी उत्सुकता के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर की संभावना के बारे में श्री राय से प्रश्न पूछा। श्री राय ने प्रोजेक्टर एवं चलचित्र के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासा को शांत ही नहीं किया, अपितु उनको एक सही मार्गदर्शन देने का काम किया। बच्चों की उत्सुकता का अंदाजा उनके द्वारा पूछे गए कैरियर संबंधी प्रश्नों से लगाया जा सकता है। श्री राय ने जमुना राम मेमोरियल के बच्चों की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैनेजिंग डायरेक्टर तुषार नंद जी, प्रधानाचार्य एवरी केवी जी एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

## पूर्व चेयरमैन का प्रचार प्रसार कर रहे नपा कर्मी

**रसड़ा।** नगरवासियों ने स्थानीय नपा परिषद के अधिशासी अधिकारी को पत्रक देकर निकाय चुनाव में सरकारी कर्मचारियों द्वारा एक प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार किये जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। अधिशासी अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। नगर के ठाकुरबाड़ी निवासी अजय कुमार ने अधिशासी अधिकारी राजेंद्र कुमार को वीडियो और फोटो सहित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि नपा के कर्मचारी निकाय चुनाव को देखते हुए एक पूर्व चेयरमैन के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर रहे है। उनका यह कार्य असंवैधानिक है। नपा के कर्मचारी सरकार से वेतन ले रहे हैं और घुम-घुमकर एक पूर्व चेयरमैन का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। चेताया है कि यदि उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो विवश होकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन व अधिशासी अधिकारी की होगी।

# आलू के अनुकूल नहीं हो रहा मौसम

**बैरिया।** दिसम्बर का आधा महीना बीत जाने के बाद भी उम्मीद के अनुरूप ठंड नहीं पड़ने से आलू उत्पादक किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गयी हैं। किसान दिन में हो रही तेज धूप को आलू उत्पादन के लिए प्रतिकूल मान रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर ठंड नहीं पड़ा तो आलू की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।

आलू उत्पादन का हब बन चुके बैरिया तहसील क्षेत्र में किसानों ने इस साल आलू की बड़े पैमाने पर खेती की है। 5000 एकड़ से अधिक खेतों में आलू की खेती की गई है। यद्यपि कि गत वर्ष आलू की खेती में किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं हुआ था। बावजूद इसके विकल्प के अभाव में एक बार फिर किसानों ने आलू पर दांव लगाया है। अब आलू उत्पादन के लिए अनुकूल मौसम नहीं माना जा रहा है। इसको लेकर किसान परेशान है। काफी दिनों से आलू की खेती करने वाले धतूरी टोला के किसान विकास सिंह, मुरली छपरा के किसान अखिलानंद सिंह, कर्ण छपरा के किसान कृष्ण कुमार सिंह, योगेंद्र गिरी के मठिया के किसान शिवनाथ सिंह आदि का कहना है कि अगर ठंड नहीं पड़ा तो आलू की पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उत्पादित होने वाले आलू का आकार भी सामान्य से काफी कम होगा। किसान आलू के फसल की सिंचाई कर सुरक्षित रखे हैं। अगर मौसम में नमी नहीं आई तो निश्चित रूप से पैदावार पर असर पड़ेगा। किसानों ने बताया कि यह सोचकर आलू की खेती पर दांव लगाया गया है कि पिछले साल के नुकसान की भरपाई इस साल की खेती से हो जाएगा।

**संक्षेप**

## नगर में निकाली जन विश्वास रैली



**चितबड़ागांव।** आगामी निकाय चुनाव के नजदीक आते ही सत्तारुढ पार्टी ने भी कमर कस लिया है। उसी क्रम में शनिवार को नगर निकाय चुनाव चितबड़ागांव के प्रभारी जिला सहकारी केन्द्रीय समिति के चेयरमैन विनोद शंकर दुबे, संयोजक सुमन सिंह, समन्वयक अंजनी राय की उपस्थिति में भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने जन विश्वास रैली निकाल कर पूरे नगर का भ्रमण किया तथा आगामी निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। रैली पटेल नगर, चित्रेश्वर नगर, शास्त्री नगर, इंदिरा नगर, अंबेडकर नगर, मुख्य बाजार होते हुए पीसीओ तिराहा एवं वहां से लौटते हुए पुरुषोत्तम गेट पर समाप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा चितबड़ागांव के मंडल अध्यक्ष मोती चन्द्र गुप्ता, अरूण कुमार सिंह, अमर नाथ सिंह, श्रीराम सिंह, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट बलिया द्वारा शहर के आवास विकास कालोनी में दो दिवसीय युवा चेतना जागृति अभियान एवं गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा निकालकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शांतिकुंज की टोली द्वारा कलश पूजन कर किया गया। कलश यात्रा को ट्रस्ट के संरक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय एवं सामाजिक कार्यकर्ता मणि नाथ तिवारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्र के जटहा बाबा मंदिर पर कलश में जल भरकर पूजन कर पुनः यज्ञ स्थल पर समाप्त हुआ। इस कलश यात्रा में गायत्री महामंत्र उच्चारण एवं समाज सुधारक नारे लगाए जा रहे थे। कलश यात्रा में ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अनिल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंध ट्रस्टी पुष्पा मिश्रा, ओमप्रकाश वर्मा, शिव कुमार उपाध्याय, गौतम सिंह, रितेश श्रीवास्तव, दुर्गावती, प्रेमलता राय, मीना श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, धर्मशिला राय, माधुरी सिंह, इंदु देवी, मंजू देवी, अजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किये गये पद्मश्री भिखारी ठाकुर



**बलिया।** आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा बलिया के तत्वावधान में रविवार को पद्मश्री भिखारी ठाकुर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। इसमें लोगों ने भिखारी जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके साहित्य, नाटक, कला, उनकी लिखित रचनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। साथ ही एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन जो 24 एवं 25 दिसंबर को रामपुर मिलक तहसील में मनाया जा रहा है, उस पर भी विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने भिखारी ठाकुर के व्यक्तित्व और कृतित्व के बार में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डा. बेचन राम, सत्यनारायण ठाकुर, गुलाबचंद प्रसाद, चंद्रहास ठाकुर, अभिषेक, जयराम ठाकुर, विनोद ठाकुर, शिवजी ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, नित्यानंद ठाकुर, सर्वेश ठाकुर, शंकर ठाकुर, उदय नारायण नंदजी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता नथुनी राम नंद तथा संचालन डा. सुनील कुमार ठाकुर ने किया।

**संक्षेप**

## विभिन्न मामलों में चार अभियुक्त गिरफ्तार



**मऊ।** रविवार को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, षनिवार को स्टेट बैक कोपागंज के पास कार चालक को भ्रम में डालकर सीट पर से रुपए चोरी करने की घटना में पंजीकृत मुअसं 503/22 धारा 420, 379, 411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त आशीष पुत्र बासू त्रिमल निवासी मदनगिरी दक्षिणपुरी दिल्ली के कब्जे से चोरी के 5 हजार हजार रुपए बरामद कर गिरफ्तार किया गया साथ ही साथ आमजन द्वारा गांव भेलाबाध में धान चोरी करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों अजय पुत्र रामबदन, दीलीप पुत्र राजू, रंजीत पुत्र प्रभुनाथ निवासीगण भेलाबाध थाना कोपागंज जनपद मऊ को पकड कर थाना स्थानीय को सूपूर्द किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 504/22 धारा 379,411 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## एक जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार



**मऊ।** रविवार को थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रामपुर चकिया से एक जिलाबदर अभियुक्त विजय पाण्डेय उर्फ सोनू पाण्डेय पुत्र मिठाईलाल पाण्डेय निवासी रामपुर चकिया थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 146/22 धारा 10 उप्र गुण्डा नियत्रंण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# डीएम के निर्देश पर नवोदय विद्यालय के मेस व खाद्य पदार्थों के भंडार गृह का निरीक्षण

**हड़कंप**

### कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर जवाहर नवोदय विद्यालय, महुआर (कसारा) मऊ के मेस एवं खाद्य पदार्थों के भंडार गृह का निरीक्षण मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, मऊ एवं रामानंद खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तहसील सदर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के भंडार गृह में रखे गए कई खाद्य पदार्थों के पैकेट पर पैकिंग तिथि तथा बैच नंबर अंकित नहीं पाए गए।

संयुक्त जांच टीम ने बताया कि चना, अरहर एवं मसूर की दाल के पैक्ड बोरों पर बैच नंबर, निर्माण तिथि एवम्-उपभोग की तिथि अंकित ना होने के कारण उनसे संबंधित क्रय बिल मांगे जाने पर प्रस्तुत नहीं किया गया।भंडार गृह में जिन पैकेटों के ऊपर बैच नंबर इत्यादि नहीं लिखे पाए गए,उन्हें तत्काल आपूर्तिकर्ता को वापस करने के भी निर्देश संयुक्त जांच टीम द्वारा दिए गए।

इस दौरान चना दाल एवं अरहर दाल का नमूना भी संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक उत्तर प्रदेश, लखनऊ की प्रयोगशाला को संयुक्त जांच टीम द्वारा भेजा गया। ज्ञातव्य है कि 2 दिन पूर्व ही जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों द्वारा गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध न कराए जाने पर जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा विद्यालय की भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

# विधान परिषद सदस्य ने किया स्व. अवध नारायण सिंह की मूर्ति का अनावरण



**मऊ।** रविवार को अवध नारायण सिंह महाविद्यालय सुल्तानीपुर, मऊ में स्वर्गीय अवध नारायण सिंह की मूर्ति का अनावरण विधान परिषद सदस्ययशवंत सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य विक्रांत सिंह रिशु सहित कई राजनीतिक पार्टियों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। अपने संबोधन के दौरान यशवंत सिंह ने स्वर्गीय अवध नारायण सिंह के जीवन को एक पूरी पाठशाला बताया, जिनसे पारिवारिक एवम् सामाजिक दायित्व को निभाते हुए भी जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने बताया कि अपने जीवन में जो कुछ भी उनसे सीखने को मिला वह अद्भुत था। उन्हें सभी धर्म एवं जाति की लोगों का भरपूर प्यार मिला। अपने संबोधन के दौरान श्री यशवंत सिंह जी ने कहा कि किसी समय हमारा देश दुनिया का सबसे अग्रणी देश था। लेकिन वर्तमान में समाज में बढ़ते बुराइयों एवं असुर शक्तियों के बढ़ते प्रभाव के चलते देश में विघटनकारी शक्तियां अपने पैर मजबूत कर रही हैं। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से बुराइयों पर नियंत्रण करने एवं असुर शक्तियों के खिलाफ खड़े होकर डटकर मुकाबला करने का आह्वान करते हुए भारत देश को पूरी दुनिया का प्रथम राष्ट्र बनाने के प्रयास करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि हम अपने पूर्वजों की प्रतिमाओं से प्रेरणा पाकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर सकते हैं। इस मौके पर आजमगढ़ एवं मऊ के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय सहित कई अन्य राजनीतिक दलों के सम्मानित लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गोठा-नईबाजार मार्ग की हालत खराब, ग्रामीणों को हो रही दिक्कत



**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लाक क्षेत्र का गोठा-नई बाजार मार्ग काफी वर्षों से बदहाल है।सड़क से जुड़े आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों को आवागमन के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मार्ग निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से लोगों में आक्रोश है।

ग्रामीणों ने जर्जर मार्ग की मरम्मत कराने के लिए प्रशासन से मांग की है। चेताया कि जल्द निर्माण कार्य नहीं शुरू हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र में विकास की तमाम कवायद के बाद भी गोठा नईबाजार मार्ग नहीं बन सका। दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली यह प्रमुख सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस संपर्क मार्ग पर निबिहा, कुड़ही, लामी, कादीपुर, श्रुतिधर सहित आदि गांव जुड़े हैं। इस मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीर आए दिन परेशानी का दंश झेल रहे है। सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। वहीं कंकरीट व बड़े बड़े गड्ढे होने से आए दिन वाहन पंचर हो रहे हैं। कई बार गड्ढो में संतुलन बिगड़ने से दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जा रहे है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार क्षेत्रीय विधायक, सांसद व जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। किसी ने भी सड़क निर्माण कराने की जहमत नहीं उठाई है। लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं।

# सीपीएस में हैप्पी क्लास रूम कार्यशाला का आयोजन



**मऊ।** सीबीएसई सीओई प्रयागराज द्वारा नगर के चन्द्रा पब्लिक स्कूल में नयी षिक्षा नीति के तहत सीबीएसई के प्रधानाचार्यों तथा षिक्षकों को निपुर्ण बनाने के लिए प्रॉस्पेस्पक्टि व रिसोर्स पर्सन ट्रेनिग वर्क षॉप का आयोजन किया गया। जिसके तहत 60 प्रधानाचार्यो तथा षिक्षकों को प्रषिक्षित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से रिसोर्स पर्सन नीलम अवस्थी, प्रधानध्यापिका बीपीएस पब्लिक स्कूल, लखीपुर खीरी, अभिजीत बनर्जी, कांउसलर, क्रिति पब्लिक स्कूल, बारबंकी, विद्यालय की निदेषिका डा. सुनिता पाल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य केसी पीटर ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। रिसोर्स पर्सन ने कहाकि सर्वप्रथम कक्षा का माहौल खुषनुमा होना चाहिए। अगर बच्चे और षिक्षक खुष हैं तो कक्षा में अच्छे ढंग से पढ़या जा सकता है और बच्चे बेहतर ढ़ग से सीख सकते हैं। प्रत्येक पाठ को रचनात्मक ढ़ग से कराना चाहिए। विद्यालय की सभी योजनाओं को कर्यान्वित करने में षिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय की निदेषिका डा. सुनिता पाल ने कहाकि ट्रेनिंग स टीचर्स का अत्मविष्वास बढ़ता है। प्रत्येक अध्यापक एक अच्छा स्टूडेन्ट होता है। बच्चों के मन में अध्यापकों के प्रति जो डर है उसे दूर करना चाहिए तथा बच्चों के प्रत्येक बात को ध्यान से सुनना चहिए। बच्चों को हम खेल-खेल में पढ़ा सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य केसी पीटर ने इस आयोजन के लिए सीओई प्रयागराज, सहायक सेक्रेटरी राजीव पांण्डेय को धन्यवाद देते हुए कहाकि समय के साथ पढ़ाने के तरीकों में भी बदलाव आया है। हैप्पी क्लास रूम का मतलब बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करना होता है। यह नीति अपनी भामें पढ़ने की स्वतंत्रता देने के साथ ही बच्चों को कला तथा खेलकूद में बढ़वा देती है। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या सवीजा ने उपस्थित उपस्थित प्रधानाचायों तथा शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर कंचन, भानू प्रताप तथा आरएस यादव का आदि अध्यापक गण का सहयोग सराहनीय रहा।

# पीएम आवास योजना में अपात्रों सहित सचिवों पर गिरेगी गाज

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की राइफल क्लब सभागार में रविवार को अध्यक्षता करते हुए सांसद अफजाल अंसारी एवं सांसद बलिया विरेन्द्र सिह मस्त ने केन्द्र/राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जिले के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुॅचाने एवं केन्द्र/प्रदेश सरकार की योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक के दौरान विधायक/सदस्य/जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रो यथा जर्जर सड़कों, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की उपलब्धता एवं संचालन, नहरों में रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी की उपलब्धता, अमृत योजना के तहत पेयजल की उपलब्धता एवं पाईप लाइन डालने के पश्चात सड़कों की मरम्मत आदि अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया। सांसद द्वय द्वारा समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक के दौरान उठाई गई समस्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने एवं की जा रही कार्यवाही की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट लिखित रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करने तथा गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये विभागीय योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हेतु अधिकारियों से ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि शासन द्वारा जो भी छोटी बड़ी योजनाएॅ संचालित हो रही उनकी होने वाले बैठको मे जनप्रतिनिधियो को अवश्य सम्मिलित किया जाये। जनपद प्रतिनिधियों के शिकायत पर जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रो की जॉच कराते हुए सम्बन्धित व्यक्ति एंव सचिव पर कार्यवाही का हेतु अपेक्षा सांसद द्वय द्वारा की गई। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने उक्त समस्याओं के संबंध में संबधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने एवं जनप्रतिनिधिओं को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रदेश/शासन की प्राथमिकताओं में शामिल योजनाओं सहित जनपद के जन कल्याणकारी, गरीबी उन्मूलन, रोजगारपरक योजनाओं एवं विभागीय कार्यो को गुणवत्ता सहित समय से पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, विधायक जमानिया ओम प्रकाश सिंह, विधायक मुहम्मदाबाद शोएब अंसारी, विधायक सदर जैकिशन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख, विधायक प्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सदस्यगण, अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी, परियोजना निदेशक राजेश यादव, एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।


राइफल क्लब सभागार में बैठक के दौरान अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

## सीएम आरोग्य मेला में हुआ इलाज

**मरदह।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 111 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डां मलिक इमरान 44 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोंड ने 26,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 18 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 23 मरीजों का इलाज किया।इस प्रकार मेला में कुल 111 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया।जिसमें टीवी 2, एनिमिया के 1, सांस के - 11, उदर के 13, मधुमेह- 8, चर्मरोग 16 -, हाईपर टेंशन 4 - अन्य रोगी 56 मरीजों को देखा गया। इस मौके पर डा.पीसी यादव,फार्मासिस्ट रमेशचन्द्र चतुवेर्दी, राकेश पाण्डेय, रामप्रकाश,नरेंद्र कुमार यादव, अभिषेक यादव,आरपी चौधरी, पूनम भारती,संजय रावत,रमेश,विनोद सिंह,शत्रुध्न गोंड,पुष्पा गौतम, अरविन्द शर्मा,आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अरुण नेता की हत्या की हो रही साजिश



**गाजीपुर।** पूर्व सहकारी बैंक चेयरमैन अरुण सिंह नेता को जान का खतरा है। कुख्यात अपराधी कभी हत्या करा सकते है। इनकी हत्या के लिए ताना बाना बुना जाने लगा है। साजिशकर्ता के रूप में जिले के एक गैंगस्टर का नाम सामने आने लगा है। जिस पर नेता समर्थक और पुलिस नजर बनाए हुए है। सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अरुण सिंह रविवार को शहर स्थित एक पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपनी जान को खतरा बताया। वहीं अपने दलीय राजनीति बीसे लेकर छात्र राजनीति का भी जिक्र किया। जिसमें तमाम उतार चढ़ाव को बेबाकी से बताया। जमीनी नेता के रूप में मशहूर अरुण नेता ने जिले में माफियाओं के दौर की भी बात की। पूर्ववर्ती सरकारों में किस प्रकार की खुलेआम विधायक तक की हत्या हो जाती थी। आज भी वही पुलिस है,किसकी हिम्मत है की ऐसे वारदात को अंजाम दे सके। लेकिन हैरानी जताई की योगी काल में भी एक माफिया हमारी जान का दुश्मन बना हुआ हैं। जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि वह गैंगस्टर अपराध के साथ साथ भ्रष्टाचार में भी सलिप्त है।

### तमंचा-कारतूस सहित चोरी की बाइक के साथ रावण गिरफ्तार



**गाजीपुर।** शहर कोतवाल के नेतृत्व में विशेश्वरगंज चौकी पुलिस एवं गोराबाजार पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात्रि में गोराबाजार स्थित लार्डकार्नावालिस के पास से दो असलहाधारियों को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। चेकिंग अभियान के दौरान बुद्धा हास्टल से लार्ड कार्नवालिस रोड के पास से अभियुक्त गण संदीप यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी बसनियाँ थाना भाँवरकोल, विवेक राय उर्फ रावण पुत्र मुन्ना राय निवासी गरूआ मकसूदपुर थाना सुहवल जनपद को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गण के कब्जे से अवैध दो तमंचा ,दो कारतूस एव जनपद मऊ से चोरी की गई एक मोटर साइकिल बरामद की गई। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह, अमित कुमार, सुनील कुमार शर्मा ,रमेश तिवारी, शिवशंकर यादव,विजय यादव, नीतेन्द्र कुमार आदि रहें। इसी क्रम में विशेश्वगंज चौकी प्रभारी ने हमराहियों के साथ लंका तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच की गई और बिना हेलमेट बाइक सवारों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

### विनोद मिश्र का मना स्मृति दिवस

**गाजीपुर।** भाकपा (माले) के दिवंगत महासचिव कामरेड विनोद मिश्र के 24वां स्मृति दिवस को जमानियां कस्बा,के देवमती माडर्न स्कूल, खानपुर में, करंडा गांव प्राथमिक विद्यालय में तुलसी सागर लंका कार्यालय पर कामरेड वीएम के चित्र पर माल्यार्पण कर संकल्प दिवस के रूप में मनाया । तथा स्मृति दिवस पर उनके सपनो को पूरा करने का संकल्प लिया गया। भाकपा (माले) जिला सचिव रामप्यारे राम ने कहा कि कामरेड विनोद मिश्र सपना था कि सत्ता सही अर्थों में जनता के हाथ में और प्रत्येक नागरिक पूरी तरह से आजाद हो,एक ऐसा भारत जिसमें एकता का आधार विविधता के सम्मान में हो। जहां मतभिन्नताए नफरत भड्काने और जनता को बांटने के लिए इस्तेमाल न हो, जहां लोकतंत्र की ताकत असहमति का सम्मान और आपसी संवाद में हो, उन्होंने ऐसे भारत का सपना देखा था, जिसमें धर्म और राजनीति का घालमेल बिल्कुल न हो, और राजनीति गैरबराबरी उत्पीडन, और शोषण,पर आधारित समाज व्यवस्था के विरुद्ध सामाजिक परिवर्तन का औजार बने। जबरिया बेदखली विरोधी सम्मेलन दो जनवरी को जमानियां रामलीला मैदान में आयोजित कर आन्दोलन तेज किया। कार्यक्रम को मुराली वनवासी, लालजी बनवासी, विजयी वनवासी, बुच्चीलाल ,बददू वनवासी, राम अवध बिंद, सुकरा देवी, विनोद कुशवाहा, रामनगीना, पासी, महेंद्र राम, जमुना वनवासी, कन्हैया, सुमित्रा देवी, शिवकुमार कुशवाहा, सम्बोधित किया।

### हेरिटेज मैनेजमेंट में ऐश्वर्या गुप्ता ने झटका मेडल

**गाजीपुर।** बीएचयू के 102 दृष्टांत समारोह शनिवार को आयोजित किया गया था। उसमें गाजीपुर नगर मोहल्ला नवाबगंज फाटक की कुमारी ऐश्वर्या गुप्ता पुत्री संतोष गुप्ता ने हेरिटेज मैनेजमेंट में बीएचयू से प्रथम स्थान प्राप्त कर बीएचयू मेडल हासिल कर गाजीपुर का गौरव बढ़ाया। ऐश्वर्या वर्तमान में बीएचयू की भारतीय प्राचीन इतिहास एमए की छात्रा है। इनकी माता सुनंदा वर्तमान में शाहफैज पब्लिक स्कूल में सेवारत हैं एवं उनके पिता संतोष गुप्ता एक व्यवसायिक है। ऐश्वर्या की प्रारंभिक शिक्षा शाहफैज पब्लिक स्कूल मियांपुरा गाजीपुर में हुई एवं यहीं पर उनके बड़े भाई अमन कुमार गुप्ता ने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में सेवारत हैं। शाहफैज स्कूल के शिक्षक गण एवं प्रियजन ऐश्वर्या गुप्ता के मंगलमय भविष्य की कामना करते हैं।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से सांसत में राहगीरों की जान



**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही किसी दिन किसी ऐसी कोई दुर्घटना का कारण बनेगी जिससे अनगिनत नागरिक दुर्घटना का शिकार हो जाएंगे। नगर क्षेत्र में 25 वार्ड है। सभी 25 वार्डों में विद्युत विभाग के विद्युत खंभे जड़ से ही जर्जर गए हैं जो कभी भी गिर सकते हैं। दूसरी मुख्य बात यह है कि प्रत्येक वार्ड के अतिरिक्त नगर के सदर रोड राजकीय बालिका विद्यालय के मार्ग पर जर्जर तार इतने नीचे लटक गए हैं कि कभी भी किसी भी व्यक्ति द्वारा उसे छुआ जा सकता है। यदि कोई बड़ी वाहन उस सड़क से गुजरेगी तो निश्चित तौर पर दुर्घटना होना संभव है। दूसरी तरफ विद्युत विभाग के कर्मचारियों की हालत यह है कि उनको नागरिकों द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस वार्ड की विद्युत आपूर्ति फ्यूज जलने से ठप हो गई है तो ये कर्मचारी पहले वार्ड के निवासियों पर प्रति परिवार ?10 से ?100 तक की वसूली करते हैं। वसूली की रकम प्राप्त होने के बाद लाइनमैन विद्युत आपूर्ति को जोड़कर आरंभ करता है ।नागरिक कई वर्ष से इसका दंश झेल रहे हैं। कई बार इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों से बात करना चाहा लेकिन एसडीओ सत्यम त्रिपाठी का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इस संबंध में एसडीएम हर्षिता तिवारी से बात कि तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि इस मार्ग पर राजकीय बालिका विद्यालय, अष्ट शहीद इंटर कॉलेज, प्राइमरी पाठशाला व शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय है। प्रतिदिन हजारों छात्र छात्राओं को इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है।

# निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** नगर पंचायत सामान्य निर्वाचन 2022 दिलदारनगर के चुनाव हेतु मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम पोलिंग पार्टी रवानगी आदि की तैयारियां एसडीएम राजेश प्रसाद द्वारा शुरू कर दी गयी । बता दें कि पहले यह चुनाव जमानिया तहसील से संचालित होता था अब जबकि सेवराई तहसील बन जाने के कारण इस बार दिलदारनगर नगर पंचायत का चुनाव तहसील सेवराई से संचालित कराया जाएगा। पोलिंग पार्टी रवानगी जूनियर हाईस्कूल स्कूल सेवराई से होगा तथा स्ट्रांग रूम व मतगणना भी जूनियर हाईस्कूल सेवराई पर ही होगा। इस बार कुल 11 वार्डों में 19 मतदेय स्थलों पर चुनाव कराया जाएगा। एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद द्वारा सभी 19 मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर बिजली पानी शौचालय और रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई । मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज पांडे उपस्थित रहे जूनियर हाई स्कूल दिलदारनगर में रैम ऊंचा पाया गया जिसे सही कराने हेतु निर्देशित किया गया इसी क्रम में स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई, बालिका इंटर कॉलेज राधा कृष्णगुप्त आदर्श विद्यालय दिलदारनगर, तोता प्राइमरी पाठशाला दिलदारनगर व प्राइमरी पाठशाला श्रीराम नगर का निरीक्षण किया गया। बिजली पानी शौचालय तथा खिड़कियों में दरवाजे लगाने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अधिशासी अधिकारी मनोज पांडे को निर्देशित किया गया जो मौके पर उपस्थित थे। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि समस्त कमियां एक सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।


सेवराई में मतगणना स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरिक्षण करते एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद व क्षेत्राधिकारी जमानिया।

## नियुक्त पत्र पाकर अभ्यर्थियों का खिला चेहरा

**गाजीपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए मिशन रोजगार के अन्तर्गत लोक सेवा आयोग, उप्र, प्रयागराज द्वारा पूरे प्रदेश में 1395 चयनित प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापको का निष्पक्ष एवं पारदर्शी ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन, लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से आयोजित कर नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में रायफल क्लब सभागार में जनपद के नवनियुक्त 31 प्रवक्ताओं एवं 06 सहायक अध्यापकों को सांसद गण, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों के चेहरे खिल उठे। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में पारदर्शी तरीके से सहायक अध्यापकों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की गई सभी नियुक्तियों में योग्य लोगों की नियुक्ति की गई है।

## छापेमारी कर पुलिस ने 62 किलो गोमांस के साथ दो को दबोचा

जनसंदेश न्यूज

**दिलदारनगर।** स्थानीय पुलिस ने ईदगाह के पास रविवार की रात्रि में छापेमारी कर भारी मात्रा में गोमांश के साथ दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां व प्रभारी निरीक्षक थाना दिलदारनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों में अंकुश लगाने हेतु टीम बनाकर सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी की गई है। मुखबीर की सूचना पर थाना दिलदारनगर के वरिष्ठ उ.नि चन्द्रशंकर मिश्र व मय हमराह द्वारा जबूरना गाँव मे ईदगाह के पीछे वहद ग्राम जबूरना से अभियुक्त मो. इम्तियाज कुरैशी पुत्र मुमताज कुरैशी निवासी गाम मिर्चा थाना दिलदारनगर, मो. सेराज खाँ पुत्र स्व. तसद्दुक खा निवासी ग्राम जबूरना थाना दिलदारनगर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से 62 किलोग्राम गोमांस व एक चापड़ लोहे का व दो चाकू , एक स्टील राड, एक ठीहा लकड़ी तथा एक तराजू, दो अदद बाट तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। अभियुक्त मो. इम्तियाज कुरैशी पुत्र मुमताज कुरैशी निवासी गाम मिर्चा थाना दिलदारनगर की जामा तलाशी से एक देशी तमंचा एक कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्र,नि अशेषनाथ सिंह, उ.नि चन्द्रशंकर मिश्र, उ.नि. जितेन्द्र कुमार,मनीष कुमार,विकाश कुमार आदि रहें।

## पिकअप-कार में जोरदार भिड़ंत, बाल-बाल बचे सवार

**नन्दगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर बंतरा के पास फोरलेन ओवरब्रीज के पास रविवार को सुबह करीब 10:30 बजे गाजीपुर से वाराणसी जा रही पिकअप और कार की टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर दोनों चालको को थाना ले आई। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली गाजीपुर निवासी आकाश वर्मा अपने परिवार के साथ अपनी निजी कार से वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही नन्दगंज चीनी मिल के ओवरब्रिज से आगे बढ़ रहे थे कि तभी आगे आगे जा रही पिकअप ओवरब्रिज के पास अपनी गाड़ी को अचानक अपने बाएं मोड़ लिया।


रामपुर बंतरा के पास फोरलेन ओवरब्रीज पर हादसा के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को देखते ग्रामीण।

फलस्वरूप उसी समय पीछे से आ रही कार ने सीधे टक्कर मार दिया। जिससे कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि कार में सवार आकाश के माता-पिता, बहन और साल का दूधमुहाँ भांजा बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुँचे उपनिरीक्षक मंशाराम ने पिकअप चालक और खलासी को पकड़ कर थाने लाये। बाद में पता चला कि दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया। वही थानाध्यक्ष ने कहा कि घटना की जानकारी तो है लेकिन सुलह कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं है।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**भांवरकोल।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को विकास खंड क्षेत्र के मदरसा इस्लामिया महेशपुर मच्छटी में विज्ञान प्रदर्शनी एवं खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी फैजुर्रहमान द्वारा पढ़ी गई कुरान की आयत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मदरसा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने पवन चक्की सौर ग्रह शारीरिक संरचना उत्सर्जन अंकुरण तथा कंप्यूटर से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मोहम्मद आरिफ खान ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और उनमें छिपी हुई प्रतिभा को निखरने का सुअवसर प्राप्त हो तो इनकी प्रतिभा को चार चांद लग सकते हैं।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉक्टर सैय्यद अकमल कादरी मौलाना, हैदर अली, शमीम खान, इनामुल हक, जलालुद्दीन, अमजद रजा, तरन्नुम परवीन आदि रहे।

## दहेज के लिए ताना मारती है सास

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में कुल बारह परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। इसमें संजना पत्नी पिंकू चौहान नि. दयालपुर थाना गम्भीरपुर जिला आजमगढ़ की शिकायत थी कि उसके पति एवं सास हमेशा दहेज के लिए ताना मारते रहते है। इस पर पति एवं सास को समझाकर विदाई करवायी गई।

उर्मिला राजभर पत्नी श्यामसुन्दर निवासी कैथ वलिया थाना कोतवाली सैदपुर गाजीपुर कि शिकायती थी कि उसके पति पड़ोसन की सुनकर उसके चरित्र पर हमेशा शंका करते रहते है। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गयी। अपसाना खातून पत्नि गुलाम नबी नि. युसुफाबाद थाना चिरियाकोट जनपद मऊ कि शिकायत थी कि उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री पैदा होने के बाद अब उनके ससुराल वाले उसे शरिरीक व मानसिक रूप से प्राताड़ित करते रहते है। इस पर पति को समझाकर विदाई कराई गई। प्रियंका भारती पत्नि हरे राम नि. कुसुमपुर थाना दिलदारनगर गाजीपुर कि शिकायत थी कि उसके पति को यह शंका है कि प्रियंका का सम्बन्ध उसके जीजा से है। इस कारण से पति हमेशा उसके साथ मारपीट करते रहते है। इस पर पति को समझाकर विदाई कराई गई। दो परिवारिक विवाद कुशलता के बाद बन्द कर दिये गये। एक परिवारिक विवाद में फुला देवी अपने पति के साथ रहने के लिये तैयार नही हुई 02 परिवारिक विवाद के प्रकरण को विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुई बन्द कर दिया गया। शेष प्रकरण के निस्तारण हेतु अगली तिथी एक जनवरी को निर्धारित की गई। प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, सरदार दर्शन सिंह, शिव शंकर तिवारी, सरिता गुप्ता, सोनिया सिंह, वीरेन्द्र, नाथराम, महिला मुख्य आरक्षी अनीता सिंह, आरक्षी आलेश कुमार, महिला आरक्षी रौली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला देवी उपस्थित है।


पुलिस लाइन सभागार में परिवारिक विवाद सुलझाते परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य।

# साहित्य चेतना समाज ने चार वर्गों में आयोजित की परीक्षा

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आदर्श इण्टर कॉलेज महुआबाग एवं शिवकुमार शास्त्री इण्टर कॉलेज जंगीपुर में सामान्य ज्ञान,गणित एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 4 से 6, मध्यम वर्ग में कक्षा 7 एवं 8, ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा 9 एवं 10 एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। नगर के अतिरिक्त सुदूर ग्रामीण अंचल से काफी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सामान्य ज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न दिये गये थे। दिये गये चार उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कर ओएमआर शीट पर दर्शाना था। ऋणात्मक अंकन (माइनस मार्किंग) पर आधारित इन प्रतियोगिताओं में जहां प्रत्येक सही उत्तर पर दो अंक दिया जाएगा। वहीं प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक की कटौती की जाएगी। निबंध प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के लिए 'मित्र',मध्यम वर्ग के लिए 'परिवार',ज्येष्ठ वर्ग के लिए 'यात्रा' एवं वरिष्ठ वर्ग के लिए 'स्वतंत्रता आन्दोलन' शीर्षक निर्धारित किया गया था। इन शीर्षकों से सम्बन्धित चार विषयों में से एक का चयन कर प्रतिभागियों को अपना विचार लिखना था। संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को जनवरी 2023 में आयोजित संस्था के 38 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह (चेतना महोत्सव-2023) में स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में हीरा राम गुप्ता, आनन्द प्रकाश अग्रवाल,बिनोद उपाध्याय, डा.रविनन्दन वर्मा, डॉ. अखिलेश राय,अरविन्द श्रीवास्तव, सच्चिदानंद, रामाश्रय सिंह,राघवेन्द्र ओझा, सहजानन्द राय,मनोज सिंह, संदीप गुप्ता, निदा परवीन, अरविन्द कनौजिया, अंकित गुप्ता,दिनेश गुप्ता, श्रीराम,श्यामबली मद्देशिया,मनीष गुप्ता, विनोद कश्यप, अनीस गुप्ता, अभिषेक मद्देशिया,कृष्णा गुप्ता आदि का सक्रिय सहयोग रहा। अंत में संस्था के संगठन सचिव एवं प्रतियोगिता प्रभारी प्रभाकर त्रिपाठी एवं जंगीपुर के प्रभारी विद्युत प्रकाश ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।


विद्यालय में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## गर्ल्स कैडेटों ने फायरिंग का किया अभ्यास

**सुहवल।** मलसा स्थित शिवपूजन इंटर कालेज में 92 यूपी बटालियन के द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन रविवार को कैडेटों ने जमकर पसीना बहाया। यातायात प्रशिक्षण के अंतर्गत यातायात निरीक्षकों ने कैडेटों को यातायात के बारे में जानकारी दिया। राइफल के साथ ड्रिल किया तथा विभिन्न प्रकार के फाइल फॉरमेशन का निर्माण किया। गर्ल्स कैडेटों ने फायरिंग का अभ्यास किया। कैंप कमांडेंट कर्नल संतोष कुमार ने सभी कैडेटों को एकता एवं अनुशासन में रहने की सीख दी। सूबेदार घाले ने साफ सफाई एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रथम अधिकारी उदय कुमार ने कैडेटों को पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी दी। प्रथम अधिकारी सतीश कुमार राय ने कैडेटों को नेतृत्व की क्षमता के विकास के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान हवलदार मुकेश कुमार, हवलदार अरुण पांडे सूबेदार तासीर, इत्यादि उपस्थित रहे।

# सड़क के क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

## पूर्वमंत्री मनोज सिन्हा ने लिया था गांव को गोद

जनसंदेश न्यूज

**मौधा।** सैदपुर ब्लाक क्षेत्र के नायकडिह गांव को पूर्व मंत्री मनोज सिन्हा कार्याकल्प करने के लिए गोद लिया था लेकिन आज तक गांव के सड़क का कार्याल्प नहीं हो सकता। जिससे आए दिन राहगीर सड़क के गड्ढ़ा में गिरकर चोटिल होते रहते है। रविवार को तमाम उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद जब रास्ता नहीं निकला तब ग्रामीणों ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस गांव में वैष्णव पीठ बाबा कीनाराम का स्थान भी है जो भी श्रद्धालु आते जाते है। उन्हे सड़क पर जमे पानी में से होकर जाना पड़ता है। यह बहुत शर्म की बात है। श्रद्धालु गंदे पानी में से होकर जाते है। नायकडीह निवासी भोलू सिंह इसकी शिकायत विभागी कर चुके है और वर्तमान विधायक से भी कर चुके है पर अब तक नहीं किसी पर प्रभाव पड़ा। राहगीरों का इस गांव में अभी कुछ दिन पहले ही जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आए थे। बाबा कीनाराम के दर्शन पूजन के लिए तब भी किसी का ध्यान नहीं गया। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश का यह छोटा सा नमूना है। सिर्फ कागजों में गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश हो रहा है। जमीन स्तर पर देखा जाए तो सिर्फ कागज में कार्य चल रहा है। इसकी शिकायत नायकडीह निवासी राजू सिंह मुख्यमंत्री पोर्टल सहायक विकास अधिकारी से किए पर आज तक इसका कोई निवारण नही हो सका।

इस बाबत वश ग्रामीणों ने इसका विरोध गंदे पानी में खड़ा होकर विरोध प्रकट किए ग्रामवासियों ने मौके पर भोला जायसवाल, राजू सिंह, आजाद सिंह, सोनू जायसवाल, शत्रुंजय सिंह,अजय सिंह, हलचल सिंग, सौरभ सिंह, भीषण सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।


नायकडिह गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**शख्सियत**

# एक कवि का कुलपति होना



मैं निर्णायक परीक्षा में भले ही फेल हो जाऊँ
हे मेरे ईश्वर!
मेरे लिए पेपर आउट मत करना
अनुचित साधन प्रयोग की प्रेरणा मत देना
प्रश्नपत्र चाहे जितने कठिन हों
परीक्षाएँ जितनी दुरूह पीड़ादायी
परीक्षा के अवसर जरूर देना
मुझे सफलता का आशीष नहीं चाहिए
दे सको तो
असफलताओं के बावजूद
अगली परीक्षा में शामिल होने का साहस देना ।(असीम कुछ भी नहीं: सदानन्द शाही)

पाँच दिसंबर को खबर आई कि इन पंक्तियों के रचनाकार प्रोफेसर सदानन्द शाही श्री शंकराचार्य यूनिवर्सिटी भिलाई (छत्तीसगढ़) में कुलपति नियुक्त हुए हैं। सोशल मीडिया में सदानन्द शाही के कुलपति बनने की खबर का जिस गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ, वह चकित कर देने वाला है। सोशल मीडिया में शाही सर के लिए उमड़े बधाई संदेशों के सैलाब से इस ओर भी ध्यान गया कि आखिर वह कौन सी बात है कि एक निजी विश्वविद्यालय का कुलपति बनने पर इतनी बधाइयां , इतनी शुभकामनाएँ मिल रही हैं।

अब से पांच वर्ष पहले सन 2017 में प्रो शाही को बिलासपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था ,लेकिन कार्यभार ग्रहण करने के पहले ही कुछ ईर्ष्यालुओं के षड्यंत्र के चलते वह नियुक्ति रद्द हो गयी। इससे शाही सर की ख्याति में कोई कमी नहीं हुई पर वह विश्वविद्यालय अवश्य ही उनकी सर्जनात्मक प्रतिभा के निवेश से वंचित रह गया।तभी से प्रोफेसर सदानंद शाही के शुभचिंतकों और उससे भी ज्यादा योग्यता की कद्र करने वालों के मन में एक कसक सी बनी हुई थी कि खामखा एक अच्छे भले व्यक्ति को अपमानित करने की चेष्टा हुई ।यह कसक छत्तीसगढ़ के मन में थी और जिस तरह से प्रो शाही की इस पद पर नियुक्ति हुई है वह और कुछ नहीं छत्तीसगढ़ के लोगों द्वारा शाही जी को दिया गया मान है। यह छत्तीसगढ़ के मन में घर कर गयी टीस और पछतावे की परिणति है।

कुलपति केवल एक पद नहीं बल्कि एक संस्था है और यह संस्था खत्म हो रही है,जैसे कि देखते देखते अखबारों से सम्पादक नाम की संस्था गायब हो गयी।आज आम तौर पर कुलपति पद पर आसीन व्यक्ति ही इस संस्था को तबाह करने में लगे हैं, ऐसे में प्रो शाही के नियुक्ति की खबर कुलपति पद की मयार्दा को बहाल करने वाली है और देर से ही सही पर योग्यता की स्वाभाविक स्वीकारोक्ति भी है ।सोशल मीडिया पर उपलब्ध तमाम टिप्पणियां इस बात की गवाही देती हैं।

कुलपति के रूप में नियुक्त होने के लिए किसी व्यक्ति में ईमानदारी और जुनून उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उसकी प्रशासनिक और नेतृत्व क्षमता । उसी अकादमिक जुनून को देखकर बीएचयू के प्रो रामाज्ञा राय ने प्रो शाही को खुले मन से बधाई दी।प्रख्यात चिंतक प्रो चौथीराम यादव ने लिखा कि खुशी की बात है कि बीएचयू से पहली बार किसी सुयोग्य कुलपति का चुनाव हुआ है । पत्रकार राघवेंद्र दूबे ने टिप्पणी की है - योग्य को योग्यता के अनुरूप पद मिला । इसी तरह बीएचयू के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभात कुमार मिश्र ने कहा कि सदानंद शाही सर कुलपति हुए हैं। होना ही था । यह सुनते ही उनको बधाई दूं या इससे पहले शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई को बधाई देने का मन हो आया। अच्छे दिन आए हैं उसके।

प्रो शाही जिस अनूठे व्यक्तित्व के मालिक हैं उसका परिचय देने की आवश्यकता नहीं है।उनके अंतःकरण का आयतन विशाल है। सृजनशीलता रचनात्मकता में उनका कोई जवाब नहीं। उनका सहज सरल आत्मीय व्यक्तित्व जीवन जीने के लिए निरंतर दुःस्तर होती जाने वाली दुनिया में सुकून की तलाश की तरह है।सदानंद शाही सर का व्यक्तित्व एक कर्मवीर का व्यक्तित्व है। वे संस्थान निर्मित करने वालों में से हैं। बी.एच.यू का भोजपुरी अध्ययन केंद्र, गोरखपुर का प्रेमचंद साहित्य संस्थान व बनारस स्थित क कला दीर्घा इसके गवाह हैं । प्रो शाही ने संस्थापक व संपादक दोनों ही रूपों में अपनी कुशलता का परिचय दिया। वे अपनी मेधा से संस्थाओं में जान फूंक देते हैं । अपनी सृजनात्मकता से उन्हें जीवंत कर देते हैं । वे संस्थाओं के बुनियादी सरोकारों को बचाते हैं । सबकुछ होकर कुछ न होने में विश्वास रखने वाले दुनिया में मनुष्यता को बचाए रखने के लिए सदैव प्रयत्नशील। सहजता में उनका कोई शानी नहीं।उनका कुलपति पद पर नियुक्त होना शंकराचार्य विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए क्योंकि वे होंगे तो नवाचार होते रहेंगे ।विश्वविद्यालय साहित्यिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा ,साथ ही कुलपति पद की गरिमा की रक्षा होती रहेगी।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. सूर्य नारायण ने लिखा कि है- बहुत दिनों बाद साहित्य की सक्रिय दुनिया से कोई कुलपति बना है। प्रो. सदानंद शाही का मुख्य सरोकार साहित्य है। वे संस्थान बनाने वाले व्यक्ति हैं। गोरखपुर में उन्होंने प्रेमचंद साहित्य संस्थान बनाया और उसको जीवंत कर दिया। बीएचयू गये तो भोजपुरी अध्ययन केंद्र बनाया। उसके लिए धन जुटाया, उसको जीवंत बना दिया। क आर्ट गैलरी, साखी, भोजपुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्राएं और अभियान, गोदान और सेवासदन पर बनारस और गोरखपुर में गंभीर गोष्ठियां, साखी के कई महत्वपूर्ण विशेषांकों का प्रकाशन, कर्मभूमि को प्रेमचंद के पुनर्पाठ पर केंद्रित अर्धवार्षिक पत्रिका के तौर पर नियमित करना- इस तरह की कई उपलब्धियां उनके खाते में दर्ज हैं। आजकल वे बुद्ध की धरती पर कविता नाम से आयोजन में लगे हुए हैं । वे कवि हैं, आलोचक हैं, संपादक तो हैं ही।लगातार साहित्य और संस्कृति पर गंभीर टिप्पणियां लिखते हैं।

जानने वाले जानते हैं कि प्रो सदानन्द शाही बुनियादी तौर पर कवि हैं।कवि की कल्पनाशीलता नवोन्मेषी होती है।कहने की जरूरत नहीं कि हमारे शिक्षण संस्थानों में सबसे ज्यादा जरूरत नवोन्मेष की है। उम्मीद है प्रोफेसर सदानन्द शाही अपनी नियुक्ति से पैदा हुई आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे और कुलपति पद की गरिमा को बहाल करने की दिशा में कुछ दूर चलकर मिसाल कायम करेंगे।



**हिमांशी गंगवार**
**(लेखिका काशी हिंदू विश्वविद्यालय में शोध छात्रा हैं)**

## गोलेन्द्र पटेल की कविताएं

### 1. प्रार्थना

प्रभु! / मैं जंगल हूँ/ मेरे हृदय का हरापन नष्ट हो रहा है/ कुछ कीजिए तुम्हारी इतनी की प्रार्थना /कि मरूस्थल हो गया/ अब तो पसीजिए!

### 2. इच्छा

प्रभु!/ मेरी यही इच्छा है/ कि धरती पर बारिश की धार बनती रहे कविता और गगन में गजल होती रहे/ उसकी हरियाली/ ताकि हृदय का हरापन नष्ट न हो!



### 3. मुक्ति

तुम्हारा भव ही/ मेरा भाव है प्रभु!/ भवचक्र से मुक्ति/ नहीं होती भँवर में डूबने से बचना
अब भाषा की धार हो पाना ही/ मुक्ति है मेरी!

**संपर्क : 8429249326**

# मिट जाने की हसरत अब दिले-बिस्मिल में है

**स्मरण**



**जाहिद खान**

देश इस साल आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सरकारी और गैऱ सरकारी स्तर पर कई बड़े आयोजन हो रहे हैं, जिनमें देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों को याद किया जा रहा है। आजादी, हमें यूं ही भीख या तोहफे.में नहीं मिल गई, यह लाखों देशवासियों की कुब़ार्नी का नतीजा है। इसे हासिल करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जेल़ में भयानक यातनाएं झेलीं, उनके परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा। हजारों फांसी पर चढ़े, तब जाकर आजादी का सुनहरा सबेरा निकलकर आया। आजादी के इस आंदोलन में अलग-अलग धाराएं मसलन कांग्रेसी अहिंसावादी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज, तो मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित क्रांतिकारी एक साथ काम कर रहे थे। सभी का आखिरी मकसद देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराना था। गदर पार्टी और हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े क्रांतिकारियों का यक़ीन सशस्त्र क्रांति पर था। उनकी सोच थी कि अंग्रेज हुकूमत से आजादी संघर्ष और लड़ाई से ही हासिल होगी। ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के आगे हाथ जोड़कर, गिड़गिड़ाने से देश आजाद नहीं होगा। आजादी, कुबार्नी मांगती है। ऐसे ही इंकलाबी पं. रामप्रसाद बिस्मिल थे। जिन्होंने उस जमाने में अपने बहादुरी भरे कारनामों से अंग्रेज हुकूमत को हिलाकर रख दिया था। महज 30 साल की उम्र में वे देश की आजादी के खातिर शहीद हो गए।

देश में चल रहे आजादी के आंदोलन से बिस्मिल शुरू से ही मुतास्सिर थे। उनके दिल में भी अपने देश के लिए कुछ करने का जज्बा था। इसी जज्बे के खातिर वे पहले आर्य समाज से जुड़े। रामप्रसाद बिस्मिल पर आर्य समाजी भाई परमानंद, जो कि गदर पार्टी से जुड़े हुए थे, का काफी असर था। अंग्रेजी हुकूमत ने लाहौर कांड में जब परमानंद भाई को फांसी की सजा सुनाई, तो बिस्मिल बद-हवास हो गए। उन्होंने गुस्से में ये कौल ली, वे इस शहादत का बदला जरूर लेंगे। चाहे इसके लिए उन्हें अपनी जान क्यों न कुर्ब़ान करना पड़े। आगे चलकर रामप्रसाद बिस्मिल ने मशहूर क्रांतिकारी पंडित गेंदालाल दीक्षित के संगठन ह्यमातृवेदीह्न से राब्ता कायम कर लिया। इस संगठन में पैदल सैनिकों के अलावा घुड़सवारों व हथियारों से लैस सैकड़ों क्रांतिकारियों का जत्था था। ह्यमातृवेदीह्न ने अंग्रेजों के खिलाफ जो सशस्त्र संघर्ष चलाया, पंडित गेंदालाल दीक्षित के साथ बिस्मिल ने उसकी लीडरशिप की। इन दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश सूबे के मैनपुरी, इटावा, आगरा व शाहजहांपुर आदि जिलों में बड़े ही प्लानिंग से एक मुहिम चलाई और नौजवानों को इस संगठन से जोड़ा।

रामप्रसाद बिस्मिल का शुरूआत में कांग्रेस से भी वास्ता रहा। उन्होंने साल 1920 में कलकत्ता और 1921 में अहमदाबाद में हुए कांग्रेस अधिवेशनों में भी हिस्सा लिया। अहमदाबाद अधिवेशन में जब मौलाना हसरत मोहानी ने कांग्रेस की साधारण सभा में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव रखा, तो रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और दीगर इंकलाबी खयालात के नौजवानों ने भी इसकी हिमायत की। लेकिन महात्मा गांधी ने इस प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया। बहरहाल, चौरीचौरा कांड के बाद, महात्मा गांधी द्वारा अचानक असहयोग आंदोलन वापस लेने के फैस़ले से क्रांतिकारी विचारों के नौजवानों को काफी निराशा हुई। उन्होंने जल्द ही एक जुदा राह इख़्तियार कर ली। तमाम इंकलाबी खयालात के नौजवान जिसमें भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाकउल्ला खां, राजगुरु, भगवतीचरण बोहरा, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, यशपाल, मन्मथनाथ गुप्त और दुर्गा भाभी आदि के साथ रामप्रसाद बिस्मिल शामिल थे, इंकलाब की रहगुजर पर चल निकले। साल 1917 की रूसी क्रांति इन नौजवानों के लिए एक मिसाल, एक प्रेरणा थी, जिसमें आम अवाम ने एकजुट होकर जारशाही को सत्ता से बेदखल कर दिया था। एक अहम बात और, क्रांतिकारी दल से जो भी नौजवान जुड़े थे, वे काफी पढ़े-लिखे थे। उन्होंने दुनिया भर का साहित्य पढ़ा था। उन्हें मालूम था कि गुलाम देशों में किस तरह से क्रांति आई थी। ये देश सदियों की गुलामी के बाद, कैसे आजाद हुए थे। खुद़ रामप्रसाद बिस्मिल ने अमेरिका को स्वाधीनता कैसे मिली, यह किताब लिखी थी। किताब लिखने का मकसद, देश की सोई हुई अवाम में आजादी का जज्बा जगाना था।

साल 1924 में रामप्रसाद बिस्मिल ने अपने कुछ क्रांतिकारी साथियों के साथ हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की। सचिन्द्र नाथ सान्याल संगठन के अहम कर्ता-धर्ता थे, तो वहीं रामप्रसाद बिस्मिल को सैनिक शाखा का प्रभारी बनाया गया। इस संगठन के माध्यम से क्रांतिकारियों ने पूरे देश में आजादी के आंदोलन को एक नई रफ़्तार दी। संगठन की तमाम बैठकों में सिर्फ. एक ही नुकते, देश की आजादी पर बात होती। यही नहीं अंग्रेज हुकूमत से किस तरह से निपटा जाए, क्रांतिकारी इसके लिए नई-नई योजनाएं बनाते। क्रांति के लिए हथियारों की जरूरत थी और ये हथियार बिना पैसों के हासिल नहीं हो सकते थे। यही वजह है कि रामप्रसाद बिस्मिल ने अपने कुछ साथियों के साथ मैनपुरी में एक डकैती डाली। इस डकैती में क्रांतिकारी दल के हाथ में काफी पैसा आया, जिससे उन्होंने हथियार खरीदें और अपनी क्रांतिकारी गतिविधियां तेज कर दीं। इस वाकये के बाद रामप्रसाद बिस्मिल अंग्रेजी हुकूमत की निगाहों में आ गए। सरकार उन पर नजर रखने लगी। बावजूद इसके रामप्रसाद बिस्मिल और उनका क्रांतिकारी दल अपने मकसद से बिल्कुल नहीं डिगा। जल्द ही उन्होंने एक और बड़ी योजना बनाई। यह योजना थी, सरकारी खजाने को लूटना। 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से लखनऊ जाने वाली ट्रेन को काकोरी स्टेशन पर लूट लिया गया। क्रांतिकारी, ट्रेन में रखे खजाने को लूटकर रफूचक्कर हो गए। क्रांतिकारियों का यह वाकई दुःसाहसिक कारनामा था। इस घटना से पूरे देश में हंगामा हो गया। अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ गई। अंग्रेज हुक्मरानों ने क्रांतिकारियों को गिरफ़्तार करने के लिए हर जगह अपने मुखबिर फैला दिए। क्रांतिकारी दल का एक साथी अंग्रेज पुलिस के हाथ लग गया। इसने पुलिस के आगे काकोरी ट्रेन डकैती कांड के सभी नायकों के नामों का खुल़ासा कर दिया। काकोरी कांड में शामिल सभी क्रांतिकारी गिरफ़्तार कर लिए गए। उन्हें जेल़ भेज दिया गया।

जेल़ में रामप्रसाद बिस्मिल और उनके क्रांतिकारी साथियों को पुलिस द्वारा कई प्रलोभन दिए गए कि वे सरकार से माफी मांग लें, उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। मगर वे इन प्रलोभनों में नहीं आए। रामप्रसाद बिस्मिल ने अदालत में अपने मामले की पैरवी खुद़ की। अदालत में अपनी दलीलों से उन्होंने सरकारी वकील और अंग्रेज जज को भी हैरान कर दिया। वकील लाख चाहने के बाद भी क्रांतिकारियों पर कोई इल्जाम साबित नहीं कर पा रहा था। काकोरी ट्रेन डकैती मामला, अदालत में तकरीबन डेढ़ साल चला। इस दरमियान अंग्रेज सरकार की ओर से तीन सौ गवाह पेश किए गए, लेकिन वे यह साबित नहीं कर पाए कि इस वारदात को क्रांतिकारियों ने अंजाम दिया है। बहरहाल, अदालत की यह कार्यवाही तो महज एक दिखावा भर थी। इस मामले में फैस़ला पहले ही लिख दिया गया था। क्रांतिकारियों को भी यह सब मालूम था, लेकिन वे जरा सा भी नहीं घबराए। अदालत के सामने बेखौफ बने रहे। आखिरकार, अदालत ने बिना किसी ठोस सबूत के रामप्रसाद बिस्मिल और उनके साथियों को काकोरी कांड का गुनहगार ठहराते हुए, फांसी की सजा सुना दी। इस एक तरफा फैस़ले के बाद भी आजादी के मतवाले जरा सा भी नहीं घबराए और उन्होंने पुरजोर आवाज में अपनी मनपसंद गजल के अशआर अदालत में दोहराए, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है/देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। यह अशआर अदालत में नारे की तरह गूंजा, जिसमें अदालती कार्यवाही देख रही अवाम ने भी अपनी आवाज मिलाई। साल 1927 की 19 दिसम्बर वह तारीख थी, जिस दिन पं. रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर की जेल में फांसी की सजा दी गई। फांसी देने से पहले जब बिस्मिल की आखिरी चाहत पूछी गई, तो उन्होंने बड़े ही बहादुरी से जवाब दिया, मैं अपने मुल्क से ब्रिटिश हुकूमत का खात्मा चाहता हूं। ब्रिटिश साम्राज्यवाद का नाश हो। जल्लाद फांसी का फंदा लेकर रामप्रसाद बिस्मिल की ओर बढ़ा, तो उन्होंने यह फंदा उससे छीनकर मुस्कराते हुए, खुद ही अपने गले में डाल लिया।



रामप्रसाद बिस्मिल और उनके क्रांतिकारी साथियों की शहादत से देशवासियों पर बेहद असर पड़ा। इस घटना से भगतसिंह भी प्रभावित हुए। उन्होंने जनवरी, 1928 में पंजाबी मासिक किरती में इस पूरी घटना का तफ़्सील से ब्यौरा देते हुए लिखा, फाँसी पर ले जाते समय आपने बड़े जोर से कहा, वन्दे मातरम ! भारतमाता की जय ! और शान्ति से चलते हुए कहा, मालिक तेरी रजा रहे और तू ही तू रहे, बाकी न मैं रहूँ न मेरी आरजू.रहे; जब तक कि तन में जान रगों में लहू रहे, तेरा ही जिक्र और तेरी जुस्तजू रहे ! फाँसी के तख़्ते पर खड़े होकर आपने कहा, मैं ब्रिटिश साम्राज्य का पतन चाहता हूँ ! उसके पश्चात यह शेर कहा, अब न अह्ले-वल्वले हैं और न अरमानों की भीड़, एक मिट जाने की हसरत अब दिले-बिस्मिल में है । अपने लेख के आखिर में भगतसिंह लिखते हैं, "आज वह वीर इस संसार में नहीं है। उसे अंग्रेजी सरकार ने अपना सबसे बड़ा खौफनाक दुश्मन समझा। आम खयाल यही था कि वह गुलाम देश में जन्म लेकर भी सरकार के लिये बड़ा भारी खतरा बन गया था और लड़ाई की विद्या से खूब परिचित था।" देश की आजादी को मिले भले ही 75 साल हो गए हैं, लेकिन पं. रामप्रसाद बिस्मिल और उनके क्रांतिकारी साथियों के बहादुरी भरे किस्से आज भी देशवासियों की जुब़ान पर हैं। इन क्रांतिकारियों की शहादत का ही नतीजा है कि हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# पीलीभीत मुठभेड़ कांड पर अब नयी बहस

**प्रसंगवश**



**अमरीक सिंह**

क्या आपको 12 जुलाई, 1991 में उत्तर प्रदेश के जिले पीलीभीत पुलिस द्वारा 11 सिखों को फर्जी मुठभेड़ में मार देने की क्रूरतम घटना याद है? जिन्हें नहीं याद, उन्हें बताते हैं। इस तारीख को पीलीभीत पुलिस ने जिले के कछला घाट इलाके में ग्यारह बेगुनाह सिखों को एक बस से निकालकर, अलग-अलग ले जाकर मार डाला था। फिर इस करतूत पर पुलिस महकमे में नीचे से लेकर ऊपर तक झूठी दलील दी गई कि ये सिख कुख्यात खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट के आतंकवादी थे। पहले--पहल राज्य की शिखर शासन व्यवस्था ने भी पुलिस की निहायत झूठी थ्योरी को सही करार दिया और देशभर में हुई चर्चा तथा पंजाब से उठी विरोधी आवाजों को दरकिनार कर दिया। अदालती दबाव में जांच करवाई गई तो पाया गया कि इस क्रूरतम घटना को 43 पुलिसकर्मियों ने शाबाशी व तरक्की के लालच में अंजाम दिया। 11 लोगों के पुलिसिया गोलियों से छलनी शव पीलीभीत के न्योरिया, बिलसांदा और पूरनपुर थाना क्षेत्रों के क्रमशः धमेला कुआं, फगुनिया घाट व पट्टाभोजी में बरामद हुए थे। इनमें से एक छोटा बच्चा भी था, जिसका अब तक कोई अता--पता नहीं और जाहिर है कि वह भी दुनिया में नहीं होगा। अनेक मानवाधिकार संगठनों, एमनेस्टी इंटरनेशनल और पंजाब सहित कई प्रदेशों के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की इस करतूत के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई थी। राज्य सरकार की खामोशी कमोबेश कायम रही तो पीड़ित परिवारों और मानवाधिकार संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और उसकी हिदायत पर सीबीआई जांच कराई गई। सीबीआई ने गहन जांच में साफ पाया कि पीलीभीत पुलिस के हाथों मारे गए सिख कतई आतंकवादी नहीं थे। जिस बस में से पुलिस ने उन्हें निकालकर बेरहमी से मारा, उस बस में कुल 25 यात्री स्वार थे। दरअसल, यह सिखों का वह जत्था था जो नानकमत्ता, श्री हजूर साहिब और अन्य गुरुद्वारों के दर्शनों के बाद वापस लौट रहा था। जिन्हें पुलिस ने चुन--चुन कर निकाला और अपनी नीली बस में जबरन बैठा लिया--बाद में पास के जंगल के अलग-अलग हिस्सों में उनके मृत शरीर मिले और प्रेस (तब मीडिया शब्द का प्रयोग न के बराबर होता था) को मिला हत्यारी पुलिस और उसके पैरोकारों का यह दावा कि ये हथियारबंद आतंकी थे। इनमें शुमार शाहजहांपुर का रहने वाला बच्चा तलविंदर सिंह भी! जो जिंदा या मुर्दा, अभी तक बरामद नहीं हुआ। मतलब साफ है कि मारकर उसका शव खुर्द-बुर्द कर दिया गया होगा।

पीड़ित परिवारों ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक इंसाफ के लिए गुहार लगाई लेकिन उनका पक्ष सुना तक नहीं गया और पुलिस की बनाई कहानी को ही सही ठहराया गया। इंसाफ की आस में पीड़ित परिवारों और मानवाधिकार संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अदालत के आदेश पर मामला सीबीआई के हवाले किया गया। सीबीआई ने जांच में 43 पुलिस वालों को फर्जी मुठभेड़ का गुनाहगार पाया। सीबीआई की तथ्यात्मक रिपोर्ट पर निचली अदालत ने 4 अप्रैल 2016, यानी जख्म मिलने के 31 साल बाद, हत्याकांड के दोषी ठहराए गए तमाम पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ जुमार्ना भी लगाया। सजायाफ्ता पुलिसकर्मी बाद में खुद को बेकसूर बताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट चले गए। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने नए सिरे से सुनवाई की और इसी 15 दिसंबर को फैसला सुनाते हुए 43 पुलिसकर्मियों को गैरइरादतन हत्या का दोषी बताते हुए उनकी सजा में कटौती कर दी। हाईकोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए, उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी और उसे सात--सात साल की सजा में तब्दील कर दिया। जुमार्ने की रकम भी घटाकर 10--10 हजार रुपए कर दी। जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सरोज यादव की खंडपीठ के समक्ष अभियुक्त पुलिसकर्मी देवेंद्र पांडे व अन्य अभियुक्तों के वकीलों ने पुलिस कर्मियों की उम्रकैद सजा का विरोध करते हुए कहा कि मारे गए कई लोगों का लंबा अपराधिक इतिहास था और वे खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट के सक्रिय सदस्य थे। सीबीआई ने अपनी छानबीन में ऐसा कुछ नहीं पाया था। हालांकि हाईकोर्ट ने भी अपने 179 पन्ने के आदेश में कहा कि मारे गए ज्यादातर लोगों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। ऐसे में बेगुनाहों को आतंकवादी बताकर मार डालना नाजायज है। खंडपीठ के मुताबिक अभियुक्तों और मृतकों के बीच कोई निजी दुश्मनी नहीं थी। तमाम अभियुक्त (यानी पुलिसकर्मी) सरकारी मुलाजिम थे और उनका उद्देश्य कानून व्यवस्था कायम करना था। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन लोगों ने अपनी शक्तियों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया। साथ ही खंडपीठ ने दोषी पुलिसकर्मियों पर लगाई गई दंड संहिता 302 की धारा को 304--1 में तब्दील कर दिया। इससे हत्यारे पुलिसकर्मी अब उम्रकैद की सजा से राहत पा गए हैं और उनके द्वारा दी जाने वाली जुमार्ने की राशि भी कम हो गई है। अब वे गैर इरादतन कत्ल के दोषी हैं। बेशुमार वालों में से एक यह भी है कि अगर मारे गए निहत्थे लोगों का किसी किस्म का कोई अपराधिक अतीत था भी, तो भी क्या उन्हें इस मानिंद मौत की नींद सुला देने का अधिकार पुलिस को किसने दिया फर्जी मुठभेड़ के गुनाहगार हत्यारे पुलिसकर्मियों को यह राहत, मारे गए बेगुनाहों के परिवारों के लिए जख्म नए सिरे से हरे करने सरीखा है।

चौतरफा चर्चा है कि माननीय इलाहाबाद हाईकोर्ट को इतनी रियायत नहीं बरतनी चाहिए थी। सीबीआई रिपोर्ट पर आधारित निचली अदालत का फैसला बहाल रहता तो तमाम उन पुलिसकर्मियों के लिए कड़ा संदेश होता जो पदोन्नति के लिए बेगुनाहों का 'शिकार' करते हैं। पीलीभीत पुलिस ने जब यह फर्जी मुठभेड़ अंजाम दी, तब पंजाब में आतंकवाद जोरों पर था और बड़े अफसरों के इशारों पर फर्जी पुलिसिया मुठभेड़ों का सिलसिला भी अनवरत सरेआम चल रहा था। फर्जी मुठभेड़ों में संलिप्त पंजाब के पचासों पुलिसकर्मी बाद में (ज्यादातर सीबीआई जांच के बाद) जेल की सलाखों के पीछे हैं और सैकड़ों ऐसे हैं जो आधे--अधूरे सबूतों की बिना पर छुट्टा घूम रहे हैं। पंजाब का वह काला दौर अनूठा था। आतंकवादी तो कहर बरपा ही रहे थे। पुलिस और उसके आला अफसर भी पीछे नहीं थे। पुलिस कई गांवों में लाइनों में खड़ा करके बेकसूर सिख नौजवानों को बेरहमी से हथियारों से निकले बारूद से भून देती थी। ऐसा करने वालों को शाबाशी मिलती थी और पैसा तथा प्रमोशन भी। तब यह पंजाब में एक रिवाज--सा हो गया था। यकीनन पीलीभीत के फर्जी मुठभेड़ करने वाले हत्यारे पुलिसकर्मी पंजाब में चल रही इस प्रक्रिया से गहरे प्रेरित थे और हर उस हथकंडे से बखूबी वाकिफ भी, जो लहूलुहान पंजाब की पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल कथित तौर पर अपनाए हुए थे। पीलीभीत के पीड़ित परिवारों को 31 साल लंबा इंतजार इंसाफ के लिए करना पड़ा और पंजाब में अब भी इंसाफ के लिए अर्जियां विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। पंजाबी कवि सुरजीत पातर के लफ़्जों में कहे तो इंसाफ के इंतजार में वृक्ष--से बन गए हैं! हर पखवाड़े दशकों पहले हुईं फर्जी मुठभेड़ के लिए पुलिसकर्मियों को दोषी ठहरा कर जेल भेजे जाने का सिलसिला जारी है। जाहिरन पीलीभीत घटनाक्रम में हाईकोर्ट की खंडपीठ का जो ताजा फैसला आया है, उसका प्रभाव अन्य फर्जी मुठभेड़ों पर आए कड़े अदालती फैसलों पर भी पड़ेगा। खासतौर पर पंजाब में दोषी पुलिसकर्मियों के वकील इसे मिसाल के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। सवाल है कि क्या माननीय अदालतों को सीबीआई जांच रिपोर्ट और पीड़ितों की बदहाली अथवा दशा में जो विसंगतियां दिखाई देती हैं, उन्हें खुलकर रेखांकित क्यों नहीं किया जाता? सीबीआई को पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ पर 15 दिसंबर 2020 के फैसले के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट जाना चाहिए। इससे उसकी साख भी बचेगी और पीड़ित परिवारों को कुछ राहत भी मिलेगी। यह फैसला पंजाब में अगर नजीर बन जाता है तो बहुत नागवार होगा।

देश के अन्य हिस्सों के ज्यादातर लोग एवं मीडियाकर्मी और पंजाब की नई पीढ़ी मानती है कि इस राज्य में पहले दौर के आतंकवाद को शासन व्यवस्था पर काबिज नौकरशाहों, राजनीतिकों और खाकी वर्दी वालों ने खत्म किया। यह अधूरे से भी अधूरा सच है। पहली बात तो यह है कि इस सूबे से आतंकवाद कभी पूरी तरह गया ही नहीं। (समकालीन पंजाब में हो रहा खून खराबा इसकी जिंदा मिसाल है)। जितना गया और अमन तथा सद्भाव की बहाली हुई, उसमें अवाम (हिंदू--सिख, दोनों समुदायों का) बहुत बड़ा योगदान है। वामपंथी संगठनों और गांधीवादी कांग्रेसियों का भी, जिन्होंने बेमिसाल कुर्बानियां देकर पंजाब को बचाया। दक्षिणपंथी तक तब लिखते और मानते थे कि दुनिया भर में कम्युनिस्टों के (कथित) पाप एक तरफ हैं और पंजाब में उनके बलिदानी काम बेमिसाल होकर दूसरी तरफ! खैर, पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ घटनाक्रम पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला अपने आप में कई सवाल खड़े करता है? जिनके जवाब भविष्य के गर्भ में निहित हैं जल्दी सामने आएंगे। अपनी पूरी नकारात्मकता के साथ।

**( लेखक जाने-माने स्तंभकार और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# यह कर्नाटक की भूमि पर ही संभव था: मदन कश्यप

**( देश की सॉफ्टवेयर राजधानी बेंगलूरु के हिंदी रचनाकारों की प्रसिद्ध शब्द साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में 18 दिसम्बर को हिंदी के मूर्धन्य कवि मदन कश्यप को उनकी काव्य कृति पनसोखा है इंद्रधनुष के लिए एक लाख रुपये का अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान तथा प्रो0 ए अरविंदाक्षन को दक्षिण भारत में हिंदी भाषा एवं साहित्य के संवर्द्धन में उल्लेखनीय अवदान के लिए 21 हजार रुपये का दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कवि मदन कश्यप ने जो वक्तव्य दिया, वह इस प्रकार है।)**

प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द के सम्मानित अध्यक्ष समीर जी, मुख्य अतिथि आदरणीय ओम थानवी जी, मंच पर विराजमान बाबूलाल गुप्ता जी, श्रीकांत पाराशर जी, शब्द की संस्थापिका सरोजा जी, सचिव श्रीकांत शर्मा जी और मित्रो !

मैं सबसे पहले शब्द और इससे जुड़े सभी रचनाकारों और संस्कृतिकर्मियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं । आपने भारतीय स्तर पर हिंदी भाषा के नए सृजन को विशिष्ट पहचान देने के लिए हिंदी के महान कवि सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय के नाम पर पुरस्कार की शुरूआत जिस बड़े स्तर पर की है, चयन के लिए जो बहुस्तरीय प्रक्रिया अपनाई है और आज जिस प्रकार का यह भव्य आयोजन किया है, उससे देश की अन्य संस्थाओं को भी कुछ सीखने और कुछ बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी । यहां मैं जो कुछ होता देख रहा हूं, निश्चित रूप से यह बेंगलूरु यानी कर्नाटक की भूमि पर ही संभव था । सबसे पहले और इससे भी पहले मैं इस भूमि को नमन करता हूं । आज मुझे अक्क महादेवी याद आ रही हैं । दूसरी सहस्त्राब्दी की प्रारंभिक शताब्दियों के तमाम महान संत कवि याद आ रहे हैं, जिनके माध्यम से उत्तर भारत में भक्ति का प्रसार हुआ और उसके आंदोलन का रूप लेने के दौरान ही उत्तर में विद्यापति, सूर, कबीर, जायसी, मीरा, रैदास, और तुलसीदास जैसे महान संत कवि पैदा हुए । आज भी भक्ति काल को ही कविता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ काल माना जाता है । तमिलनाडु के अलवार और नयनार संतों की की भक्ति परंपरा कन्नड़ के संत कवियों के माध्यम से ही पहुंची होगी। महादेवी के साथ हम बसवन्ना और अल्लामा प्रभु को भी याद करते हैं। हालांकि,इनमें से किसी की भी रचना आज हिन्दी में सहज



उपलब्ध नहीं है। लेकिन मध्वाचार्य का योगदान तो सामने है।

दक्षिण और उत्तर का संबंध कोई अल्प ज्ञात मामला नहीं है । आप सब जानते हैं और आप में से बहुत लोग मुझसे ज्यादा बेहतर जानते हैं । दरअसल भारतीय संस्कृति का निर्माण इस आवाजाही से ही संभव हुआ है । मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह मिथिला वैशाली की ऐसी भूमि है, जहाँ से उपनिषद का ज्ञान प्रकाश में आया था । प्रारंभिक युग में कुरु पांचाल की कर्मकांडी संस्कृति से उसकी टकराहट भी हुई थी । तब, कुछ दिनों बाद, दक्षिण के ही प्रकांड पंडित शंकराचार्य ने टकराहटों को समाप्त करके ज्ञान को विस्तार दिया और उसे समावेशी बनाया । इस पर बात करने का अभी उचित समय शायद नहीं है । फिर भी एक बात कहना चाहूंगा कि धर्म और राजसत्ता टकराहट पैदा करके समाज को विभाजित करती है, जबकि संस्कृति और साहित्य प्रेम और एकता के सूत्रों को तलाश कर लोगों को आपस में जोड़ते हैं । उस दौर के शैव और वैष्णव कवियों की वाणी भी सत्ताधारी समूह द्वारा पैदा की गई टकराहटों के विरुद्ध ही फूटी थी । आज भी राजनीति तरह-तरह की टकराहटें पैदा करने में लगी है , जबकि साहित्य, संगीत और कला से जुड़े लोग और संस्थाएं समाज को जोड़ने में लगे हैं । मैं ऐसे लोगों में ही शामिल हूं और ऐसी संस्थाओं के लिए और ऐसी संस्थाओं के साथ ही खड़ा हूं । शब्द से भी मेरा तार इसी रूप में जुड़ा है ।

कुछ और बातें भी हैं । बेंगलूरु में जुट रहे हिंदी समाज पर भी चर्चा होनी चाहिए । लेकिन अभी मैं कन्नड़ और मलयालम भाषी विद्वानों और रचनाकारों द्वारा हिंदी को बृहत्तर भारतीय समाज तक ले जाने के जो उपक्रम किए जा रहे हैं, उन सबका अभिनंदन करना चाहूंगा । इसी क्रम में अपने अग्रज और प्रिय रचनाकार श्री ए अरविंदाक्षन का हार्दिक स्वागत करता हूं और शब्द के प्रति इस बात के लिए अलग से आभार प्रकट करता हूं कि उसने दक्षिण भारत में हिंदी की सेवा करने वाले लेखकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है और प्रथम दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान के लिए अरविंदक्षन जी को चुना है । हालांकि उनका लेखन राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित, स्वीकृत और सम्मानित है, फिर भी दक्षिण में उनके विशेष योगदान की चर्चा तो होनी ही चाहिए ।

बात कुछ कविता की भी होनी चाहिए । लेकिन आज मैं इससे बचना चाहता हूं । आत्म प्रचार और आप दया दोनों में से कुछ भी मेरे लिए उचित नहीं है । मैं इस बात के लिए भी शब्द के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने श्री ओम थानवी जैसे प्रख्यात पत्रकार और लेखक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और मुझे उनके हाथों पुरस्कृत होने का अवसर मिला ।

अब बस एक वाक्य नए बंगलूरु के लिए । सूचना प्रौद्योगिकी के विस्फोट के बाद के नए समाज में देशभर के युवाओं का जो जुटान यहां हो रहा है, वह मुझे कर्नाटक संगीत की तरह ही प्यारा लगता है । उतना ही अलग और उतना ही विशिष्ट । धन्यवाद ।

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# 60 अध्यापकों को डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

**जनसंदेश न्यूज**


एक अध्यापक को नियुक्ति पत्र देते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** मिशन रोजगार के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार को प्रदेश के शासकीय माध्यमिक विद्यालय हेतु चयनित 1995 प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इसी क्रम में नेहरू हाल में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद के 8 सहायक अध्यापक एवं 52 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

नवनियुक्त प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में आप सभी को आगामी जीवन के संबंध में महत्वपूर्ण मूल मंत्र दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम सभी शासकीय कर्मचारियों को शासकीय दायित्वों के निर्वहन के वक्त मूल मंत्रों का ध्यान रखना चाहिए, चाहे वह शिक्षक हो या प्रशासनिक अधिकारी या अन्य कर्मचारी हो। इस राज्य की जनता द्वारा दिए गए टैक्स से हमें सैलरी मिलती है। उन्होंने कहा कि बजट का सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा के क्षेत्र में दिया जाता है, उसमें से लगभग 90 प्रतिशत शिक्षकों की सैलरी में दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि इस पृष्ठभूमि पर सोचोगे तो आप सभी का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान है एवं बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। यदि युवा पढ़ा-लिखा एवं उनमें संस्कार हो, उनमे अनुशासन हो, तो वह उसके अध्यापकों एवं माता-पिता का योगदान होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, ध्रुव सिंह, ऋषिकांत राय, सांसद प्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

## नई पीढ़ी को नई टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन दे रही सरकारः सांसद

**जनसंदेश न्यूज**


स्मार्ट फोन के साथ छात्र, छात्राएं।

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के पंडित नगीना महाविद्यालय जोकहरा लाटघाट के प्रांगण में 402 छात्र-छात्राओं को सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए।

अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षण में स्मार्टफोन की उपयोगिता के बारे में बताया। सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने नई पीढ़ी को तकनीकी से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नौजवानों को स्मार्टफोन देकर नई टेक्नोलॉजी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

विद्यालय के व्यवस्थापक मनीष मिश्रा उर्फ पिंटू मिश्रा ने सांसद का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ.सुधांशु त्रिपाठी, पंडित नगीना फामेर्सी कॉलेज के प्रबंधक अनिल पांडेय, प्राचार्य विभूति नारायण पांडेय, अरविंद जयसवाल, ध्रुव कुमार सिंह, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अलका मिश्रा तथा संचालन प्रमोद राय ने किया।

इसी क्रम में सगड़ी तहसील क्षेत्र के शशि आईटीआई मिश्रपुर में छात्रों को टेबलेट वितरित किया गया। प्रबंधक शशि राय ने ह्यतकनीकी छात्रों को दुनिया करलो मुट्ठी में की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य सर्वजीत यादव, प्रमोद यादव, दिव्यांशु, विपिन सिंह, राज कुमार, सूरज, अनुज, विवेक, प्रिंस, अभिषेक, राजन, अजय, अखिलेश, सुधीर राम, आलोक, रघुवीर आदि रहे।

# खूनी संघर्ष में एक की मौत

**दो घायल**

**हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती**

**मौके पर पुलिस बल तैनात**

**जनसंदेश न्यूज**


घटना के बाद मुसरहवा गांव में तैनात पुलिस बल।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत श्रीनगर सियरहां के मुसरहवा गांव में रविवार की सुबह सूखा पेड़ काटने को लेकर सगे भाईयों में खूनी संघर्ष हो गया। खूनी संघर्ष में जहां एक की मौत हो गयी वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

उक्त गांव निवासी सुभाष द्वारा रमेश के परिवार के साथ सूखा पेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया। टांगी, रंबा और लाठी डंडे से खूनी संघर्ष हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी मां व भाई गंभीर रूप से घायल हैं दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर महाराजगंज, जीयनपुर और बिलरियागंज पुलिस दल बल के साथ पहुंच गयी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बिलरियागंज थाना अंतर्गत श्रीनगर सियरहां के मुसरहवा गांव निवासी घायल 22 वर्षीय पिंटू यादव पुत्र रमेश यादव ने बताया कि बंटवारे का पुराना विवाद भी हमारे चाचा सुभाष यादव से चल रहा था। घर के सामने खेत है जिसमें एक पुराना शीशम का सूखा पेड़ है। सुबह विपक्षी उस पेड़ को जबरदस्ती काट रहे थे और उसकी झांगी मेरे खेत में रख रहे थे जिसका विरोध करने पहुंचे उसके छोटे भाई 20 वर्षीय रिंकू यादव को विपक्षियों ने कुल्हाड़ी और लाठी डंडे से कई वार कर घायल कर दिया जिसको बचाने गए पिंटू और उसकी मां फुलवासी देवी को भी विपक्षियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच बचाव करते हुए घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने रिंकू यादव को मृत घोषित कर दिया। रिंकू तीन भाइयों में छोटा था और बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वही फूलवासी देवी और पिंटू को भर्ती कराया गया है।

फूलवासी के पैर में टांगी से गहरा जख्म है डॉक्टरो ने पिंटू की भी हालत गंभीर बताई है। बिलरियागंज थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि अभी मृतक के परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने अमृत सरोवर व मिनी आरो प्लांट का किया शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जमसर ग्राम सभा में अमृत सरोवर व मीनी आरो प्लांट का सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने फीता काटकर शुभारंभ किया।


अमृत सरोवर का फीता काटकर उद्घाटन करते सदर सांसद दिनेश लाल यादव।

आजमगढ़ -गोरखपुर मुख्य मार्ग पर जमसर ग्राम सभा में सरकार द्वारा संचालित अमृत सरोवर योजना के तहत लगभग 12 लाख रुपए से अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। उसके चारों तरफ सीसी मार्ग, सोलर लाइट व सुंदरीकरण का कार्य कराया गया है जिसका सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने शुभारंभ किया। इस दौरान अमृत सरोवर के लाभ के विषय में ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। वहीं लोगों से अमृत सरोवर की निरंतर साफ-सफाई व देखरेख की अपील की। ग्राम सभा में क्षेत्र पंचायत द्वारा लगभग 3 लाख रुपए से मीनी आरो प्लांट का नरईपुर बाजार में निर्माण का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान अजमतगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा उर्फ पिंटू, ध्रुव कुमार सिंह, अरविंद जय, राधेश्याम सिंह उर्फ खटालू, ग्राम प्रधान मनीराम, सचिव अभिषेक प्रभाकर, जेई धर्मेंद्र सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने फूंका पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला


माहुल में बिलावल भुट्टो का पुतला फूंकते भाजपाई।

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ़)।** प्रधान मंत्री पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह की अध्यक्षता में रविवार को माहुल कस्बे के रामलीला मैदान में सभा कर पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और माहुल नगर पंचायत के प्रभारी रमाकांत मिश्र ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी कर अपनी नीचता का परिचय दिया है। पाकिस्तान ही ऐसा देश है जो कि आतंकियों को पनाह देता है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरो के टुकड़ों पर पलने वाले देश के विदेश मंत्री अपनी गिरेबान में झांके। आज पूरी दुनिया मोदी के सामने नतमस्तक है। ऐसे व्यक्तित्व पर अमर्यादित टिप्पणी छोटा मुंह बड़ी बात है। इस अवसर पर भाजपा लालगंज के जिला मंत्री दिलीप सिंह, संयोजक विष्णु कांत पांडेय, सुजीत जायसवाल आंसू, संजय मोदनवाल, हरिकेश गुप्ता, धरणीधर पांडेय, बृजेश मौर्य, अंजू श्रीवास्तव, सैफ अब्बास रिजवी, दिलशाद कुरैशी, विमलेश पाण्डेय, सलमान कुरैशी, राकेश सिंह, धर्मेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

# 153वें जन्मोत्सव पर याद किये गये ठाकुर अनुकूल चंद्र

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** ठाकुर अनुकूल चन्द्र का 135वां जन्मोत्सव नगर से सटे छतवारा स्थित नन्दगांव कालोनी में धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों ने गुरूवन्दना कर अपने गुरू को नमन किया। अनुकूल चन्द्र के शिष्यों ने भजन नाम, ध्यान तथा उनके जीवन के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा किया और 12 वर्ष के बाद दीक्षा लेकर दक्षता प्राप्त करने पर जोर दिया। दीक्षा देने के लिए छपरा से आए सहप्रति ऋत्विक डा.विनय प्रसाद एसपीआर ने श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के बारे कें श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया और इस मौके पर बहुतों को दीक्षा दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत प्रसाद सिंह, संजय कुमार गुप्ता, घृति नारायण दास, राही दा, प्रदीप सिंह, ओम प्रकाश रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश सोनकर, अच्छेलाल सोनकर, अमीर चन्द्र सोनकर, संतोष त्रिपाठी, रूपेश त्रिपाठी, धीरू, रामाश्रय सिंह आदि मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**जनसंदेश न्यूज**


सर्वोदय पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम तथा फन एण्ड फूड कार्नवाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शक्ति मोहन अवस्थी (आईपीएस) एएसपी आजमगढ़ तथा विशेष मुख्य अतिथि डॉ.अनूप सिंह यादव (न्यूरो सर्जन) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना के साथ की गई। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ड्रिल डांस, आज है संडे के गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस वार्षिकोत्सव का उद्देश्य आजादी के 75वें वर्ष में एक भारत श्रेष्ठ भारत की स्थापना व अनेकता में एकता को पिरोकर, बच्चों को इस लायक बनाना कि भविष्य में वे इसके अनुकूल अपने आपको ढाल सकें। विद्यालय के रॉक-बैंड की तरफ से वाद्य यंत्रों द्वारा शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अन्त में लकी ड्रा के माध्यम से बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि यह वार्षिक कार्यक्रम बच्चों के चैतरफा विकास का माध्यम है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय का होना महत्वपूर्ण है। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने वार्षिक उत्सव पर बच्चों के आत्म विश्वास की सराहना की।

प्रधानाचार्य सर्वोदय पब्लिक स्कूल ने कहा कि भावी नागरिकों को आत्मनिष्ठ मानसिकता को त्याग कर वस्तुनिष्ठ मानसिकता रखते हुए अपने प्रबुद्ध शिक्षकवृन्द के कुशल निर्देशन से लाभान्वित होने का प्रयास करना चाहिए जिनसे उनका सर्वांगिण विकास होता है।

इस अवसर पर कंचन यादव, डॉ.कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, डॉ. रामबहादुर यादव, प्रभुनारायण पाण्डेय, पूनम तिवारी, डॉ.डीपी राय, डॉ.एके राय, देवी प्रसाद मौर्या, रमाकान्त वर्मा, अशोक श्रीवास्तव, विजय शंकर यादव आदि उपस्थित थे।

# सांसद ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**नगर पंचायत**

**अजमतगढ़ नगर पंचायत में हुई भाजपा की बैठक**

**जनसंदेश न्यूज**


सांसद दिनेश लाल यादव को माला देकर स्वागत करती नीतू जायसवाल।

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ नगर पंचायत में चुनाव से पूर्व, सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

अजमतगढ़ नगर पंचायत स्थित एक मैरिज हाल में नगर पंचायत चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नगर पंचायत चुनाव में विकास के लिए तीन इंजन की सरकार नगर पंचायत, प्रदेश व राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक बताया। वही मौजूद कार्यकताओं को गीत सुनाकर भाव विभोर कर दिया। गीत के माध्यम से विकास के लिए एक ही मंत्र है कमल और कमल को लेकर अभी से सभी लोग नगर पंचायत चुनाव में जी जान से लग जाएं। जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के पेंच कसते हुए जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक को भाजपा नेता अजमतगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा उर्फ पिंटू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा की प्रभारी प्रत्याशी नीतू जायसवाल ने सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ व ध्रुव कुमार सिंह को माला देकर स्वागत किया। बैठक में विजय पटेल, राधेश्याम कनौजिया, सोनू सिंह, सुदर्शन वर्मा, सर्वेश जयसवाल, विपिन जयसवाल, प्रिंस साहनी, राजा मौर्या आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बढ़ रही ठंड, नहीं जल रहे अलाव

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** दिसम्बर माह में इधर दो दिन से ठंड का असर दिखने लगा है। ठंड बढ़ते ही हर किसी को अलाव और सरकारी कम्बल की तलाश होने लगी है। निराश्रित ब्यक्ति को सब सहायता की आवश्यकता होती है और चैक चैराहों पर आम आदमी यात्री को अलाव की जरूरत होती है। परंतु कहीं भी अलाव जलता नहीं दिखायी दे रहा है।

खासकर सवारी वाहन रिक्शा ट्राली और मजदूरों को अलाव की तलाश रहती है। वैसे गावों में अलाव जलने लगे हैं। सुबह मार्निंग वाक की संख्या कम होने लगी है। सब मिलाकर सरकारी अमला अभी तक किसी प्रकार की तैयारी नहीं कर सका है। इस संबंध में तहसीलदार फूलपुर संजय कुशवाहा ने बताया कि जिले से अभी कम्बल बितरण के सम्बन्ध में कोई निर्देश नहीं मिला है न ही कम्बल आये हैं। अलाव के लिए धन मिला है। थोड़ा और ठंड बढ़े तो अलाव की ब्यवस्था की जायेगी।

# प्रभाकर सिंह अध्यक्ष तो जयप्रकाश मंत्री निर्वाचित

**आजमगढ़।** दीवानी बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रभाकर सिंह अध्यक्ष तथा जयप्रकाश यादव मंत्री निर्वाचित हुए। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही समर्थक अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को फूल मालाओं से लाद दिया। अध्यक्ष पद पर प्रभाकर सिंह को कुल 552 वोट मिले। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी को 443 मत मिले। वीरेंद्र यादव 332 मत पाकर तीसरे नंबर पर तथा प्रमोद कुमार सिंह 279 मत पाकर चैथे स्थान पर रहे। पांचवे प्रत्याशी विनय कुमार यादव को मात्र 51 मत मिले। इसी प्रकार मंत्री पद पर जयप्रकाश यादव 479 मत पाकर विजयी रहे। दूसरे नंबर पर आनंद श्रीवास्तव रहे उनको 338 मत प्राप्त हुए। इस पद के अन्य प्रत्याशी नीरज द्विवेदी को 204 मत, अरुणेंद्र कुमार सिंह को 199 मत, नीरज राय को 175 मत, रमापति सिंह यादव को 143 मत, कृष्ण कुमार पांडेय को 69 मत, संतोष दूबे को 45 मत, सत्येंद्र सिंह को 17 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मिर्जा रेहान कैसर 724 मत पाकर विजयी हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी परवेज अहमद को 409 मत मिले। इस पद के दो अन्य प्रत्याशियों शांति स्वरूप मिश्रा को 258 मत तथा विजय बहादुर राय को 256 मत प्राप्त हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पदों पर नायब यादव 763 मत तथा दिनेश कुमार सिंह 581 मत पाकर विजयी रहे। सह मंत्री के तीन पदों पर प्रेम प्रकाश सिंह 796 मत, रत्नेश्वर कुमार पांडेय 788 मत तथा मोहम्मद मेंहदी 702 मत पाकर जीते।


दीवानी बार चुनाव में विजयी प्रत्याशी।

दीवानी बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए सभी अधिवक्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षेप

### अल्पसंख्यक कल्याण दिवस पर लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मदरसा जामिया अरबिया तनवीरूल ओलूम नौशहरा जीयनपुर में अल्पसंख्यक कल्याण दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वक्फ निरीक्षण अधिकारी ने विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। रविवार को अल्पसंख्यक कल्याण दिवस पर छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मनोज राय वक्फ निरीक्षण अधिकारी ने रियासत हुसैन प्रधानाचार्य व प्रबंधक गुलाम मोहम्मद रिजवी के साथ कक्षावार प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। वही बच्चों से जानकारी ली व उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मदरसा प्रबंधक द्वारा प्रतीक चिन्ह व बुके देकर वक्फ निरीक्षण अधिकारी मनोज राय का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मारिया परवीन, रेशमा खातून, तरन्नुम बानो, अख्तर, मौलाना अब्बास अली, मौलाना फैयाज अहमद आदि उपस्थित रहे।

### जादूगर ने किया वृद्धजनों का मनोरंजन



**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बघौरा इनामपुर में स्थित वृद्धा आश्रम में रविवार को वृद्ध केयर सेंटर नई दिल्ली के बैनर तले आयोजित आकर्षक मैजिक शो का आयोजन हुआ। जिसमें जादूगर बीके पासा द्वारा वृद्धजनो के मनोरंजन के लिए दर्जनों तरीके के जादू दिखाये गये और सैकड़ों की संख्या में उपस्थित वृद्धजनों ने खूब मनोरंजन किया। जादूगर ने बताया कि हमारी संस्था की मुख्य शाखा दिल्ली में स्थित है। हमारी शाखा के दर्जनों लोग प्रदेशों में स्थित वृद्धा आश्रम में जा जाकर वृद्धों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। इसका एक मुख्य उद्देश्य वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध महिलाओं और पुरुषों को हर तरीके की खुशी प्रदान करना है। इस मौके पर ग्राम प्रधान बाल गोविंद यादव, समाजसेवी प्रिया अग्रवाल, संतोष कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष अरविंद राय ने सभी का आभार प्रकट किया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के कोठिया गांव में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। प्रयास सामाजिक सेवा संगठन और ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित शिविर में डा.विरेंद्र पाठक, डा.एसपी सिंह, डा.शैलेंद्र सिंह, डा.अनिल गौड़, डा.उत्तम राय आदि चिकित्सकों ने आए हुए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। संयोजक आचार्य पवन पांडेय ने कहा कि गांव में ऐसे शिविर के आयोजन से लोगों को काफी लाभ मिलता है। खासतौर से ऐसे लोग जो धन के अभाव में समय पर जांच नहीं करा पाते और मामूली बीमारी भी घातक हो जाती है। संगठन के रणजीत सिंह ने सामाजिक उद्देश्य पर प्रकाश डाला। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### गायब किशोर को पुलिस ने किया बरामद



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** घर से भाग कर डांस सीखने गये किशोर को शनिवार को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के गाहूखोर का है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के गाहूखोर निवासी अंगद गोड़ 14 वर्ष पुत्र गोपाल गोड़ 12 दिसंबर को घर से स्कूल के लिए निकला और लापता हो गया। खोजबीन के बाद परिजनो ने सूचना पुलिस को दी। मां गायत्री देवी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार मिश्र ने बताया कि किशोर डांस सीखने के लिए परिजनों को बगैर बताए चला गया था। शनिवार को पुलिस ने अंबेडकर नगर से किशोर को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बच्चे को पाकर परिजन प्रसन्न नजर आये।

### सभी नगर पंचायतों में भाग्य आजमायेगा साहू गांधी समाज

**आजमगढ़।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर राष्ट्रीय साहू गांधी समाज की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पार्टी कार्यालय पर रविवार को हुई। बैठक में जिले की सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिका चुनावों में प्रत्याशी खड़ा करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनाथ साहू ने कहा कि साहू गांधी समाज को स्थानीय निकाय निर्वाचन में प्रत्याशी उतार कर अपनी लोकतांत्रिक ताकत का प्रदर्शन करना चाहिए। अपने प्रत्याशियों को विजयी बनाकर स्थानीय निकाय व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर नागरिकों की सेवा का कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों और आदर्शों पर चलते हुए अपने समाज के उत्थान हेतु तत्पर रहना चाहिए। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी और कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में संगठन पूरे जोश-खरोश के साथ हिस्सा लेगा। अंत में लक्षिमन साहू युवा ब्लाक अध्यक्ष की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर विश्वनाथ राजभर, रामानन्द साहू, रवि साहू, संजय साहू, पिन्टू, विनोद, शीतल, मदन, अच्छे लाल, महिमा, शशिभूषण, त्रिवेणी, छोटेलाल, अमित, गजराज, शालचन्द साहू आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। अतरौलिया पुलिस ने शनिवार को चेकिंग के दौरान मदियापुर मोड के पास से अभियुक्त अंश उर्फ बबुआ पुत्र कान्ता राम निवासी खानपुर फतेह थाना अतरौलिया को एक अदद नाजायज तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

### शहीद स्मृति सभा में याद किये गये काकोरी के वीर शहीद

**आजमगढ़।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में काकोरी के वीर शहीदों की साझी शहादत-साझी विरासत की याद में 'शहीद स्मृति सभा' सम्पन्न हुई। स्मृति सभा शुरू करने से पहले शहीद-वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए काकोरी के अमर शहीदों व किसान शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। आज भी 67 दिनों से चल रहे आंदोलन के समर्थन में लेखक व पूर्व प्राचार्य डा.असीम सत्यदेव, ऋचा सिंह, डा.यूएन खान ने अपना समर्थन दिया। वक्ताओं ने बताया कि उस समय हमारे ये क्रान्तिकारी अपने जीवन से मिसालें कायम कर रहे थे। 'गदर' आन्दोलन के क्रान्तिकारियों की तरह ही 'एचआरए' और 'एचएसआरए' का भी यह स्पष्ट मानना था कि धर्म एक व्यक्तिगत मामला होना चाहिए और उसका राज्य मशीनरी व राजनीति में इस्तेमाल बिलकुल भी नहीं होना चाहिए। फाँसी पर लटकाये जाने से सिर्फ. तीन दिन पहले लिखे खत में अशफाक उल्ला खान ने देशवासियों को आगाह किया था कि इस तरह के बंटवारे आजादी की लड़ाई को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने लिखा 'सात करोड़ मुसलमानों को शुद्ध करना नामुमकिन है, और इसी तरह यह सोचना भी फिजूल है कि पच्चीस करोड़ हिन्दुओं से इस्लाम कबूल करवाया जा सकता है। मगर हां, यह आसान है कि हम सब गुलामी की जंजीरें अपनी गर्दन में डाले रहें।' इसी प्रकार रामप्रसाद बिस्मिल का कहना था कि 'यदि देशवासियों को हमारे मरने का जरा भी अफसोस है तो वे जैसे भी हो हिन्दू-मुस्लिम एकता स्थापित करें। यही हमारी आखिरी इच्छा थी, यही हमारी यादगार हो सकती है।' शहीद स्मृति सभा को किसान नेता ऋचा सिंह, शशिकांत, डा.रविन्द्रनाथ राय, रमेश विद्रोही, राजीव यादव, इंद्रासन सिंह, राजेश आजाद, बिठौली, रामबेटी, ललिता राजभर, दीपू, ओमप्रकाश भारती आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता विनय उपाध्याय और संचालन रामनयन यादव ने किया।


सभा को संबोधित करती वक्ता।

# साइबर फ्रॉड गैंग का तीसरा सदस्य गिरफ्तार

## बिहार के युवकों का दिल्ली से चल रहा ऑनलाइन ठगी का गैंग

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के तीसरे सदस्य को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से ऑनलाइन ठगी में प्रयुक्त विभिन्न बैंको के 13 डेबिट व क्रेडिट कार्ड, 2 मोबाइल बरामद किया गया। पकड़े गया युवक बिहार मुजफ्फरपुर के थाना कटरा का रहने वाला किशन कुमार उर्फ किशन ठाकुर पुत्र रामनाथ ठाकुर उत्तम नगर नई दिल्ली में रह रहा है। जिसे गिरफ्तार किया गया है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने इसका खुलासा पुलिस लाइन में किया। सुनवाई के दौरान एक शिकायती प्रार्थना पत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी व जालसाजी कर निकाली गयी धनराशि के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक चुनार त्रिवेणीलाल सेन ने 2 अभियुक्तों को गिरप्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना में संलिप्त अन्य सह अभियुक्तों की गिरफ्तारी का लगातार प्रयास किया जा रहा था कि इसी क्रम में किशन कुमार उर्फ किशन ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। किशन कुमार के कब्जे से साइबर अपराध की घटना में प्रयुक्त 13 विभिन्न बैंको का डेबिट व क्रेडिट कार्ड एवं 2 मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि इनका एक संगठित गैंग है जिसके कुछ सदस्य लोगों को गुमराह कर बैंक खाता खोलवाते है। जिसमें अपने गैंग के सदस्यों का मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कराकर बैंक खाते को स्वयं प्रयोग करते है। उन खातों में गैंग के अन्य सदस्य लोगो से ऑनलाइन ठगी कर पैसा जमा करवाते है। जिन पैसो को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसपर करते हुए ऑनलाइन शॉपिंग कम्पनियों से घरेलू उपयोगी सामान मंगाकर पहले से गैंग से सम्बन्धित दुकानदार के पास बेचकर कैश के रूप में अथवा अपने व्यक्तिगत खातों में पैसा मंगाकर फ्राड से अर्जित धनराशि को आपस में बांट लेते है।

# पत्थर की जोड़ी गई दीवार पर माफिया का कब्जा

**वन विभाग अनजान**

पौधों की सुरक्षा के लिए बनाई गई करीब दो किलोमीटर दीवार

गिट्टियों के ढेर का वीडियो फोटो हो रहा वायरल

जनसंदेश टाइम्स


दीवार के पत्थर से तोड़ी गई गिट्टियां।

**हलिया।** हलिया वन सेंचुरी क्षेत्र के बेलाही के भुअरी बीट में वर्ष 2016 में पौधरोपण के बाद पौधों की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा जोड़ी गई दीवार से पत्थरों को निकालकर खनन माफिया धड़ल्ले से गिट्टी तोड़वाकर क्षेत्र में खपा रहे हैं। गिट्टियों के ढेर का वीडियो और फोटो वायरल होने पर वनविभाग में खलबली मच गई है।

भुअरी बीट में जगह जगह करीब दो किलोमीटर पत्थर की जोड़ी गई दीवार के पत्थरों को निकालकर गिट्टी तोड़े जाने का वीडियो वायरल होने के बाद वनविभाग में हड़कंप मच गया है। वन क्षेत्र में जोड़ी गई दीवार से खनन माफियाओं द्वारा पत्थरों को निकालकर तोड़ी गई गिट्टियों के दर्जनों जगहों पर गिट्टी ढेरों का वीडियो फोटो वायरल हो रहा है। पत्थरों की बनाई दीवार के गायब होने के बाद भी वनविभाग चैन की नींद सो रहा है।

वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा में तैनात वन वनकर्मियों की लापरवाही तथा मिलीभगत से खनन माफिया पत्थर की जोड़ी गई दीवार से पत्थरों को निकलवाकर गिट्टी तोड़वाकर क्षेत्र में बन रही सड़क, आरसीसी रोड, पुलिया आदि के कार्यों में लगे ठेकेदारों को औने-पौने दामों पर बेच रहे हैं लेकिन वनविभाग इतना सब होने के बावजूद कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। हलिया वन सेंचुरी क्षेत्र के कुशियरा वनक्षेत्र में भी जोड़ी गई पत्थर की दीवार जगह जगह गायब हो चुकी है।

वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सरकार जहां तमाम प्रयास कर रही है वहीं वन विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उदासीनता के चलते वनसेंचुरी क्षेत्र में पत्थरों की जोड़ी गई दीवार को गायब कर दिया जा रहा है।

वन सेंचुरी क्षेत्र में धड़ल्ले से पत्थर खनन और गिट्टी तोड़वाया जा रहा है जिससे वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है लेकिन वनविभाग ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है जिस जगह पत्थरों की जोड़ी गई दीवार से पत्थर निकालकर गिट्टियों को तोड़ा जा रहा है वहां खनन माफियाओं के भय से चरवाहों तथा ग्रामीणों को आने जाने में डर बना रहता है। इस संबंध में रेंजर हलिया राम नारायण ने बताया कि वन क्षेत्र में पत्थरों की जोड़ी गई दीवार से पत्थर निकालकर गिट्टी तोड़े जाने का मामला मेरी जानकारी में नही है मौके की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 24 घंटे के अंदर पत्नीहंता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कामयाबी**

पत्रकार वार्ता में एसपी ने किया हत्या का खुलासा

जनसंदेश न्यूज


पत्रकारों के समक्ष जानकारी देते एसपी।

**मीरजापुर।** 24 घण्टे के अन्दर पत्नी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या करने वाला आरोपी (पति) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना लालगंज, मीरजापुर पर शनिवार को वादी केशरी पुत्र स्व. केवला प्रसाद निवासी निबावल थाना लालगंज मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वादी का छोटा भाई भरतलाल दवा इलाज कराने हेतु मीरजापुर जाने की बात से आक्रोशित होकर अपनी पत्नी रेखा देवी पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर मृत्यु कारित कर दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 302 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लालगंज को त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक लालगंज ज्ञानू प्रिया मय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अंदर अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या करने वाले आरोपी भरतलाल (पति) पुत्र केवला प्रसाद निवासी निबावल थाना लालगंज मीरजापुर को थाना लालगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी खूना लूद बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा दिया गया।

# साढ़े 27 लाख की हेरोइन के साथ दो लोग गिरफ्तार

**शिकंजा कसा**

गैर प्रान्त से मादक पदार्थ लाकर ग्राहकों को करते थे आपूर्ति, बाइक जब्त


जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस ने हेरोइन के साथ 2 अन्तर्जनपदीय हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। इनके कब्जे से 275 ग्राम हेरोइन जिसकी अनुमानित कीमत 27.5 लाख। दोनों तस्कर लालगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले है। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का निर्देश प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष को दिया गया है। जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली देहात, स्वाट व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली देहात क्षेत्र से मोटर साइकिल सवार लालगंज थाना क्षेत्र निवासी हरिवंश चौहान पुत्र शोभनाथ चौहान गाँव हर्दी मिश्र तथा राहुल गोंड पुत्र शिवचरन गोंड निवासी बहुती को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से कुल 275 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल पैशन प्रो का वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उनके द्वारा चोरी-छिपे जनपद के बाहर से मादक पदार्थ हेरोइन लायी जाती है। उसे पूर्व से सुनिश्चित ग्राहकों को बेच कर धन अर्जित किया जाता है।जिससे उन लोगों को अच्छी आमदनी हो जाती है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव, स्वाट टीम प्रभारी राजेश जी चौबे तथा देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा चौकी प्रभारी विजय कुमार राय ने संयुक्त रुप से पुलिस टीम के साथ दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया।

# सरकारी बिल्डिंग बना रही फर्म पर बिजली चोरी का मुकदमा

## परसिया में बिजली चोरी कर बनाया जा रहा फूड सेफ्टी लैब

जनसंदेश न्यूज



**मीरजापुर।** सरकार की मंशा के अनुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला का निर्माण कार्य परसिया में किया जा रहा है। भवन निर्माण के काम में लगी गोरखपुर की कार्यदाई संस्था के खिलाफ विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया जा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों की छापेमारी में चोरी पकड़े जाने के बाद रविवार को कार्यदायी संस्था के खिलाफ मामला प्रकाश में आया।

सरकारी आदेश पर गोरखपुर की कंपनी ने परसिया गाँव में भवन का निर्माण कार्य आरम्भ किया। इस दौरान बिजली की मांग होने पर अस्थाई विद्युत संयोजन लेने की बजाय अवैध रूप से केबल जोड़कर विद्युत उपयोग आरम्भ कर दिया। जो बिजली चोरी की श्रेणी में आता है। उपखण्ड अधिकारी विंध्याचल प्रताप कुमार के औचक निरीक्षण में छह किलोवॉट की विद्युत चोरी पायी गई। जिस पर कानूनी कार्रवाई करते हुए कार्यदाई संस्था के ऊपर छह किलोवॉट विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया जा रहा है। फूड सेफ्टी लैब का निर्माण गोरखपुर की फर्म द्वारा किया जा रहा है। इस कारवाई से अवैध उपभोगकताओं में हड़कंप मच गया है। टीम में अवर अभियंता रमन चर्तु चतुर्वेदी, कार्यालय सहायक अभिषेक सिंह व लाइनमैन छविनाथ उपस्थित रहे।

### विहिप ने निकाली गीता जयंती शौर्य दिवस यात्रा

**मीरजापुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गीता जयंती शौर्य दिवस के शुभ अवसर पर बजरंग दल के तत्वावधान में शौर्य यात्रा नगर के श्याम उत्सव वाटिका नारघाट से 18 दिसम्बर दिन रविवार को निकाली गई जिसमें विश्व हिन्दू परिषद्, दुर्गावाहिनी, मातृशक्ति व समस्त विचार परिवार के बंधुओं के सहभागिता रहीं। कार्यक्रम के संरक्षक विहिप नगर अध्यक्ष राज महेश्वरी, कार्यक्रम संयोजक बजरंग दल जिला सहसंयोजक पवन, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख विहिप जिला मंत्री जगन्नाथ कार्यक्रम संचालन बजरंग दल विभाग संयोजक अविनाश, कार्यक्रम अध्यक्षता विहिप जिलाअध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल एवं यात्रा का नेतृत्व विहिप विभाग संगठन मंत्री उमाकांत के संरक्षण में यात्रा सकुशल संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रान्त संयोजक बजरंग दल सत्य प्रताप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उत्साहवर्धन किया, कार्यक्रम के रुपरेखा में सामूहिक हनुमान चालीसा व आरती उपरांत शौर्य यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर प्रान्त उपाध्यक्ष विद्याभूषण, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर, मात्र शक्ति जिला उपाध्यक्ष मंजू, जिला सहसंयोजक अशोक समेत रणविजय, गोपाल, विष्णु समेत संगठन व विचार परिवार के कार्यकर्तागण व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अमर शहीदों को नमन कर शुरू हुई नगर में भारत जोड़ो यात्रा

**यात्रा**

सातवें दिन भी जारी रही भारत जोड़ो यात्रा

जनसंदेश न्यूज


भारत जोड़ो यात्रा के पहले ध्वजारोहण करते अजय राय।

**मीरजापुर।** भारत जोड़ो यात्रा के सातवें दिन रविवार को मुख्य पद यात्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने शिव शक्ति लान के प्रांगण में राष्ट्रगान के उपरांत अमर शहीदों को नमन कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। पदयात्रा के दौरान आवास विकास कॉलोनी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस दौरान कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अजय राय ने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न और अपराध चरम सीमा पर है। व्यापारियों पर जीएसटी लगाने का निंदनीय कार्य किया गया है। ऐसी सरकार को बदलने के लिए प्रदेश वासियों को कांग्रेस पार्टी के बैनर तले एकजुट होकर आंदोलन चलाना चाहिए।

पदयात्रा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साथ मे जिला अध्यक्ष शिव कुमार पटेल , शहर अध्यक्ष राजन पाठक, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष राजधर दुबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता दया शंकर पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश्वर दुबे, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पदयात्री पीसीसी सदस्य अर्चना चौबे, पूर्व पीसीसी सदस्य कैलाश नाथ उपाध्याय एवं स्वरूप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, प्रदेश सचिव इमरान खान, पूर्व चेयरमैन दीपचंद्र जैन, सुधाकर चमार, पीसीसी सदस्य विधि सिंह, संदीप मिश्रा, जफर इकबाल, जितेंद्र चौबे, कमलेश दुबे, शिव शंकर चौबे, अमिताभ पांडे, पूर्वा शहर अध्यक्ष कंचन पांडेय, छोटे खान, राम पूजन सिंह, जुबेदा खातून, शबनम बानो, अमर दुबे, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, आदि अन्य हजारों की संख्या में पदयात्री साथ साथ चल रहे थे।

# अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

## कार्य में बाधा करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

जनसंदेश न्यूज


काम बंद होने के बाद बैठे श्रमिक।

**चुनार।** विकास खंड नरायनपुर के भरेहठा ग्राम सभा में अमृत सरोवर के लिए तालाब का चयन किया गया है। चयनित तालाब पर हो रहे अमृत सरोवर के कार्य को गांव के ही श्रवण कुमार पुत्र जीवबोध ने रोक दिया। जिससे श्रमिकों ने अमृत सरोवर की खुदाई बंद कर दिया।

रोजगार सेवक अनुपमा उपाध्याय ने बताया कि ग्राम सभा भरेहठा में अमृत सरोवर के लिए चयनित तालाब पर मनरेगा श्रमिक कार्य कर रहे थे कि गांव के ही श्रवण कुमार पुत्र जीवबोध ने अपना निजी तालाब कब्जा बता कर अमृत सरोवर का कार्य रोक दिया। जिससे रोजगार सेवक व श्रमिक तालाब के पास बैठ कार्य प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। रोजगार सेवक ने अमृत सरोवर के कार्य में बाधा पहुंचाने की जानकारी उच्चाधिकारियों को दिया। वही खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार के मंशा अनुरूप प्रत्येक गांव में दो तालाब अमृत सरोवर के लिए चयन किया गया है। इसी तरह ग्राम सभा भरेहठा के आराजी संख्या 660, रकवा 0.6070 है जो जलमग्न भूमि खाते में दर्ज है। उस तालाब को अमृत सरोवर के लिए चयन किया गया है। उसी तालाब पर अमृत सरोवर का हो रहा था। अमृत सरोवर का कार्य नही रुकेगा अगर किसी का कोई दावेदारी, आपत्ति है तो कोर्ट से स्टे आर्डर आदि कागजात लाकर दिखाए। कोई भी व्यक्ति अमृत सरोवर के कार्य में बाधा पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जायेगा।

### 198 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में रविवार को कुल 198 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 52 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 79 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 67 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी ने फीता काटकर दंगल की कराई शुरुआत

## बराबरी पर छूटी 21 हजार की कुश्ती


अखाड़े में दाव अजमाते पहलवान

**चील्ह।** अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन एस के पब्लिक स्कूल श्रीपट्टी के मैदान में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख पति अनिल सिंह ने फीता काटकर दंगल का शुरूआत कराया। दंगल में दूर-दूर से आए पहलवानों ने दाव आजमाइस किया। मुख्य रूप से धर्मेंद्र पहलवान मुगलसराय छोटा खली हिमांचल प्रदेश के बीच 21000 की कुश्ती बराबर पर रही। खलीफा उत्तराखंड व लालू यादव चुनार के बीच कुश्ती बराबर रहे। आदिल घोड़े शहीद और कमलेश कछवां के बीच कुश्ती बराबर रही। दिल्ली हरियाणा व राजा हरिद्वार के बीच कुश्ती में राजा हरिद्वार विजई रहे। सुभाष पहलवान घोड़े शहिद और किशन पहलवान कछवां बराबर की कुश्ती रही। सबसे बड़ी कुश्ती गोपीगंज थाने में तैनात दरोगा प्रमोद यादव राकी पहलवान दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें गोपीगंज थाने के दरोगा प्रमोद यादव राकी पहलवान को चित कर विजई घोषित हुए। दरोगा प्रमोद यादव के विजय घोषित होने पर स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। दंगल के आयोजन मुख्य रूप से राम ललित यादव, राजाराम यादव कवि, शिव कुमार मिश्रा, तेज बहादुर यादव, ग्राम प्रधान श्रीपट्टी शंभू नाथ यादव के सौजन्य से दंगल कराया गया। रेफरी की भूमिका में लव-कुश पहलवान, मकोई पहलवान, अजय यादव रहे। दंगल देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहलवानों को उत्साहित करते रहे।

## संक्षेप

### आयोग द्वारा चयनित प्रवक्ताओं व अध्यापकों को मिला नियुक्त पत्र



**मीरजापुर।** मिशन रोजगार अर्नतगत उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा राजकीय इंटर कालेजों में नव चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा चयनित प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों को मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन आडिटोरियम लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसी क्रम में मीरजापुर एनआईसी में जनप्रतिनिधियों द्वारा 14 नव चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां डां विनोद बिंद, सांसद प्रतिनिधि एवं छानबे विधायक प्रतिनिधि के द्वारा कंचन निषाद, मोहम्मद सरफराज कमर, सुधांशू पांडेय, सुरेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह, अंजली, गायत्री पाल, पुष्पराज मिश्र, शिवनारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, दीपिका चैरसिया, कुमार आरती को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### पड़री पुलिस की गिरफ्त में आया जिला बदर अपराधी



**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, ईनामिया, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 विजय कुमार सरोज मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री क्षेत्र से जिलाबदर अपराधी बिन्दू बहेलिया पुत्र मल्लू बहेलिया निवासी शिवगढ़ थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना पड़री पर धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया। जिलाबदर अभियुक्त बिन्दू बहेलिया उपरोक्त को अपर जिलाधिकारी मीरजापुर के आदेश से 24.11.2022 से मीरजापुर की सीमा से 02 माह के लिए जिलाबदर किया गया था परन्तु अभियुक्त द्वारा उक्त आदेश की अवहेलना करते हुए जनपद मीरजापुर की सीमा में ही लुक छिप कर निवास किया जा रहा था तथा आम जनमानस में आपराधिक अभित्रास के माध्यम से भय उत्पन्न कर रहा था।

### समाजसेवी ने गरीब असहायों को बांटे कंबल



**हलिया।** विकास खंड के महोगढ़ी गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को प्राचीन हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से समाजसेवी शालिक राम द्विवेदी ने दो सौ गरीब असहायों में कंबल वितरित किया। कड़ाके की ठंड में गरीब, असहाय व दिव्यांग महिलाओं ने समाजसेवी के हाथों कंबल पाकर खुशी का इजहार करते हुए समाजसेवी के इस नेक कार्य की सराहना की। समाजसेवी शालिक राम द्विवेदी ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नही है। समाज हर वर्ग के लोगों को गरीब असहायों की सेवा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। ठंड से बचाव के लिए गरीबों को कंबल वितरित किया जाना अति आवश्यक है। कंबल वितरण में पुजारी रमाशंकर दास, लल्लू दुबे, विमलेश मिश्र, गौरीशंकर पांडेय, राजनारायण दुबे बीडीसी रामलखन आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधिकारियों के वाहनों की जांच

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन में जनपद के पुलिस अधिकारियों के वाहनों का औचक निरीक्षण कर दंगा नियत्रंण उपकरणों बाडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डण्डा, टॉर्च, बाडी वार्म कैमरा, लाउड हेलर, एन्टीराइट गंन सहित समस्त उपकरणों की चेकिंग किया गया। कुछ उपकरणों में कमी पाने पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं सम्बन्धित को उपकरणों की मरम्मत कराने अथवा नया प्राप्त कर पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया तथा यह सुनिश्चित कराया गया कि जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण रखने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं राजपत्रित अधिकारीगण अपने वाहनों में समस्त दंगा नियत्रण उपकरणों को सही दशा में सुव्यवस्थित तरीके से रखना सुनिश्चित करे तकि किसी भी विषम परिस्थित से निपटा जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी आपरेशन, क्षेत्राधिकारी चुनार, प्रभारी निरीक्षकगण को0देहात, लालगंज, पड़री, चुनार, प्रतिसार निरीक्षक पु0ला0, प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट होने से धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुलाब चौराहा पर स्थित विद्युत विभाग का 63 केवीए का ट्रांसफार्मर में रविवार दोपहर अचानक शॉर्ट सर्किट होने से धू-धू कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर में आग को देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली आपूर्ति ठप करवाया। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई और आसपास की दुकानों में आग लगने से बच गई। एक बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने वाला ट्रांसफॉर्म की लाइट काटने से बड़ी दुर्घटना टल गयी।

### एक को पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा गांव से रविवार को सुबह मारपीट के आरोप में कोर्ट के आदेश पर एक वारंटी को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। सगरा गांव निवासी बरमदीन को मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज था जिस पर कोर्ट ने वारंट जारी कर दिया था जिसको पुलिस ने पकड़ कर न्यायालय भेजा है। मतवार चौकी इंचार्ज लल्लन यादव, कांस्टेबल राधे कृष्ण, अखिलेश एवं पूजा सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के कमलापुर में बाइक के टक्कर से दो लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि रैकल गांव निवासी बुद्धू पुत्र दुर्गा घर से कमलापुर बाइक से जा रहे थे कि जैसे ही कमला पुर मोड़ पर पहुँचे कि दीपनगर की तरफ से इलाज कराकर बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के साथ घर जा रही अतरैला गांव निवासी रूपा 17 वर्ष पुत्री बसन्तलाल के बाइक में टक्कर हो गयी जिससे दोनों लोग गिर कर घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे परिजन घायलों को उपचार हेतु दीपनगर निजी अस्पताल ले गये जहां रूपा का इलाज कराकर परिजन घर ले गये वही दुर्गा को सिर में गम्भीर चोट होने के कारण अस्पताल में भर्ती रहें।

### विद्युत संविदा मजदूर संगठन की बैठक संपन्न

**अदलहाट।** क्षेत्र में विद्युत संविदा मधुर समर्थन की बैठक विद्युत वितरण खंड नारायणपुर में संपन्न हुई जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमला तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में चुनार डिविजन में उत्पन्न सभी समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने उपखंड अधिकारी एवं अपर अभियंता से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता किए। साथ ही साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी संविदा कर्मियों से अपील की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्वांचल अध्यक्ष संजय सिंह, सोनभद्र मंडल अध्यक्ष ज्योति रावत, जॉन अध्यक्ष राजू अंबेडकर, वाराणसी मंडल महामंत्री सोनभद्र अभय पांडेय, मंडल उपमंत्री सोनभद्र नितेश कुमार, मिजार्पुर जोन अध्यक्ष सुभाष यादव, जोनल सचिव मिजार्पुर मधुबन सिंह, विद्या सिंह, श्याम सुंदर सिंह के साथ अन्य संविदा कर्मी मौजूद रहे।

### शिक्षा से ही संभव है राष्ट्र व समाज का विकास : श्रीपती

**जमालपुर।** रविवार को आर बी शिक्षण संस्थान में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जहां बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र सिंह के बड़े भाई श्रीपती सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वही विद्यालय पर आए हुए सभी अतिथियों को शिक्षण संस्थान द्वारा माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर रमेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है जिससे राष्ट्र एवं समाज का विकास संभव है इसलिए स्कूल के सुदृढ़ हेतु आमजन की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंदन विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान अंकित मोदनवाल, केशव सिंह, निधी पांडेय, पूनम पटेल, महेश यादव, हिमांशु पटेल, महेंद्र गुप्ता, शिवानी पटेल, कली द्विवेदी सहित तमाम अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

# संकट मोचन तिराहे पर ठेले खोमचे वालों का कब्जा

**यह है हाल**

**एनएच 39 पर अतिक्रमण से सिकुड़ रहा दुद्धी कस्बा आये दिन लग रहा जाम**

**जनसंदेश न्यूज**

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे का संकट मोचन तिराहा इन दिनों अवैध अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है, आलम यह है कि इस घुमावदार तिराहे पर आए दिन जाम की समस्या बनी हुई है। सड़क की पटरियों पर अवैध कब्जे व तेज घुमावदार से आये दिन बाइक सवार धोखा खाकर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं।

समस्या को देखते हुए भी प्रशासन के कान पर जुं तक नहीं रेंग रहा। बता दें कि एनएच 39 पर अवैध कब्जे से दुद्धी कस्बा नित्य दिन सिकुड़ता चला जा रहा है। लोगों को पैदल चलना दुश्वार हो रहा है। इसको लेकर वे प्रशासन को कोस रहे हैं। वहीं प्रबुद्धजनों की मानें तो स्थानीय तहसील मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर अवैध कब्जा देखकर अधिकारी नजरें फेर ले रहे हैं। नगरवासी संजय, उदय, धीरज, प्रवीण आदि लोगों ने संकट मोचन मंदिर तिराहे को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग डीएम से उठाई है।

कहा कि अगर इस तिराहे को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। एनएच के दोनों ओर लगने वाले ठेले व खोमचों पर लगने वाली दुकान कस्बे की खूबसूरती पर दाग बने हुए हैं। कुछ माह पूर्व पटरियों पर लगने वाले दुकानों के लिए बस स्टैंड पर स्टेट पर भूमि पर लगाने हेतु चयन किया गया था, लेकिन यह कवायद अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद ठंडा पड़ गया और अंग्रेजों के जमाने से स्टेट का दर्जा प्राप्त दुद्धी कस्बा अपना वास्तविक स्वरूप पाने को बांट जोह रहा है।



संकट मोचन तिराहे पर आड़े तिरछे खड़े वाहन

# बीजेपी सरकार का विकास मॉडल झूठ का पुलिंदा : सत्य नारायण जैसल

**खास मुलाकात**

**डबल इंजन की सरकार सभी मोर्चों पर फेल, जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान**

**सोनभद्र।** बसपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सदर विधायक सत्य नारायण जैसल ने बीजेपी सरकार के विकास माडल को झूठ का पुलिंदा करार दिया। कहा कि देश में विकास और जनकल्याण का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। डबल इंजन की सरकार सभी मोर्चों पर फेल है। मोदी योगी सरकार में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यह सरकार सिर्फ प्रचार करने में व्यस्त है। आम जनता की समस्याओं से इसका कोई लेना-देना नहीं है। बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर बसपा निकाय चुनाव में जनता के बीच जाएगी।

जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में रविवार को खास मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने आगामी निकाय चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर अपनी बात रखी। मोदी, योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विकास के नाम पर सिर्फ छल किया जा रहा है। आकड़ों को देखें तो यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में सबसे खराब है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। ऐसे माहौल में विकास कैसे होगा। बसपा सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर थी, सरकार में बगैर भेदभाव के गावों के साथ शहरों के विकास के लिए धन दिया गया। लेकिन सपा व बीजेपी की सरकारों ने धार्मिक जातीय उन्माद पैदा कर जनता को उसी में उलझाए रखा। बनाधिकार का पट्टा देने का काम बहन मायावती के कार्यकाल में शुरू हुआ। योगी सरकार कई पुश्तों से बसे गरीबों को उजाड़ रही है। जिले की बात करें तो सड़कों का चौड़ीकरण बसपा शासन में हुआ उनकी मरम्मत भी योगी सरकार में नहीं हो पा रही है। गड्ढा मुक्त अभियान कागजों पर चल रहा है। राबर्ट्सगंज व घोरावल तहसील क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान मानी जाने वाली सोन लिफ्ट कैनाल के विस्तारिकरण का कार्य ठप पड़ा हुआ है, जबकि लिफ्ट कैनाल चालू हो जाने से घोरावल व राबर्ट्सगंज तहसील के हजारों एकड़ फसलों की सिचाई होगी लेकिन वर्तमान सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतरी है। इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता परेशान है। आगामी निकाय चुनाव में बसपा अपने सिंबल पर लड़ेगी और बीजेपी सरकार की विफलता को लेकर जनता के बीच जाएगी।



खास मुलाकात में चर्चा करते पूर्व सदर विधायक सत्यनारायण जैसल

## संक्षेप

### भारत जोड़ो यात्रा सफल बनाने को जिलाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

**सोनभद्र।** यूपी कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जनपद में सोमवार को आने वाली भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर रविवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने चुर्क, परासी, खैराही, बऊवार सहित कई जगह बैठक और जनसंपर्क कर यात्रा को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चलायी जा रही है। राहुल गांधी लगातार 100 दिनों से जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार में आमजनता त्रस्त है। सरकार महंगाई रोकने में फेल साबित हुई है। व्यापारी भी इस सरकार के गलत फैसले से परेशान और हताश है। इस सरकार में बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है। इस मौके पर जमीला बेगम, रामराजी, हीरावती, पुनवासी, सुगिया,फूलवन्ती,चंद्रावती, सुनीता, भुनेश्वर, दुलारे, पार्वती, नीलम, राजवन्ति, लीलावती, कमलावती, इंद्रावती, बल्लू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 76वें अंतर्राज्यीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**विंढमगंज।** दुद्धी ब्लाक के महुली खेल मैदान पर राजा बरियार शाह फुटबाल टूर्नामेंट का रविवार को भब्य आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुद्धी विधायक रामदुलार गोड़ ने किया। इसके बाद अतिथियों ने राजा बरियार क्लब का झंडा फहराया, ततपश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि यहां के लोगों में खेल के प्रति काफी रूचि है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। विलुप्त हो रहे इस खेल को जिन्दा रखकर राजा बरियर शाह कमेटी ने इस क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विशिष्ट अतिथि क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष रामेश्वर राय ने कहा कि यहां आयोजित होने वाली फुटबॉल खेल की परम्परा बहुत पुरानी है। इसे अब तक संजोये रखना काबिले तारीफ है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। अध्यक्षता कर रही कमेटी की संरक्षक ब्लाक प्रमुख रंजनामणि चौधरी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खेल के प्रति लगाव इस गांव की मिट्टी से जुड़ी है। विषम परिस्थितियों में कमेटी पूरी तन्मयता के साथ ऐसे आयोजनों को सम्पन्न कराती है। वहीं उद्घाटन मैच चकन्द स्पोर्टिंग क्लब गया (बिहार) तथा अम्बेडकर क्लब ओबरा (यूपी) के बीच खेला गया। निर्णायक जमाल अख्तर तथा लाइन्समैन के रूप में नन्दकिशोर कनौजिया तथा राजकपूर कनौजिया रहे। इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद गुप्ता, भुल्लू राम कनौजिया, राजन चौधरी, रामेश्वर राय, अभय सिंह, बुन्देल चौबे, अमित कनौजिया, राजकिशोर, मनीष कनौजिया समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मानदेय बढ़ाने को रसोइयों ने भरी हुंकार, दी आंदोलन की चेतावनी

**दुद्धी।** भारतीय रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन ब्लाक ईकाई की बैठक रविवार को रामलीला मैदान में हुई। मुख्य अतिथि संगठन के संस्थापक/संरक्षक तैय्यब अन्सारी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ सत्ता में आने के बाद अपने किये गये वादे को ही भुला दिया। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 3.95 लाख कार्यरत रसोइयां कार्यरत है, इनके साथ प्रदेश सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। केन्द्रीय श्रम मंत्री लोकनाथ शर्मा ने अकुशल श्रमिकों का दैनिक मानदेय 300 से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिदिन कर दिया। जब इसे लागू कर असंगठित मजदूरों को मजदूरी देने की बात आती है तो मौन धारण कर लिया जाता है। उच्च न्यायालय के आदेश का भी पालन प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। कहा कि नौ जनवरी को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्रक सौंपा जाएगा। रसोइयों ने चेतावनी दिया कि अगर शासन उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं करती है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक में उषा साहू, ज्ञानी देवी, गायत्री देवी पांडेय, फुलवनी देवी, फुलबिना, कबुतरी देवी, चिंता देवी, कौशिल्या देवी, सरस्वती, पार्वती समेत सैकड़ों रसोईयां उपस्थित रहीं।

### कौशल प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को मिला मेडल

**दुद्धी।** जनपद के नोडल आईटीआई दुद्धी एवं ब्रांच आईटीआई राबर्ट्सगंज में शुक्रवार को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता संपादित करायी गयी। प्रतियोगिता में 10 स्किल्स में 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों से आठ स्किल्स में प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले 33 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र मेडल तथा नकद धनराशि का वितरण दुद्धी में ब्लाक प्रमुख रंजना चौधरी एवं राबर्ट्सगंज में सत्यनाराण पटेल जिलाध्यक्ष अपना दल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जीएस यादव, आरपी गौतम, यजुवेंद्र नाथ, कमल देव चौधरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### असहायों को बांटे गए कंबल, खिले चेहरे

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत गड़िया पंचायत भवन पर रविवार को सर्वेश्वरी समूह शाखा रेणुकूट ने अपने 19 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत 120 असहाय गरीबों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड के हाथों कंबल वितरित कराया। इसके पूर्व संस्थान के बारे में जानकारी समूह के मंत्री ने दी और पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह के साथी दान मांग कर गरीबों की सेवा कर रहे हैं, यह पुनीत कार्य है और भगवान ऐसे कार्य करने वालों पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं। कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।

### रामानुज पांडेय की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी क्राइम ब्रांच

**सोनभद्र।** धंधरौल बांध में बीते 15 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में पिकनिक मनाने गए राबर्ट्सगंज निवासी रामानुज पांडे की हुई मौत का रविवार को घटनास्थल पर रीसीन क्रिएट किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. चारू द्विवेदी व विवेचक क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आरोपी युवक से तमाम तकनीकी बिंदुओं पर पूछताछ की। मृतक के पिता डॉक्टर बनारसी पांडे ने कहा कि मुझे न्याय चाहिए। मेरे पुत्र की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी को जेल की सलाखों तक पहुंचाया जाए।

### वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** वारंटीयों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी को रविवार की सुबह वैष्णो मंदिर के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि संतोष कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी धौठा टोला पूर्व के मुकदमे में वांछित वारंटी था, जो न्यायालय में नही उपस्थित हो रहा था। जिसको लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। टीम में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत, चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता, करन कुमार, विमलेश गुप्ता, रंजीत, सरोज शामिल रहे।

### तहसील भवन निर्माण को लेकर12वें दिन भी भूख हड़ताल जारी

**ओबरा।** ओबरा तहसील भवन ओबरा विधानसभा में बनाये जाने को लेकर भूख हड़ताल 12वें दिन भी जारी रहा। रविवार को स्टांप विक्रेता अजय यादव तथा मनोज सिंह सोलंकी का माल्यार्पण राजकुमार पांडे व नीरज सिंह पटेल द्वारा करके भूख हड़ताल पर बैठाया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि ओबरा परिक्षेत्र की जनता संकल्पबद्ध है,कि जब तक सरकारी गजट के अनुसार भूमि का चयन ओबरा विधानसभा क्षेत्र में नहीं हो जाता तब तक आंदोलन अनवरत रूप से चलता रहेगा। साथ ही तहसील मुख्यालय का निर्माण बिल्ली मारकुंडी ओबरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में संचालित तहसील परिसर में ही सुनिश्चित करने की मांग किया। आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल को आमरण अनशन में तब्दील किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रामपाल शास्त्री, रमाशंकर यादव, अनिल चौधरी, अवधेश राय, दिनेश दुबे, नसीम खान, अर्जुन शर्मा, पुष्पराज पांडे, अवधेश अग्रवाल, हरिओम सेठ, त्रिपुरारी शंकर पांडे, सुब्रम सिंह, कमलेश यादव, हरेंद्र सिंह, आनंद श्रीवास्तव, संजय राज निषाद, कौशल पांडे आदि उपस्थित रहे।

# खनन निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग को पूर्व जिपं अध्यक्ष ने खोला मोर्चा

**मांग**

**चुर्क तिराहे पर दिया धरना, मांगे पूरी नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी**

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** खनन निरीक्षक ईश्वर चंद्र द्वारा हाइवे पर वाहन चलाते समय टक्कर लगने से आरती सिंह नामक महिला की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। खनन निरीक्षक को निलंबित करने, बैरियरों से पूर्व सैनिकों को हटाने सहित चार सूत्री मांगों को लेकर रविवार को चुर्क मोड़ तिराहे पर सर्किट हाउस के पास पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य अनिल यादव की अगुवाई में दर्जनों युवाओं ने हल्ला बोला।

मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन कर आवाज उठाई और मौके पर पहुचे जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रशासन की तरफ से चार दिन के भीतर प्रभावी पहल का भरोसा दिया गया, इस पर धरना स्थगित कर दिया गया। चेताया गया कि अगर चार दिन के भीतर खनन निरीक्षक को निलंबित करते हुए, अन्य मांगों पर प्रभावी पहल सामने नही आई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बताते चलें कि गत 12 दिसंबर को लोढ़ी में मार्निंग वाक पर अपनी सास के साथ निकली आरती सिंह 36 की, बोलेरो के टक्कर से मौत हो गई थी। आरोप है कि खनन निरीक्षक ईश्वर चंद्र तेजी से बोलेरो चलाते हुए आए और उसे टक्कर मारते हुए आगे निकल गए। टक्कर लगने के बाद, वह मौके पर ही गिरकर तड़फड़ाने लगी लेकिन ईश्वर चंद्र ने वाहन रोककर राहत पहुंचाने की बजाय, चुर्क मोड़ पर डिवाइडर क्रास कर, हाइवे के दूसरी तरफ वापस आकर अपने कमरे की तरफ निकल गए। घटना के दिन ही इस मामले में पीड़िता की सास पुष्पलता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन सियासी दांव-पेंच में मामला उलझने के कारण, चार दिन बाद जाकर एफआईआर दर्ज की। जैसे ही एफआईआर दर्ज होने की जानकारी सामने आई, ईश्वर चंद्र को निलंबित करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग उठने लगी। उधर शनिवार की शाम सपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव एवं उनके समर्थकों ने, खनन निरीक्षक ईश्वर चंद्र को निलंबित करने, जिले के खनिज चेकपोस्टों पर स्थानीय युवाओं को रखकर रोजगार देने, भूतपूर्व सैनिकों को खनिज चेकपोस्टों से हटाकर अन्य प्रतिष्ठानों में स्थापित करने, खनन क्षेत्रों में हाई क्वालिटी का कैमरा लगाए जाने के बाद भी, अलग-अलग विभागकर सरकारी धन के हो रहे कथित दुरूपयोग पर रोक लगाने की मांग करते हुए, रविवार की सुबह 10 बजे से धरना-प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। धरना-प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे अनिल कुमार यादव, सहित अन्य का कहना था कि खनन निरीक्षक को ज्येष्ठ खान अधिकारी का सीधा संरक्षण मिला हुआ है। उनके खिलाफ सड़क हादसे की एफआईआर न होने पाए, इसके लिए प्रयास किया गया। अब उन्हें विभागीय कार्रवाई-निलंबन से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर राजेश यादव, सुनील यादव, सतीश पाठक, जितेन्द्र, अजीत, सोनू, अवनीश, धीरज, शिव कुमार, मोहन, शिवम, नितीश कुमार, कमलेश यादव, विमल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



जिला प्रशासन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते सपा पदाधिकारी

# जो हुआ ना कभी आज की रात हो...

**कार्यक्रम**

**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**अनपरा।** हिंदी विकास समिति के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन तापीय परियोजना प्रेक्षागृह में किया गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति लब्ध कवियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से आए हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। इस दौरान मध्य रात्रि तक तालियों की गड़गड़ाहट और वाह-वाह के कहकहे से पूरा प्रेक्षागृह गुंजायमान रहा। कई कवियों ने जहां अपने व्यंग और हास्य से श्रोताओं को गुदगुदा कर लोटने पर विवश कर दिया, वही कुछ कवियों ने देशभक्ति की अलख जगाई और प्रेम रस की चासनी में भी स्रोताओं को गोता लगवाया।

नोएडा से आई कवित्री प्रियंका राय ने मां सरस्वती की वंदना शारदे शारदे अपनी वाणी से हमें तार दे के माध्यम से काव्य निशा का शुभारंभ किया। छतरपुर मध्य प्रदेश से आए ओज कवि अभिराम पाठक ने बड़ा सीमा पार आतंकवादी हमारे देश को बुरी नजर से देखता है लेकिन देश में पाकिस्तान जिंदाबाद लगाने वाले उससे भी बड़े आतंकवादी हैं, दोनों की सजा एक होनी चाहिए।

भगत सिंह को कविता के माध्यम से उन्होंने सुनाकर लोगों में रोमांच पैदा कर दिया। कवि दिनेश देसी घी ने कुछ नया ढंग हो हो, कुछ नई बात हो, जो हुआ ना कभी आज की रात हो.... कविता पढ़कर काव्य निशा की गरिमा में चार चांद लगा दिया। डीएफओ मनमोहन मिश्रा ने अपनी गायकी से यथार्थ को परिलक्षित करते हुए खूब वाहवाही लूटी, वहीं अंतरराष्ट्रीय लाफ्टर प्रताप फौजदार ने आते ही लोगों को गुदगुदाना शुरू कर दिया। छत्तीसगढ़ से आए हुए बंसी बेधड़क ने भी अपने चुटकुलों से वाहवाही लूटी। सोनी मिश्रा ने श्रृंगार रस में उपस्थित स्रोताओं को डूबने के लिए विवश कर दिया। अंत में अंतरराष्ट्रीय व्यंग्यकार सुरेश अवस्थी ने अपने काव्य पाठ से लोगों का तृतीय नेत्र खोल दिया और यथार्थ से रूबरू कराया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि सीजीएम आरसी श्रीवास्तव, राधेमोहन, जेपी कटियार, आरके अग्रवाल, अजय कटियार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता स्वतंत्र पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने व संचालन राष्ट्रीय कवि कमलेश राजहंस ने किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

# राज्यमंत्री ने प्रवक्ताओं को बांटा नियुक्ति पत्र



अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण का सजीव प्रसारण रविवार को लोक भवन लखनऊ से एनआईसी में दिखाया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौड़ ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को लोक सेवा आयोग से चयनित प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। कहा कि प्रदेश सरकार लगातार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए सतत प्रयासरत है और विभिन्न विभागों में नवयुवकों/युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि वह विकास के पथ पर अग्रसर हो सकें।

उन्होंने चयनित प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि उनसे बच्चों को बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने की अपेक्षा की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, वेद दूबे, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद यादव, मोहन कुशवाहा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### बालू लदा ट्रैक्टर-ट्राली पलटा दबकर किशोर की मौत

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सतबहनी ग्राम पंचायत के नवाटोला में शनिवार की देर शाम अवैध बालू लोड कर जा रहा ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक किशोर श्रमिक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया। जानकारी के अनुसार सतबहनी ग्राम पंचायत के नवाटोला में 15 वर्षीय बलदेव पुत्र राम सिंह की मौत ट्रैक्टर से दबकर हो गयी। मृतक ट्रैक्टर पर बालू लोड करने का काम करता था। शनिवार की दोपहर मृतक ट्रैक्टर से नवाटोला स्थित नदी से बालू लोड करने गया था। बालू लोड कर वापस आते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। जिसमें दबकर बलदेव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके से सभी वहां से फरार हो गये और शव चार घण्टे तक वहीं पड़ा रहा। देर रात घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भागवत कथा एक ऐसा अमृत, जितना पान करो मन तृप्त नहीं होता

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में सौरभ कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को प्रवचनकर्ता विष्णु प्रिया ने अजामिल उपाख्यान ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, हिरणकश्यप वध तथा नरसिंह अवतार कथा का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का केंद्र है आनंद। आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है।

हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। यह सुनकर उसने अपनी आंखें खोली और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। जिस पर ब्रम्हा जी ने उसे वरदान दे दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरणकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया तभी खंभा फट गया, उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण कर प्रगट हुए और अत्याचारी दैत्य हिरणकश्यप का उदर चीर कर वध किया। वहीं तीसरे दिन के कथा में ज्ञानेशानंद द्वारा ध्रुव चरित्र की भव्य झांकी सजाई गई, जिसमें भगवान नरसिंह के वेश में शिवांगी पांडे, हिरणाकश्यप आयुष पांडे तथा भक्त प्रहलाद के वेश में सजी श्रेया केसरी ने भक्तों का मन मोह लिया। कथा का समापन मुख्य यजमान रतनलाल गर्ग और उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी ने व्यासपीठ और श्रीमद्भागवत कथा पुराण की पूजन आरती के साथ किया।



भागवत कथा सुनाती विष्णु प्रिया शास्त्री

# फूलों की होली संग रासलीला का हुआ समापन

**चोपन।** स्थानीय नगर के बैरियर पर चल रहे रासलीला मंचन के आखिरी दिन रासलीला मंचन कर रहे कलाकारों द्वारा मोर नृत्य का अद्भूत नजारा पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। उसके पश्चात भगवान कृष्ण और राधा रानी के संग जमकर फूलों की होली खेली गई। आयोजन समिति के तरफ से तीन कुंतल फूलों की व्यवस्था की गई थी। जैसे ही कृष्ण और राधा रानी के बीच नोकझोंक के साथ फाग शुरू हुआ, पूरा पंडाल राधे-राधे के जयकारे से गुंजायमान हो गया। वहीं बरसाने की मशहूर लठमार होली का भी दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया। अंत में आयोजक राजेश साहनी ने सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों के साथ ही नगरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाजसेवी विद्या शंकर पांडे, विजयानन्द तिवारी, राजा मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, सुनील सिंह, संजय जैन, शेर खान, लव-कुश भारती, अजय सिंह, घनश्याम चौधरी, राकेश मोदनवाल, रामसुन्दर निषाद, तीर्थ राज शुक्ला समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



फूलों की होली खेलते राधा-कृष्ण

# ...शहीदी धरती धानापुर को नगर पंचायत का दर्जा कब ?

**इंतजार**

## धानापुर विकास मंच के संयोजक बोले, राजनेताओं में इच्छा शक्ति का अभाव

अबुल खैर (खुशहाल)

**धानापुर।** धानापुर शहीदों की धरती है और यह बात सर्वविदित है। यहां मौजूद शहीद स्मारक स्थल पर अंकित एक-एक शहीद का नाम इस की तसदीक कर रहा है। बावजूद इसके धानापुर विकास की उम्मीद लगाए हुए है और उसे विकास के नाम पर आश्वासन का घुट्टी पिलाई जा रही है। नगर निकाय चुनाव के शंखनाद के साथ ही धानापुर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग ने भी फिर जोर पकड़ा है। यहां के लोग अपने प्रयासों पर मंथन करने के साथ ही राजनेताओं के कमजोर व बेदम हो चुके आश्वासन पर फिर से सोचने को विवश हैं। धानापुर जो कि आबादी व दायरे सहित अन्य तमाम मानकों को पूरा करने के बाद भी आज तक कस्बा बनकर रह गया। लोगों को उम्मीद थी कि नई सरकार में शहीदी धरती धानापुर को नया तोहफा मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। धानापुर कस्बे की बात करें तो यहां सामुदायिक अस्पताल, ब्लाक मुख्यालय, राजकीय डिग्री कालेज, पुलिस थाना, विद्युत उपकेंद्र, आधा दर्जन से अधिक बैंक शाखाएं, शहीद स्मारक मौजूद है। वहीं कस्बा अंतर्गत धानापुर, नरौली, कुसुमही, सिहवल, बिनपुरवा, प्रभातपुर, बिझवल, धानापुर बस्ती, धानापुर मुसहर बस्ती आदि मजरे व गांव आते हैं, जिसकी अनुमानित आबादी 50 हजार के करीब है। आंकड़े और आबादी और यहां मौजूद सुविधाएं व संसाधन तो इस बात की पैरवी करते हैं कि धानापुर को कब का नगर पंचायत हो जाना चाहिए, लेकिन राजनीतिक खींच-तान व राजनेताओं की कमजोर इच्छाशक्ति के कारण यह काम आज भी अधर में है, जिससे धानापुर के विकास में बाधाएं आ रही है। धानापुर का विकास इस कदर पिछड़ा हुआ है कि यहां के स्थानीय लोगों को धानापुर विकास मंच का गठन करना पड़ा और इसी बैनर की अगुवाई में लोगों ने धानापुर के डेवलपमेंट के लिए यात्राएं की, जागरूकता रैली निकाली, अफसरों से मिले, शासन से पत्राचार किया, लोगों से निरंतर जनसम्पर्क किए, नेताओं से सहयोग मांगा और विरोध-प्रदर्शन के जरिए जिम्मेदार अफसरों व विभागों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया। बावजूद इसके न तो धानापुर के नगर पंचायत बनने की मांग पूरा हो सकी और ना ही इसे तहसील का दर्जा मिल पाया। जबकि बीते विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया गया और स्थानीय जनता ने इसी मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए मतदान भी किया, लेकिन अभी तक जनता खुद को ठगी हुई महसूस कर रही है।

### आजादी की गाथा में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है धानापुर

**धानापुर।** धानापुर का नाम अमिट है और इसे आजादी की लड़ाई की गाथा में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इसकी बड़ी वजह थी कि स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धा हीरा सिंह और उनके साथी महंगू सिंह और रघुनाथ सिंह की वीरता व देश के लिए अपना सर्वोच्च समर्पण। आजादी के पांच वर्ष पूर्व ही स्वतंत्रता संग्राम के लड़कों ने धानापुर थाने पर तिरंगा फहरा दिया। इस दरम्यान हुई गोलीबारी में आठ सेनानियों को चोटें आईं, जिसमें हीरा सिंह, महंगू व रघुनाथ सिंह की मौत हो गयी। अब भी पुराना थाना भवन इन वीर शहीदों की शहादत की स्मृतियों को अपने आप में सहेजे हुए है।


धानापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।


धानापुर स्थित शहीद स्मारक स्थल।


धानापुर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर हीरा सिंह, महंगू सिंह व रघुनाथ सिंह की प्रतिमाएं।

### शहीदों को सम्मान दें सत्ता से जुड़े नेता-मंत्री

**धानापुर।** चंदौली में चार निकायों में चुनावी हलचल के बीच पांचवें निकाय के रूप में धानापुर नगर पंचायत के गठन को लेकर स्थानीय जनता मुखर होती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार के साथ ही जिला प्रशासन व स्थानीय विधायक, सांसद व मंत्रियों से धानापुर शहीदी धरती के लोगों की इस मांग को सरकार तक पहुंचाने में सक्रियता दिखाने का आग्रह किया है। कहा कि यदि सरकार व उससे जुड़े नेताओं व मंत्रियों के अंदर शहीदों के लिए सम्मान है तो वह इस मांग को पूरा कराकर इसे प्रदर्शित व स्पष्ट करें। आमजन की आवाज बनकर उसे सरकार तक पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है, जिसे आज के परिवेश में नेता भूलते जा रहे हैं।

### राजनेताओं में इच्छा शक्ति की कमी: गोविंद उपाध्याय



**धानापुर।** धानापुर विकास मंच के संयोजक गोविंद उपाध्याय ने बताया कि 2017 से ही धानापुर को नगर पंचायत बनाने की मांग की जा रही है। नगर पंचायत का दर्जा मिला होता तो अब तक स्थानीय बहुत सारी समस्याएं हल हो जाती है। इससे दाखिल खारिज, जमीन संबंधित मामले व साफ-सफाई और पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं धानापुर नगर पंचायत के अधीन होता। साथ ही धानापुर के विकास को पंख लग जाते। राजनेताओं की इच्छा शक्ति का अभाव दिख रहा है। इसे लेकर बातें सदन में उठाई गई, लेकिन राजनेताओं का प्रयास नाकाफी रहा है।

## संक्षेप

### जनसेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने पीड़ित व्यक्ति को दी सहायता


इब्राहिम शाह के परिवार को मदद पहुंचाते जनसेवा ट्रस्ट के लोग।

**चहनियां।** सामाजिक संस्था जनसेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को खाना बनाते समय एक तिहाई जल गए सरैया निवासी रियाज अहमद के घर जाकर उन्हें आटा, चावल, दाल, आलू, तेल, साबुन जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं देकर पीड़ित परिवार की मदद की। खाने के पड़े लाले सामान देख परिजन खुश हो गए। संस्था के अध्यक्ष इब्राहिम शाह ने बताया कि रियाज एक आर्थिक रूप से गरीब, असहाय मजदूर हैं जो एक समय कमाते हैं तो उनके घर का चूल्हा जलता है। तीन बच्चों के पिता रियाज खाना बनाते समय आग से जल गए थे। कमाऊं व्यक्ति के बैठ जाने से उनके घर में आर्थिक परेशानी बहुत बढ़ गई थी। संस्था के संज्ञान में यह प्रकरण आते ही कादिर भाई और आशिक रजा के नेतृत्व में तुरंत उनकी मदद किया गया। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर संरक्षक राकेश यादव रौशन, साहब यादव, कुलदीप, राकेश मटियारा, हरिश्चन्द्र पाल, शाहरुख, शिवप्रकाश तिवारी, जाहिद खान, अशोक, सचिन राय, मोहम्मद शाहिद, सत्येंद्र,चबदन, जेपी आदि उपस्थित थे।

### सांसद दर्शना सिंह बरहनी तिराहे पर लगाया हाईमास्ट लाइट

**कंदवा।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगवती त्रिपाठी के प्रयास से बरहनी तिराहा पर हाई मास्ट लाइट लगने से लोगों मे खुशी व्याप्त है। राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने अपनी निधि से हाईमास्ट लाइट की स्थापना कराई, जिससे स्थानीय लोगों की खुशी है। तिराहे पर मौजूद ग्रामीण व दुकानदार हरिओम त्रिपाठी, अजीत सिंह, अखिलेश सिंह, लालू, नरेश यादव, पप्पू सहित अन्य लोगों द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने कहा कि आमजन व स्थानीय दुकानदारों की मांग पर तिराहा पर शासन स्तर से हाई मास्टर लाइट लगवाया गया है।अब शाम ढलते ही हाई मास्टर लाइट के प्रकाश से तिराहा रौशन हो उठेगा।

### अपाची सवार उचक्कों ने युवक का मोबाइल छीना

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र रेवसा गांव के समीप बिना नंबर प्लेट काली अपाची पर सवार उचक्के शनिवार की रात्रि को एक युवक का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आपको बता दें कि गंजबसनी गांव के विशाल (23) साइकिल से शनिवार को शाम अपने घर से दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर जा रहे थे। जैसे ही वह झंडा गांव के समीप पहुंचे तभी किसी का फोन आ गया तो सड़क किनारे साइकिल रोकर बात करने लगा। इसी बीच पीछे से बिना नंबर प्लेट काली अपाची पर सवार उचक्के विशाल का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने लौंदा चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।इस संबंध में लौंदा चौकी प्रभारी सुनील मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही।

### जनपद को मिले 11 प्रवक्ता व पांच सहायक अध्यापक

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चयनित प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोक भवन लखनऊ से रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद स्थित एनआईसी में विधायक मुगलसराय, अपर जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में देखा गया। इस अवसर पर जनपद चंदौली के नवचयनित 11 प्रवक्ता एवं पांच सहायक अध्यापको को विधायक एवं अधिकारीगण द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी गई। इस अवसर पर विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सतेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रबंध समिति का चुनाव 15 को

**सकलडीहा।** दुगार्पुर स्थित मां भगवती महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति का चुनाव आगामी 15 जनवरी को होगा। जिसमे सुबह दस बजे से 11 बजे तक नामांकन और 11 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और दोपहर एक से दो बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगा। उसी दिन दो से तीन बजे तक मतदान उसके बाद मतगणना व परिणाम की घोषणा किया जायेगा। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने दी है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर मालदह बॉर्डर हुआ सील


मालदह बार्डर पर वाहनों की जांच इलिया।

**इलिया।** बिहार में नगर चुनाव के मद्देनजर यूपी बिहार सीमावर्ती मालदह सीमा को रविवार को सील कर दिया गया है। नगर चुनाव में पहले चरण के मतदान 18 दिसंबर रविवार के लिए यूपी बिहार सीमा मालदह महदाइच मतदान की सुरक्षा को लेकर सीमा सील किया गया है। मतदान के बाद रविवार की रात बैरियर खोल दिया गया। रविवार को काफी जांच के बाद जरूरतमंदों को ही आने जाने दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रिजवान मिर्जा बेग, चौकी इंचार्ज अखिलेश सोनकर, एसआई अच्छेलाल यादव, रमेश यादव, अवनीश यादव, अभिनाश सहित आदि पुलिसकर्मी थे।

# बलुआ पुलिस के सहयोग से बच्चा अपने परिजनों से मिला

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** क्षेत्र के मारूफपुर चौकी इंचार्ज दीपक पाल व मोहरगंज चौकी इंचार्ज शिवमणि की सक्रियता से वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से सूचना देने पर शिवांश अपने माँ बाप से मिला। परिजनो ने पुलिस व प्रबंधक के प्रति आभार प्रकट किया। बताते हैं कि छपरा तुर्कहा के रहने वाले रामकिशुन यादव का पुत्र शिवांश यादव शनिवार की शाम को किसी प्रकार से भटकते हुए झोरी गांव में चला गया।

वहां ग्रामीणों ने बच्चे भटकते देखा तो मारूफपुर चौकी इंचार्ज दीपक पाल को फोन किया। चौकी इंचार्ज तत्काल वहां पहुंचकर बच्चे को अपने अंडर में रखा। फिर इसकी सूचना अपने पुलिस के ग्रुप में दिया। इस सूचना को मोहरगंज चौकी इंचार्ज शिवमणि त्रिपाठी ने कई ग्रुप में भेजकर रिक्वेस्ट किया। दूसरी तरफ बालक के गुम होने की सूचना बाबा सैजनाथ, पहलवान महाबिद्यालय के प्रबंधक नागेश यादव ने नाम, पता, मोबाइल, फोटो सहित सूचना दी। जब पुलिस ने दोनो फोटो को मिलान किया तो वही बालक मिला। फिर परिजनों से सम्पर्क कर सूचना दिया। परिजन रात्रि में जाकर मारूफपुर पुलिस चौकी पर अपने बच्चे को ले आए। परिजनों ने बलुआ पुलिस व प्रबंधक को धन्यबाद दिया।


मारूफपुर पुलिस चौकी पर मौजूद शिवांश यादव को सौंपते चौकी इंचार्ज दीपक पाल।

## जन सूचना विभाग की नोटिस से अधिकारियों में मची खलबली

**सकलडीहा।** सिविल कोर्ट चंदौली के लीगल अधिवक्ता तेन्दुई गांव निवासी रामबहादूर भारती लम्बे समय से एक विद्यालय के प्रकरण में जन सूचना के तहत विभिन्न बिंदू पर जानकारी मांगा है। जिसकी स्पष्ट जबाब नहीं मिलने पर राज्य सूचना आयोग ने बेसिक विभाग के निदेशक को तलब किया है। राज्य सूचना आयोग के इस कार्रवाई से खलबली मची है। अधिवक्ता रामबहादूर भारती पर वर्षो पूर्व में जानलेवा हमला हुआ था। जिसमें एक आरोपी को एक विद्यालय द्वारा नाबालिग का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। अधिवक्ता द्वारा विद्यालय की विभिन्न बिंदू पर जन सूचना अधिकार के तहत स्थानीय बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सूचना की मांग किया था। स्पष्ट जबाब नही मिलने पर अधिवक्ता ने आयोग में अपील किया था। उक्त प्रकरण में जन सूचना आयोग द्वारा बेसिक विभाग के निदेशक को आगामी तीस जनवरी 2023 को तलब किया है। अधिवक्ता रामबहादूर भारती ने कहा कि न्याय मिलने तक संर्घस जारी रहेगा।

# जनपद पुलिस के हाथ चढ़े सात तस्कर, 85 मवेशी बरामद

**सफलता**

### सैयदराजा, चंदौली व चकिया कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**चंदौली।** अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं पशु तस्करों के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को जनपद पुलिस द्वारा तीन ट्रक व कंटेनर व एक पिकअप में क्रूरतापूर्ण तरीके से लादकर वध हेतु ले जाए जा रहे कुल 85 राशि गोवंश, 05 चापड़, 20 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद व 07 तस्कर गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि प्रभारी निरीक्षक थाना सैयदराजा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नौबतपुर पुलिस बूथ के पास नेशनल हाइवे से कन्टेनर मे क्रूरतापूर्ण तरीके से लादकर वध हेतु ले जाए जा रहे 22 राशि गोवंशों 21 जिन्दा व एक मृत तथा एक अदद चापड़ सहित एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

वहीं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं प्रभारी स्वाट टीम के नेतृत्व में थाना कोतवाली व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त अभिसूचना के आधार पर सावजी का पोखरा के पास हाइवे से दो कंटेनर ट्रक में क्रूरतापूर्ण तरीके से लादकर वध हेतु ले जाए जा रहे। 56 राशि गोवंश व दोनों कंटेनर से 10-10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब कुल मात्रा-172.8 लीटर व दो-दो चापड़ के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना चकिया के नेतृत्व में थाना चकिया पुलिस द्वारा अलीपुर भांगड़ा तिराहा के पास से पिकअप गाड़ी में क्रूरतापूर्ण तरीके से लादकर वध हेतु ले जाए जा रहे सात राशि गोवंश को बरामद किया गया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर सम्बन्धित थानों पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। अवैध शराब व मादक पदार्थ एवं पशु तस्करों के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान व कार्रवाई आगे भी निरन्तर चलता रहेगा।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता: छत्रबली सिंह

**नेत्र शिविर**

### अतायस्तगंज में आयोजित नेत्र परीक्षण में लाभान्वित हुए 250 मरीज


नेत्र शिविर में संभ्रांत नागरिकों को सम्मानित करते छत्रबली सिंह।

**शहाबगंज।** क्षेत्र के अतायस्तगंज गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में रविवार को नेत्र शिविर व चौपाल का आयोजन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में वाराणसी से आये चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की आंखों का जांच कर दवा दी गयी। वहीं विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस दौरान 250 मरीजों के नेत्र का परीक्षण किया गया। वहीं 200 लोगों को चश्मा दिया गया। साथ ही 30 लोगों को आंखों का आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

इसका शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बीच जनचौपाल व स्वास्थ्य शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं से अवगत होकर उनका निस्तारण करना, साथ ही नेत्र शिविर से लोगों के आंखों की जांच दवा वितरण व मोतियाबिंद का निःशुल्क आपरेशन कराना है। उन्होंने किसानों की समस्या को देखते हुए गांव पास नहर में डेढ़ करोड़ की लागत से पुल बनवाने की घोषणा किया। जिससे खेती किसानी में आ रही समस्या का निदान होगा। इस दौरान गाँव में ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, श्यामजी सिंह, ग्रामप्रधान लक्ष्मी नारायण यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य रतीश कुमार,राजेश सिंह, राकेश सिंह, पूर्व प्रधान अरविंद मिश्रा,गुलाब मिश्र, कांता मिश्र, संतोष सिंह, तकनीकी सहायक लव केशरी, प्रेमप्रकाश पाठक, विनोद सिंह मौर्य, रत्नेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# दो दिन से लापता छात्रा का कुएं में उतराया मिला शव

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के पंडी गांव के पुराने कुएं में रविवार की दोपहर दो दिन से लापता 8 वर्षीय छात्रा चांदनी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते हैं कि नेवाजगंज गांव के बाबूलाल उर्फ बुल्लु पंडी गांव स्थित सुरेश यादव के ईंट भट्टे पर ईंट पथाई का काम करते है। बाबुलाल के 6 पुत्र और दो पुत्रियों में सबसे छोटी पुत्री चांदनी पंडी गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा थी। बीते 16 दिसंबर की दोपहर ईट भट्ठा के पास से चांदनी लापता हो गई थी। परिवारजनों के काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं उसका अता पता नहीं चला। 17 दिसंबर को बाबूलाल ने पुत्री के लापता होने की गुमशुदगी चकिया कोतवाली में दर्ज कराई थी। रविवार की दोपहर 1 बजे के आसपास ईट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों ने पास ही के पुराने कुएं में एक उतराया हुआ शव देखा तो शोर मचाने लगे। देखते ही देखते हैं वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल मुकेश कुमार, शिकारगंज चौकी इंचार्ज सतीश प्रकाश और रामपुर चौकी इंचार्ज गिरीश चंद्र राय पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। जहां कुएं से शव को बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त बाबूलाल की पुत्री चांदनी के रूप में हूई। चांदनी की मौत से माता सरोज देवी सहित भाई बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।


मृत छात्रा चांदनी। फाइल फोटो।

### आटो-पिकअप की टक्कर में अधेड़ घायल, गंभीर

**पड़ाव।** जलीलपुर चौकी क्षेत्र के साहूपुरी रोड बखरा गावं के समीप ऑटो और पिकअप के टक्कर में ऑटो मे सवार गणेश प्रसाद उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गणेश प्रसाद अपने पत्नी के साथ साहूपुरी से ऑटो मे बैठ कर पड़ाव के तरफ आ रहे थे। जैसे ही बखरा गावं के समीप पहुंचे तभी पड़ाव के तरफ से आ रही मालवाहक पिकअप के चपेट मे आ गए, जिससे ऑटो मे बैठे बाकी सवारी बाल बाल बच गए और ऑटो ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे गणेश प्रसाद को गंभीर चोट आई है और दाहिना पैर भी टूट गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को पास के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# समय से दुकान और बाजार बंद करने का पुलिस का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** अलीनगर-सकलडीहा मार्ग से लेकर कस्बा में शाम होते ही भीड़ लग जा रहा है, जिससे यातायाता व्यवस्था चरमरा जा रही है। सीओ राजेश कुमार राय के निर्देश पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय कस्बा में पैदल भ्रमण कर पटरी और मीना बाजार को समय से बंद करने का निर्देश दिया है। किसी प्रकार की घटना होने पर मुकदमा दर्ज करने का हिदायत दिया है।

कस्बा में प्रत्येक रविवार को सकलडीहा अलीनगर मार्ग पर मीना बाजार लगता है। मीना बाजार में आसपास गांव के सैकड़ों महिला और बच्चे सामान खरीदारी के लिये आते है। वहां पर न तो किसी प्रकार की महिला पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था है। न तो भीड़ को नियंत्रण करने की मीना बाजार के प्रबंधक द्वारा किया गया है। जिसके कारण शाम होते ही सड़क पर भीड़ बढ़ने से सड़क पर जाम की स्थिती हो जाती है।

ऐसे में पुलिस के लिये सिरदर्द हो जाता है। इसके बाद भी स्थानीय कस्बा प्रभारी से लेकर थाना की पुलिस मौन है। सीओ के निर्देश पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने कस्बा में भ्रमण कर समय से दुकानें बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्य मार्ग पर पटरी और ठेला व्यवसाइयों को हिदायत दिया है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि किसी प्रकार की अनहोने या दुर्घटना होने पर संबधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। इस मौके पर कस्बा प्रभारी राजेश कुमार, शिव प्रसाद गिरी, भूपेश चन्द्र कुशवाहा, संदीप गुप्ता, अर्पित सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अशोक चक्र विजेता शहीद बेचन सिंह मौर्य को दी श्रद्धांजलि


शहीद बेचन सिंह मौर्य को श्रद्धांजलि अर्पित लोग।

**चंदौली।** जनपद के अशोक चक्र विजेता अमर शहीद बेचन सिंह मौर्य का शहादत दिवस रविवार को भतीजा गांव में मनाया गया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने शहीद बेचन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी शहादत को याद किया। इस दौरान डा. सुनील कुमार मौर्य ने बताया कि देश की आजादी के बाद भी गोवा पुर्तगालियों के अधीन था। गोवा की आजादी की लड़ाई में 18 दिसंबर 1961 को दुश्मन के हैंड ग्रेनेड से घायल होने के बाद भी बेचन सिंह मौर्य राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़ते हुए 23 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए थे, लेकिन उनकी शहादत के साथ ही देश का भूगोल भी बदल गया। गोवा को आजादी प्राप्त हुई। शहादत के उपरांत उनके पुत्र धर्म देव सिंह मौर्य को महामहिम राष्ट्रपति के माध्यम से अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी डा. रामजन्म मौर्य, भोलानाथ शर्मा, जलील अंसारी, अवधेश मौर्य, उदयनाथ बागी, शिव पूजन और कैलाश मौर्य, रामविलास मौर्य, सत्यनारायण मौर्य, नंदा कुशवाहा उपस्थित रहे।

# श्रीपत ब्रम्हबाबा और कॉलेश्वर मार्ग जगह-जगह जर्जर


श्रीपत ब्रम्हबाबा मंदिर मार्ग पर गिट्टी डालकर छोड़ा गया।

**सकलडीहा।** लम्बे समय से ईटवा गांव के श्रीपत ब्रम्हबाबा मंदिर मार्ग और भोजापुर से कॉलेश्वर मंदिर जाने वाली मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त है। इस कारण उक्त मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर और दर्शनार्थियों को काफी समस्या होती है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सड़क को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर मौन साधे हुए है। जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। आरोप है कि ईटवा से ओरवा जाने वाली मार्ग पिछले कई साल से जर्जर है। इस मार्ग से होकर महिलाये और बच्चे श्रीपत ब्रम्ह बाबा मंदिर पर पूजा अर्चना के लिये जाते है। बीते दिनों ग्राम प्रधान गुलाब मौर्या के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध किया तो विभागीय ठेकेदार ने गिट्टी गिरकार इतिश्री कर लिया। वहीं दूसरी ओर भोजापुर रेलवे क्रासिंग मार्ग से कॉलेश्वर मंदिर जाने वाली मार्ग पर लम्बे समय से सड़क क्षतिग्रस्त है। आने जाने वाले राहगीर और यात्रियों को काफी परेशानी होती है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। जबकि शासन की ओर से नंवबर माह में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश था। क्षेत्रीय ग्रामीण विकास राय, जोगी यादव, गुलाब मौर्या, आनंद यादव, बनारसी यादव, रविकांत पांडेय ने जिला प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

# स्पोर्ट्स

### हार के बाद भी खुश हैं मोरक्को के प्रशंसक

**बेरूत।** मोरक्को को फीफा विश्वकप फुटबॉल में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में क्रोएशिया के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसके प्रशंसकों में निराशा छा गयी। वहीं दूसरी ओर क्रोएशियाई प्रशंसक उत्साहित दिखे। मोरक्को के प्रशंसकों में हार के बाद भी इस बात की खुशी थी कि टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर रिकार्ड बनाया। मोरक्को विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफ्रीकी महाद्वीप और अरब देशों की पहली टीम है। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मोरक्को अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर जीत करेगी पर ऐसा हुआ नहीं। सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों उस हार का सामना करना पड़ा। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मोरक्को तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में क्रोएशिया को हराने में सफल रहेगी पर उसका सपना टूट गया।



# भारत ने पहला टेस्ट जीत कर लूटी महफिल

## भारत ने बांग्लादेश को 188 रन से हराया, सीरीज में 1-0 की मिली लीड, भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची

**चटगांव।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसके दम पर भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन रविवार को यहां 188 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने 11.2 ओवर में ही बाकी बचे विकेट हासिल कर दिए।

बांग्लादेश की टीम ने सुबह छह विकेट पर 272 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 324 रन पर आउट हो गई। कुलदीप ने बाकी बचे चार विकेटों में से दो विकेट हासिल किए जबकि मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट

### कुलदीप के कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

लिया। कुलदीप ने पहली पारी में पांच विकेट हासिल किए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 113 रन देकर आठ विकेट अपने नाम दर्ज किए जो कि उनका किसी एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

कुलदीप ने भारत की जीत के बाद कहा, मुझे कूकाबुरा गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है क्योंकि इससे मैं एसजी गेंद की तुलना में बेहतर ग्रिप और नियंत्रण बनाता हूं। उन्होंने कहा, जब मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता हूं तो यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन इस बीच मैंने सीमित ओवरों के कई



मैच खेले। मैं आईपीएल में खेला और भारत ए की तरफ से मैंने लाल गेंद से गेंदबाजी की। इस तरह से मैं लय में था। कुलदीप को बाएं हाथ के स्पिनर पटेल का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन देकर चार विकेट लिए। इस जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने श्रीलंका को पीछे छोड़ा जो अब चौथे स्थान पर खिसक गया है।

भारत के अब 87 अंक हो गए हैं और उसका प्रतिशत (पीसीटी) 55.77 है जबकि श्रीलंका के 64 अंक हैं और उसका पीसीटी 53.33 है। ऑस्ट्रेलिया 75 पीसीटी के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है जिसका पीसीटी 60 है। बांग्लादेश ने अपने कल के स्कोर छह विकेट पर 272 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। कप्तान शाकिब अल हसन ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया क्योंकि वह जानते थे कि पूरे दिन बल्लेबाजी करना मुश्किल है। उन्होंने 108 गेंदों का सामना करके 84 रन बनाए जिसमें छह चौके और इतने ही छक्के भी शामिल हैं। कप्तान के रूप में पहला टेस्ट मैच जीतने वाले केएल राहुल ने सिराज (67 रन देकर एक विकेट) और पटेल के रूप में तेज और स्पिन आक्रमण के साथ शुरूआत की। मेहदी हसन मिराज (13) ने दिन के पहले ओवर में ही सिराज पर कवर क्षेत्र में चौका लगाया जबकि दूसरी तरफ शाकिब ने अपने पटेल पर चौका लगाकर इरादे जतला दिए थे। हालांकि सिराज के अगले ओवर में मेहदी हसन ढीला शॉट खेलकर उमेश यादव को कैच दे बैठे। शाकिब ने पटेल पर सीधा छक्का जड़कर टेस्ट क्रिकेट में अपना 30वां अर्धशतक पूरा किया। शाकिब ने इसके बाद भी कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन राहुल ने ऐसे समय में कुलदीप को गेंद थमाई जिन्होंने लगातार ओवरों में विकेट लिए जबकि एक अन्य विकेट पटेल ने हासिल किया। कुलदीप ने पहले शाकिब को क्लीन बोल्ड किया जो कि एक्स्ट्रा कवर पर स्वीप करने के प्रयास में चूक गए थे। कुलदीप ने इसके बाद इबादत हुसैन को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। पटेल ने ताइजुल इस्लाम को आउट करके जीत की औपचारिकताएं पूरी की। भारत ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को 150 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने शुभमन गिल (110) और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 102) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। दोनों टीम के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 22 दिसंबर से मीरपुर में खेला जाएगा।

## एक ओवर में कम रन बनाने से हारे : हरमनप्रीत कौर



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टी20 मैच हारने से निराश है। इसी के साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 3-1 की अजेय बढ़त मिल गयी है। भारतीय टीम को इस मैच में केवल सात रनों के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। उसी को लेकर हरमनप्रीत ने कहा कि टीम अगर टीम ने एक ओवर में अच्छा स्कोर बनाया होता तो मैच का परिणाम कुछ और होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम पूरे मैच में जीत हासिल करने के काफी निकट थे। केवल एक मैच में रन नहीं बना पाने से हमें हार का सामना करना पड़ा। तीस गेंद में 46 रन की आक्रामक पारी खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा कि अगर मैं अंत तक खेल पाती तो परिणाम कुछ और होता। भारतीय महिला टीम को अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 41 रन चाहिए थे पर 18वें ओवर में टीम केवल 3 रन ही बना पायी। उन्होंने इसे टीम के लिए बड़ा नुकसानदेह करार देते हुए कहा कि 18वें ओवर में जब हमें सिर्फ तीन रन मिले तो इससे बड़ा अंतर पैदा हो गया। वहीं गेंदबाजी नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा कि मैं एशिया कप में चोटिल हो गई थी उससे वापसी कर रही हूं। अभी सिर्फ बल्लेबाजी करना चाहती हूं मैं निश्चित रूप से जल्द ही गेंदबाजी करूंगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान तहलिया मैकग्रा ने कहा कि मुझे अंतिम समय में कप्तानी दी गयी थी पर टीम के लिए गर्व की बात है कि एक मैच बाकी रहते हमने श्रृंखला जीत ली।

# फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च करने वाली पहली भारतीय बनीं दीपिका

**मुम्बई।** भारत को फिर से गौरवान्वित करते हुए, दीपिका पादुकोण फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी से पर्दा उठाने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। सुपरस्टार और भारत के सबसे बड़े ग्लोबल एंबेसडर फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी को एक स्पेशल कमीशन किए गए ट्रक में ले गए और लुसैल स्टेडियम में इसको लॉन्च किया। 6.175 किलोग्राम और 18 कैरेट सोने और मैलाकाइट से बनी इस ट्रॉफी को केवल कुछ खास लोगों द्वारा ही छुआ और पकड़ा जा सकता है, जिसमें फीफा वर्ल्ड कप के पूर्व विजेता और हेड्स ऑफ स्टेट शामिल हैं, जो इसे दीपिका पादुकोण के लिए एक स्मारकीय वैश्विक बेंचमार्क बनाते हैं। दीपिका ने इवेंट में एक स्पैनिश फुटबॉलर के साथ एंट्री की जिसे देख सभी का उत्साह एक अलग लेवल पर देखा गया।ऐसे में इस खास मौके पर दीपिका को सफेद शर्ट, भूरे रंग



के ओवर कोट, काली बेल्ट और अपनी सौ वाट की मुस्कान में दिल धड़काते हुए देखा गया। दीपिका ने अपने लुक से न सिर्फ अपने चाहनेवालों की धड़कने तेज की बल्कि स्टैडियम में मौजूद हजारों कमैराज की भीड़ भी उन्हें कैप्चर करती दिखाई दी। दीपिका पादुकोण ने अपने करियर के दौरान अपने देश भारत को गर्व करने के कई कारण दिए हैं। अब फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी लान्च के साथ ही एक्टर, प्रोड्यूसर, एंटरप्रेन्योर और मेंटल हेल्थ एडवोकेट ने अपनी वैश्विक उपलब्धियों में चार चांद जोड़ लिए हैं। प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद, जहां वह जूरी सदस्य बनीं, और 'गोल्डन रेशियो ऑफ ब्यूटी' के अनुसार दुनिया की टॉप 10 सबसे खूबसूरत महिलाओं की लिस्ट में एकमात्र भारतीय होने के बाद, दीपिका पादुकोण के पास शानदार ग्लोबल अपील हैं जो हर गुजरते दिन के साथ सिर्फ बढ़ती जा रही है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि दीपिका पादुकोण क्यों इकलौती ऐसी भारतीय हैं जिन्हें लुई वीटॉन और कार्टियर जैसे लक्जरी ब्रांडों और यहां तक कि लेविस और एडिडास जैसे पॉप कल्चर ब्रांड के दिग्गजों के लिए ग्लोबल फेस के रूप में चुना गया हैं। दो बार टाइम मैगजीन पुरस्कार विजेता, को भी अक्सर दुनिया के अलग अलग क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों के साथ मान्यता दी गई है।

## बॉलीवुड न्यूज

### नयनतारा के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे अनुपम खेर




**मुंबई।** लेडी सुपरस्टार नयनतारा साउथ की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी हिंदी भाषा की किसी भी फिल्म में काम नहीं किया है और न ही हिंदी में उनकी कोई फिल्म रिलीज हुई है। लेकिन नॉर्थ में उनकी ह्यूज फैन फॉलोइंग को देखते हुए उनकी अपकमिंग फिल्म कन्केट के मेकर्स ने फिल्म के तमिल वर्जन की रिलीज के ठीक 1 हफ्ते बाद हिंदी में रिलीज करने का फैसला किया है। बता दें कनेक्ट एक हॉरर थ्रिलर है जो 30 दिसंबर को हिन्दी में रिलीज होगी। वहीं फिल्म का हिंदी ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर में एक खुशहाल परिवार को दिखाया गया है, जो दुनिया भर में फैली महामारी के कारण अलग अलग जगाहों पर फंस गए है। लेकिन यह सिर्फ महामारी नहीं है जिसने फैमिली तो परेशान किया है। कनेक्ट दर्शकों को अपनी सीटों के किनारे पर ले आएगी। राउडी पिक्चर्स के तहत विग्नेश शिवन द्वारा निर्मित, 'कनेक्ट' अश्विन सरवन द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म में नयनतारा लीड रोल में हैं, वहीं सत्यराज, अनुपम खेर और विनय राय भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म अश्विन सरवनन और काव्या रामकुमार द्वारा लिखी गई हैं और 30 दिसंबर 2022 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# मुकेश खत्री के परिजनों को मनोज सिंह डब्लू ने बंधाया ढांढस

**चकिया।** सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने रविवार को मृतक मुकेश कुमार खत्री के घर पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधाया। मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि यह घटना पूरी तरह दुखदाई है। अचानक इस तरह परिवार से किसी का जाना बहुत ही खलता है। घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। बतादें कि चकिया पूर्व चेयरमैन के पुत्र मुकेश कुमार खत्री शहाबगंज में आभूषण की दुकान चलाते थे।

बीते शुक्रवार की रात्रि रोज की भांति दुकान बंद करके घर कार से वापस हो रहे थे। तभी पचवनियां गांव के पास कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। जिससे कार चालक मुकेश कुमार की मौत हो गई थी। इसकी खबर लगते ही नगर सहित इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वही घटना की सूचना पाकर



सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार डब्ल्यू ने मृतक मुकेश कुमार खत्री के घर पहुंच कर उनके परिवार व भाई रतन खत्री व शिक्षक चंदन खत्री से मिलकर ढ़ाढ़स बधाया। कहा कि यह घटना हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। ?परिवार से इस तरह के सदस्य को छोड़कर जाना पहाड़ टूटने जैसा महसूस होता है। इस दौरान नि. प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश मुस्ताक खां, अजय गुप्ता, महेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष सपा मुख्तार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समस्या दर्ज कराकर लगाई समाधान की गुहार

**कंदवा।** ब्लॉक स्तर से नाली निर्माण की उम्मीद लगाए लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। अब पोखरा गांव निवासी बृजेश यादव द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर समस्या दर्ज कराकर समाधान की गुहार लगाई गई है। जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन मिला है। विकासखंड बरहनी के कर्मनाशा नदी के तटवर्ती इलाके का गांव है पोखरा जहां गांव के मुख्य मार्ग पर बराबर पानी लगने की समस्या है। समस्या के समाधान के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई एक बार सक्षम अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन नतीजा सिफर रहा। अब गांव के बृजेश यादव द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की गुहार लगाई गई है। बृजेश यादव ने बताया कि जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन मिला है।

# राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ के जिलाध्यक्ष बने अजीत श्रीवास्तव

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित पंचायत भवन के परिसर में राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ की जिलास्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान संगठन से सदस्यों को जोड़ने के साथ ही आजीवन सदस्य बनाने पर बल दिया गया। बिना संगठन के अभिकताओं की समस्या का निदान नहीं हो सकता। क्योंकि अभिकताओं को फील्ड में काम करने के दौरान समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।

वहीं सरकार द्वारा भी समय समय पर नियम बनाकर परेशान किया जाता है। इसलिए बिना संगठन को मजबूत किये इन समस्याओं से निजात नहीं पाया जा सकता। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकरणी का चयन किया गया। जिलाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री विनय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव सैयद सादिक हुसैन, मालती गुप्ता, मंत्री तिलकधारी प्रसाद, सतीश चन्द्र तिवारी, विजय त्रिपाठी, महिला मंत्री रीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष धर्म प्रकाश गुप्ता, सहमंत्री सुरेश कुमार द्विवेदी, हरगोविंद, अजय कुमार, सूचना मंत्री धर्मेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला महिला प्रमुख पुष्पा मिश्रा का चुनाव किया गया। वहीं सभी पदाधिकारियों को आपस में मिल-जुलकर कार्य करने की अपील किया। इस दौरान वाराणसी जिलाध्यक्ष राधेश्याम दूबे, मीना श्रीवास्तव, मदीना बेगम, ज्योति श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय वैश्य मद्धेशिया के नगर अध्यक्ष बने हरेंद्र कुमार



मद्धेशिया वैश्य सभा की बैठक में उपस्थित सदस्यगण।

**डीडीयू नगर।** अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य सभा की बैठक रविवार को नगर में हुई, जिसमें नगर संरक्षक तथा जिला पदाधिकारियों का गठन किया गया। नए पदाधिकारियों का चयन जिलाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। बैठक में समाज की पूनम गुप्ता तथा गायत्री गुप्ता व टीटी संत लाल को रेल विभाग से रिटायर होने पर समाज की तरफ से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गुड्डू गुप्ता हलवाई को भी सम्मानित किया गया। नगर कमेटी का गठन में नगर अध्यक्ष के पद पर हरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, महामंत्री रामाश्रय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अवनीश गुप्ता, कानूनी सलाहकार अजय कुमार को बनाया गया नगर संरक्षक के पद पर ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अजय गुप्ता को बनाया गया। साथ ही जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष कैप्टन मोहन गुप्ता, जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, जिला सचिव लवकुश गुप्ता तथा जिला सचिव जगदीश प्रसाद को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का हर्ष व्यक्त करते हुऐ माला पहना कर समाज की पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इस दौरान सुरेंद्र गुप्ता पूर्व चेयरमैन, शिवनाथ गुप्ता उर्फ पप्पू, श्याम कृष्ण गुप्ता, बृजेश गुप्ता, रामजी गुप्ता, नितिन गुप्ता, डा.मुकेश गुप्ता, विजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, तारकेश्वर प्रसाद गुप्ता, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, काशीनाथ गुप्ता, धनेश्वर गुप्ता, दीनबंधु गुप्ता, महिला मंडल मुन्नी देवी गुप्ता, मंजरी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन ओपी सर तथा अध्यक्षता तारकेश्वर गुप्ता ने किया।

### पत्रकार यूनियन सैयदराजा के नगर अध्यक्ष बने डॉ. मानवेन्द्र जायसवाल

**चंदौली।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन यूपी नगर इकाई सैयदराजा की बैठक पूर्वी उत्तरप्रदेश के संयोजक के आदेशानुसार रविवार को दोपहर 3 बजे नगर स्थित जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के आवास परिसर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नगर के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने अध्यक्ष और महामंत्री की अधिकारिक घोषणाएं की, जिसमें नगर सैयदराजा इकाई के समस्त पत्रकारिता से जुड़े यूनियन के सदस्यों ने मानवेन्द्र जायसवाल को नगर अध्यक्ष व अमिय पाण्डेय को सर्वसहमति से नगर महामंत्री चुना.जिनका उपस्थित सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके साथ ही नए व पुराने सदस्यों का फार्म भी भरा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने निर्वाचित हुए अध्यक्ष एवं महामंत्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही संघटन के मजबूती पर बल दिया। नगर अध्यक्ष डा.मानवेंद्र ने कहा कि संगठन के किसी सदस्य को अगर कोई परेशानी होती है तो पूरी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की टीम उसके साथ हमेशा तत्पर तैयार रहेगा संगठन में किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए वही महामन्त्री अमीय पाण्डेय ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और किसी भी पत्रकार के साथ यह यूनियन कंधे से कंधा मिलाकर उनके हर सुख दुख में साथ देगा। बैठक में अध्यक्ष, मंहामंत्री, उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष संगठन मंत्री, सचिव, संयुक्त सचिव, उपाध्यक्ष आदि का पदभार का गठन किया गया। इस मौके पर घूरेलाल कन्नौजिया, मकबूल आलम, अब्दुल कलाम अंसारी,सैफ अली इद्रीसी ,गोविन्द प्रजापति,मोहम्मद अली,अजित गुप्ता, मनीष मौर्या उपस्थित रहे।

# बच्चे निर्भीक होकर करें अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन: आजाद

**कार्यक्रम**

### आलोक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने बांधा समा

**चंदौली।** नगर स्थित आलोक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इसका शुभारंभ प्रबंधक डा.आजाद बहादुर व प्रधानाचार्य डा. आनन्द कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की कलाओं को देखकर अभिभावकों ने भी अपनी तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान प्रबंधक आजाद बहादुर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर होना बहुत आवश्यक



आलोक स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

है। इससे बच्चों के मन-मस्तिष्क का विकास होता है और उनके अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आने का मौका मिलता है। विद्यालय के बच्चों ने जिस प्रकार से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया है वह उम्दा और काबिले तारीफ है। उम्मीद है कि आगे भी अपने बेहतर भविष्य के लिए वे निडर और निर्भीक होकर ऐसे कार्यक्रमों में भाग ले और अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरु जन के साथ जनपद का नाम भी रोशन करें। इसके चलते विद्यालय का भी नाम रोशन होगा। प्रधानाचार्य डा.आनंद कुमार ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा संस्कृत कार्यक्रम के माध्यम से बाहर आती है और वेद निर्भीक और निडर होकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हैं। वे बधाई के पात्र हैं, इनकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। इस दौरान विनोद गुप्ता, इसरार अहमद, हरिहर विश्वकर्मा, राधेश्याम पाल, मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# चकिया कोतवाली पहुंचीं छात्राओं ने बदला अपना बयान

**चकिया।** क्षेत्र के पचवनिया गांव में कक्षा सात की छात्राओं द्वारा शिक्षक रामअवतार पांडेय पर छेड़खानी करने के लगाए गए आरोप के मामले में रविवार को नया मोड़ सामने आया है। परिजनों संग कोतवाली पहुंची छात्राओं ने शिक्षक को बदनाम करने की नियत से साजिश करने वालों का खुलासा करते हुए अपना बयान बदल दिया। साजिश को संज्ञान में लेते हुए बीएसए सत्येंद्र कुमार ने भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार को निलंबित करने के साथ ही षड्यंत्र में शामिल अनुदेशिका अर्चना को नोटिस जारी कर दी है। कोतवाली पहुंचे शिक्षक संघ ने भी न्याय की गुहार लगाते हुए शिक्षक रामअवतार पांडेय को रिहा करने की मांग की। बीते शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय पचवनिया में कक्षा सात की तीन छात्राओं ने शिक्षक रामअवतार पांडेय पर छेड़खानी और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए रविवार को अभिभावकों संग हंगामा मचाया था।

छात्राओं के बयान और हंगामे के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद जिलाधिकारी ने तत्काल मामले की जांच कराकर दोषी शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध आईपीसी की धारा-354 और पास्को एक्ट के तहत

**नोटिस**

### शिक्षक को बदनाम करने की थी साजिश, बीएसए ने प्रधानाध्यापक को किया निलंबित, अनुदेशिका को नोटिस

मुकदमा दर्ज कर शिक्षक को हिरासत में ले लिया था। रविवार को घटना की पूरी कहानी तब बदल गई जब अभिभावकों और ग्रामीणों के संग कोतवाली पहुंची तीनों छात्राओं ने कोतवाल को बताया कि विद्यालय में नियुक्त अनुदेशिका अर्चना और प्रधानाध्यापक राकेश कुमार के कहने पर उन्होंने शिक्षक रामअवतार पांडेय को बदनाम करने की नियत से छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। छात्राओं के कोतवाली पहुंचने की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय गुप्ता और शिक्षक नेता नरेंद्र यादव के साथ एक दर्जन शिक्षक कोतवाली पहुंच गए। जहां उन्होंने कोतवाल से बेगुनाह शिक्षक को न्याय दिलाने की बात कहते हुए उनको रिहा करने की मांग की। जिस पर कोतवाल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है, विशेष पाक्सो न्यायालय से राहत मिलने के साथ ही न्याय मिल सकता है।

# देश के निर्माण में अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान : मनीष वर्मा

**कार्यक्रम**

### जिलाधिकारी ने 58 प्रवक्ता एलटी ग्रेड सहायक अध्यापकों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र



चयनित अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों (एल.टी-ग्रेड) के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के उपरांत जनपद के विकास भवन सभागार में लगभग 58 प्रवक्ता एवं एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया और मुख्यमंत्री के नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। नियुक्ति वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी चयनित शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा देने का बहुत ही अच्छा माध्यम प्राप्त हुआ है सभी लोग मेहनत एवं लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विषय के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन और मेहनत करने की शिक्षा देना भी शिक्षक की जिम्मेदारी होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि मन मे दृढ़ इच्छाशक्ति लेकर कार्य करें कि जनपद के नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, डीडीओ बीबी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय उपस्थित रहे।

# अनुवाद से ही मिलती है दूसरे धर्म ग्रंथों की जानकारी : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**वार्तालाप**

### साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद का महत्व विषय पर हुआ व्याख्यान

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है, वह मूल भाषा या स्त्रोत भाषा है उससे जिस नई भाषा में अनुवाद करना है, वह लक्ष्य भाषा कहलाती है। अगर अनुवाद नहीं होता तो हम दूसरे धर्म के ग्रंथों को नहीं पढ़ पाते ना उसके विषयवस्तु को समझ पाते।

कुलपति प्रोफेसर मौर्य रविवार को चेन्नई के नुगमबक्कम लोयला कालेज के हिंदी विभाग की ओर से



साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद का महत्व विषय पर बतौर अतिथि ऑनलाइन व्याख्यान में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि दूसरी भाषा के साहित्य से अपनी भाषा के साहित्य को समृद्ध करना। दूसरी भाषाओं की शैलियों, मुहावरों, दार्शनिक तथ्यों वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को प्राप्त करना। विचारों का विनिमय करना। उन्होंने अनुवाद के प्रकार पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कहाकि साहित्यानुवाद, कार्यालयी अनुवाद, विधिक अनुवाद, आशुअनुवाद, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुवाद, वाणिज्यिक अनुवाद आदि को उदाहरण के साथ समझाया।

## संक्षेप

### रविकांत का डिजाइन सर्वश्रेष्ठ घोषित

**जौनपुर।** विश्व प्रसिद्ध चार धामों में सुविख्यात श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति हेतु विभागीय लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के अंतर्गत भारत के कोने कोने से विभिन्न प्रतियोगियों द्वारा प्राप्त लोगों के आधार पर जनपद निवासी कलाविद रविकांत जायसवाल द्वारा निर्मित किए गए लोगो डिजाइन को सर्वश्रेष्ठ लोगो घोषित किया गया। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अजय राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार की तरफ से कलाविद रविकांत का आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रतिभा की भी सराहना की गयी। आफिसियल लोगो के चयन के उपरांत श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा आगामी यात्रा काल में कलाविद रविकांत जायसवाल को सपरिवार श्री बद्रीनाथ केदारनाथ धाम में विशेष दर्शन पूजन हेतु सादर आमंत्रित किया गया है। कलाविद रविकांत जायसवाल ने बताया कि मंदिर समिति की तरफ से स्वस्थ्य, सुखी, समृद्धि, यशस्वी एवं दीर्घ जीवन की हार्दिक मंगल कामना के साथ आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ धाम के लिए सर्वश्रेष्ठ चयनित आफिसियल लोगो की डिजाइन करने एवं जनपद का नाम वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए नगर वासियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने कलाविद रविकांत जायसवाल को इस अप्रतिम उपलब्धि हेतु बधाइयां व शुभकामनाए दी।

### अपहरण का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना पुलिस ने सप्ताह भर पूर्व एक नाबालिग के अपहरण के मामले में वांछित आरोपी को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी शिवम यादव 19 पुत्र हरिशंकर निवासी ऊंचगांव लड़की बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में वांछित था जिसे उपनिरीक्षक धुरेंधर प्रसाद व कांस्टेबल राघवेंद्र राय ने रविवार10 बजे सरपतहां मोड़ से धर दबोचा। आवश्यक लिखापढ़ी के साथ ही आरोपी का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन के दौरान अपहृत नाबालिग को पहले ही बरामद कर लिया गया था आरोपी तभी से फरार चल रहा था।

### मड़हा जला, पांच पर मुकदमा

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के पिपरौल गांव में रविवार की सुबह एक रिहायशी मड़हा जलकर खाक हो गया जिसमें पीड़ित की तहरीर पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी हौसिला प्रसाद का रिहायशी मड़हा रविवार सुबह धू-धू कर जलकर खाक हो गया जिसमें पीड़ित ने पड़ोस के ही पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष संजय सिंह के निर्देश पर थाने में गांव निवासी राधेश्याम, राकेश, नन्दलाल, ऋषभ व रामदवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव के नट बस्ती निवासी सलमान व जलील में उधार पैसे को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि सलमान को मोटर साइकिल बनवाने के लिए जलील ने उधार पैसे दिया था। रविवार को सुबह लगभग दस बजे जलील अपना उधार पैसा सलमान से मांगने लगा तो इसी बात पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमे एक पक्ष से सलमान 41, साबिरा 25 व दूसरे पक्ष से जलील 40 चुटहिल हो गए। एक पक्ष द्वारा दी गई सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची।

### दुष्कर्म और धोखाधड़ी के दो वारंटी पकड़े गए

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और धोखाधड़ी के दो वारंटियों को रविवार को अलग-अलग स्थित उनके घरों से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में चालान भेज दिया। पकड़े गए दुष्कर्म मामले के आरोपी का नाम भरत कुमार है वह इसी थाना क्षेत्र के गंगोली गांव का रहने वाला है जबकि धोखाधड़ी के मामले का आरोपी अभिमन्यु भी इसी थाना क्षेत्र के देवाकलपुर गांव का रहने वाला है। कोतवाल संजय कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट की नोटिस के बाद भी दोनों कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। दोनों आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25 को

**ज्ञानपुर।** ऊंज थाना क्षेत्र के बिछिया गाँव में अंतर्जनपदीय एक दिवसीय बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर को किया गया है। बालीबाल संघ अध्यक्ष अंकित कुमार सिंह ने बताया कि अंतर्जनपदीय वालीबाल प्रतियोगिता विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही है।

# पुलिस अभिरक्षा में चचेरे भाई ने दी मुखाग्नि

**मामला**

### अविवाहित थे चंद्रशेखर तिवारी, गांव में बना रखी थी आठ बीघा जमीन

### बीस करोड़ आंकी जा रही थी कीमत, नहीं है कोई आगे-पीछे

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लाइन बाजार के फूलपुर निवासी चंद्रशेखर तिवारी की मौत के बाद रामघाट पचहटियां में हुए विवाद के उपरांत हत्या का आरोप लगाए जानें पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव को कड़ी निगरानी में शनिवार देर शाम रामघाट पर दाह संस्कार कराया।

मृतक के चचेरे भाई रामचंद्र तिवारी ने मुखाग्नी दी।रामचंद्र तिवारी ने बताया की थाना क्षेत्र के लाला बाजार निवासी जितेंद्र मिश्रा चंद्रशेखर तिवारी को लखनऊ ईलाज के लिए लिवा गए थे। उनका आरोप है की अचल संपत्ति की लालच में उनकी मारपीट कर सोने की चेन, अंगूठी, मोबाइल छीनकर हत्या कर दी गयी। श्री तिवारी ने बताया की मृतक चंद्रशेखर ने विवाह नहीं किया था। भतीजे प्रेम कुमार तिवारी ने बताया की गांव में आठ बीघा जमीन इनके पास थी उनके आगे पीछे कोई भी कोई नहीं था। जमीन की कीमत बीस करोड रूपए आंकी जा रही थी जिस पर लोगों की निगाहे थीं।

चचेरे भाई रामचन्द्र तिवारी व भतीजे प्रेम कुमार तिवारी ने आशंका जतायी की उनकी जमीनों को भी कहीं अपने नाम न करा लिया गया हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष लाइन बाजार आदेश त्यागी ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार उचित कार्यवाही की जायेगी।

# नैक क्राइटेरिया को ध्यान में रखकर करें प्रस्तुतिः कुलपति

**कार्यशाला**

### नैक के असिस्टेंट एडवाइजर ने ग्रेडिंग बढ़ाने के दिए टिप्स

### विभाग की स्थिति का पीपीटी के माध्यम से हुआ प्रस्तुतीकरण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन रविवार को नैक की तैयारी के संबंध में 28 विभाग के विभागाध्यक्ष ने सातों क्राइटेरिया के तहत विभाग की स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया।

सभी विभागाध्यक्षों ने कुलपति और नैक के असिस्टेंट एडवाइजर डा. नीलेश पांडेय के समक्ष विभाग की प्रस्तुति की।इस अवसर पर बंगलुरु नैक के असिस्टेंट एडवाइजर डॉ. नीलेश पांडेय ने प्रस्तुतीकरण के दौरान कमियों को कैसे दूर किया जाए इस बारे में विस्तार से बताया। साथ ही नैक की ग्रेडिंग बढ़ाने के लिए कई उपाय भी सुझाए। कई विभागों



की प्रस्तुति में खामियों पर उन्हें संशोधन के सुझाव दिए। कई विभागाध्यक्षों के सुंदर प्रस्तुतिकरण की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के हर शिक्षक और अधिकारी नैक क्रैटेरिया के हिसाब से अपना एकेडमिक रिकॉर्ड तैयार करें, ताकि विभाग के साथ-साथ विश्वविद्यालय का भी रिकॉर्ड मजबूत हो। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विभागाध्यक्षों के प्रस्तुतीकरण को गंभीरता से देखा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकों और अधिकारियों को नैक की तैयारी के प्रति गंभीर होने के निर्देश दिए। स्वागत प्रो. मानस पांडेय, संचालन डॉ. गिरधर मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो.वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राम नारायण, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सौरभ पाल, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. नुपुर तिवारी, डॉ. राजकुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. मिथिलेश , डॉ. सुशील शुक्ला, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. रामनरेश यादव, डॉ. मंगला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# आमने-सामने ट्रकों की टक्कर में चालक घायल

**चंदवक।** क्षेत्र के बजरंगनगर बाजार में शनिवार की रात बारह बजे ट्रकों के आमने-सामने टक्कर में एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज पीएचसी में कराया गया।वाराणसी की तरफ से ट्रक जा रही थी। बजरंगनगर बाजार में आजमगढ़ से आ रही ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी जिससे चालक राहुल यादव देवरिया घायल हो ट्रक में फस गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने उसे लोगों की मदद से बाहर निकलवाया और उसका इलाज पीएचसी बजरंगनगर में कराया गया। इसके अलावा चंदवक औड़िहार मार्ग पर बगेरवा गांव के सामने सेंटरिंग का सामान लदा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से पलट गया जिससे जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने के साथ ट्रैक्टर सहित ड्राइवर अर्जुन निवासी खलियाखास को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# 31 दिसम्बर को बिंद समाज कराएगा सामूहिक विवाह

**ज्ञानपुर।** बिंद समाज विकास परिषद की आवश्यक बैठक रविवार को केंद्रीय कार्यालय पूरे भागवत में हुई। जिसमें पूर्व की भांति इस वर्ष भी सामूहिक विवाह की योजना बनाई गई' सामूहिक विवाह मौर्या लान मे आयोजित किया जाएगा। इसमे समाज के लोगों से भागीदारी का आहवाहन किया गया।बैठक मे जुटे पदाधिकारियो के साथ विचार विमर्श करते हुए राष्ट्रीय महासचिव सुशील कुमार बिंद ने बताया कि इस वर्ष सामूहिक विवाह का कार्यक्रम 31 दिसंबर शनिवार को मौयार्लान गोपीगंज में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कहा कि कन्यादान एक महादान है इसमे तन मन, धन से सहयोग के साथ समय से उपस्थिति सुनिश्चित करे और वर वधू को आशीर्वाद प्रदान करें। बैठक में राजकुमार बिंद, शारदा प्रसाद बिंद, अतुल कुमार बिंद, सुनील कुमार, देवराज बिंद, रामलाल बिंद, शीतला प्रसाद, रमाकांत बिंद, अतुल कुमार बिंद, आनंद प्रसाद बिंद व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम में मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस



मदरसे में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण

**जौनपुर।** मछलीशहर क्षेत्र के मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मदरसे में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मदरसे की प्रधानाचार्य महजबी बेगम ने बताया की संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 18 दिसम्बर 1992 को अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस घोषित किया गया।

दानिश आजाद अंसारी राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उ.प्र. शासन के निर्देश पर मदरसे में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिससे बच्चों को दीनी मालूमात के साथ-साथ विज्ञान के बारे में भी कुछ सीखने को मिले। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया एवं उन्हें सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए जो स्कीम चल रही है उसके बारे में बताया गया। जैसे अल्पसंख्यक शादी अनुदान अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आदि कार्यों का भी उल्लेख किया गया तथा अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात कहने को भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मो. इमरान खान ने किया। मौके पर रिजवान अहमद, फैजान अहमद, नफीस अहमद, जमाल अख्तर, शकील अहमद, तहसीन बानो समेत सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में महिलाओं का बजट हो गया शून्यःअंजू यादव

**बैठक**

### नगर निकाय चुनाव में महिलाओं की एकजुटता पर दिया गया बल

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** कस्बे के पकड़ी मोहल्ला में समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक में महिला जागरूकता सम्मेलन व समीक्षा बैठक नगर अध्यक्ष शकुंतला देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर निकाय चुनाव में महिलाओं से एकजुट होने की अपील की गई। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष अंजू यादव ने कहाकि भाजपा सरकार पूरी तरह से महिला विरोधी है। इस सरकार के आने के बाद से महिलाओं का बजट बिगड़ कर शून्य पर आ चुका है। घरेलू गैस इतनी महंगी हो गई है कि उन्हें फिर से लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाना पड़ रहा है। कहा कि महिलाओं के



विकास का असली श्रेय लेने वाली भाजपा सरकार में महिलाएं कई सामाजिक प्रतिबंधों से बंधी हुई है। नगर अध्यक्ष शकुंतला देवी ने कहा कि भाजपा सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं को आज भी अपनी बात रखने का अधिकार नहीं दिया गया है। आधी आबादी को मजबूत किए बिना देश कतई आगे नहीं बढ़ पाएगा। छात्रसंघ अध्यक्ष अनुपमा सिंह पटेल ने कहा कि अगर हमें अपने देश को विकसित बनाना है तो जरूरी है कि पुरुष और खुद महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाए केवल पूजने से महिला सशक्त नहीं होती है। महिलाओं का हर क्षेत्र में सशक्तिकरण किया जाए। कहा कि नारी शक्ति हमारे देश में सदियों से पूजनीय रही है अखिलेश यादव ने महिलाओं के प्रसव के लिए एंबुलेंस 102, कन्या विद्याधन, समाजवादी पेंशन, लैपटॉप व जैसी योजनाएं चलाई मगर आज सरकार खुद को उसका श्रेय दे रही है। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष अनुपमा सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर शकुंतला ,शीला, शांति, बबीता, माधुरी, शिव , सुशीला,सलोनी,सरस्वती,सरोज, मेहरून्निसा व कंचन आदि लोग मौजूद रहीं।

# बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में चुनाव जीतने पर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर बीजेपी के मछलीशहर जिला कार्यसमिति की रविवार को बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी केके सिंह ने चुनाव जीतने का टिप्स बताया।

बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रम्हदेव मिश्रा, सुशील उपाध्याय, अपराजिता सोनकर, अरुण कुमार राय, मुराहु राजभर, शैलेश पांडेय, रामविलास पाल आदि ने भी संबोधित किया। बैठक की शुरूआत पार्टी के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक में राकेश शुक्ला, बृजनाथ दूबे, आशा मौर्या, राजेश सोनकर, प्रकाश पाण्डेय, राजेन्द्र श्रीवास्तव, प्रहलाद यादव सहित जिले भर के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया।



# सोंधी को पराजित कर सरवरपुर अगले दौर में



क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ करते अतिथि

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर के सोंधी मोहल्ला स्थित रामलीला मैदान में सोंधी क्रिकेट क्लब की ओर से 22 वां अंडरआर्म क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सरवरपुर की टीम ने सोंधी की टीम को नौ रन से पराजित कर अगले दौर में पहुंच गई। सरवरपुर टीम के कप्तान रवि कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित पांच ओवर में टीम ने आठ विकेट पर 67 रन का स्कोर बनाया। जवाब में उतरी सोंधी की टीम 58 रन पर ढेर हो गई। सरवरपुर की टीम नौ रन से जीत कर अगले दौर में जगह बना लिया। इससे पहले भाजपा के मंडल महामंत्री व सभासद मनीष कुमार गुप्ता ने फीता काटकर क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ आपसी सद्भाव बढ़ता है। प्रतियोगिता के आयोजक भोला यादव ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. अमलेंद्र गुप्ता, आदर्श श्रीवास्तव, सचिन सोनी, राजू बिन्द, लालू यादव, रितेश यादव, गोकुल यादव, सत्यम, अनिल बिन्द उपस्थित रहे।

# गरीबों की सेवा ही परम धर्म हैः मिश्रा

**आयोजन**

### जरूरतमंदों में योग वेदांत समिति के अध्यक्ष ने वितरित किए एक हजार कंबल

### मातृ पितृ पूजन, तुलसी पूजन व भजन के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय क्षेत्र के गौरैयाडीह गांव में स्थित एक मैरेज हॉल एवं रेस्टोरेंट में वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कंबल वितरण समारोह में प्रयागराज से पधारे संत आसाराम बापू के शिष्य मिश्रा का सत्संग हुआ। इसमें उन्होंने कहाकि गरीबों की सेवा ही परम धर्म है, सेवा ही मनुष्य जीवन का सार है जो लोग सेवा करते हैं, वह संसार की खाई में नहीं गिरते बल्कि दूसरों को भी 84 लाख योनियों की खाई से बचाते हैं।

श्री मिश्र ने आगे कहा कि माता-पिता, गुरुजनों, गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। औरों की



जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते समिति के सदस्यगण

नहीं कम से कम अपने जीवन में अपने माता पिता की सेवा ही कर लें। क्षेत्र के दूरदराज के लोग पहुंचकर संत मिश्रा के प्रवचनों को श्रवण किया। इस दौरान भजन, मातृ पितृ पूजन, तुलसी पूजन के साथ ही एक हजार कंबल वितरित किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष विजेंद्र जायसवाल ने गरीबों को एक हजार कंबल बांटकर नशे से दूर रहने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के पूर्व में संस्था के अध्यक्ष विजेंद्र जायसवाल ने अपनी धर्म पत्नी निर्मला देवी व समिति के सदस्यों द्वारा अपने पूज्य गुरुदेव के चित्र के समक्ष आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विजेंद्र जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी निर्मला जायसवाल ने ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को एक हजार कंबल वितरित किया। उन्होंने बताया कि योग वेदांत सेवा समितियों के सहयोग से पूज्य संत आसाराम बापू का दिव्य संदेश एवं दैवीय कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुँचाना मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान मनोज जायसवाल ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में अपने लिए और अपने गरीबों के लिए सभी कुछ न कुछ सहायता करते हैं लेकिन इस सहयोग की सेवा ईश्वर की सेवा से बढ़कर है। इस दौरान आशीष जायसवाल ने कहा कि अपने गुरु की स्मृति में यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस साल भी किया जा रहा है। प्रयागराज से पधारे संत आसाराम बापू के शिष्य द्वारा गुरु भक्ति की महिमा बताई गई। बाद में गरीब ग्रामीणों व लोगों को प्रसाद भी बांटा गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश गुप्त ने किया। इस अवसर पर निर्मला जायसवाल, ज्योति जायसवाल, मनोज जायसवाल, शिवम जायसवाल, सचिन जायसवाल, सचिव योगेश कुमार गुप्त, आलोक कुमार गुप्त पिंटू, पूर्व चेयरमैन कपिल मुनि, अवधेश मौर्य व चिलबिला आश्रम के पदाधिकारी गण के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** क्षेत्र के गहरपारा ग्राम सभा में माता-पिता की स्मृति में समाजसेवी हेमचंद यादव के संरक्षण मे पुत्र कन्हैया यादव, किशन यादव, नंदलाल यादव द्वारा 551 जरूरत मंद लोगों में कंबल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह एवं मनोज सिंह (रिंकू) ने लोगों को संबोधित करते हुए कहाकि लोगों के पास धन की कमी नहीं है पर समाज सेवा करने वाला व्यक्ति दृढ़ संकल्पित होता है तथा वह समाज के किसी भी वर्ग के व्यक्ति की समस्या का निदान करने के लिए हर समय तत्पर रहता है। अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम में 551 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. कलावती देवी पत्नी स्व. बुधिराज भगवंता यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद चौरसिया रहे तथा कार्यक्रम का संचालन अभिषेक यादव एवं अमित यादव ने किया। आए हुए अतिथियों का समाज सेवी हेमचंद्र यादव के पुत्र कन्हैया यादव ने लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शहर में निकली अद्भुत वरयात्रा, एक दूजे के हुए 62 जोड़े



सामूहिक विवाह में वर-वधू को आशीर्वाद देते अतिथिगण


कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं पूविवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य


द्वारपूजा के दौरान दूल्हे को तिलक लगाती महिलाएं

**जेब्रा सामूहिक विवाह**

**मोहम्मद हसन महाविद्यालय के मैदान में सभी रस्में हुई पूरी**

**कुलपति व जिलाधिकारी ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद**

**हर तीसरे वर्ष जेब्रा फाउंडेशन करता है यह आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** शहर में लोगों को रविवार को अद्भुत वरयात्रा देखने को मिली। मौका था सामाजिक व रचनात्मक संस्था जेब्रा फाउंडेशन के महायज्ञ रूपी दहेज रहित सामूहिक विवाह का।

एक साथ 62 दूल्हों की वर यात्रा नव दुर्गा शिव मंदिर परिसर, नखास से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल मोहम्मद हसन पीजी कालेज सुक्खीपुर के मैदान में पहुंची। वहां 62 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से दांपत्य सूत्र में बंधकर जीवन साथी बन गये। जेब्रा अध्यक्ष संजय सेठ ने बताया कि वर व कन्या पक्ष की ओर से 20-20 लोगों को आमंत्रित किया गया था। आयोजन स्थल पर ही इनके जलपान व भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। जीवन साथी बनने वालों को संस्था ने उपहार में दुल्हन को मांगटीका, नथिया, मंगलसूत्र, झुमका, अंगूठी, पायल-बिछिया, चुनरी, साड़ी सेट, शाल, स्वेटर व सौंदर्य प्रसाधन बाक्स तो वहीं दूल्हे को कलाई घड़ी, दो सेट कपड़ा, कन्हावर, अंगूठी व चेन उपहार स्वरूप प्रदान किये गये।

इसके साथ ही गैस सिलेंडर चूल्हा, सिलाई मशीन, बर्तन, कुकर, दीवार घड़ी, फोल्डिंग चारपाई, कंबल, गद्दा, तकिया, बेडशीट, स्टील बाक्स, बैना भी दिया गया। वर-वधू को आशीर्वाद देने वालों में पूविवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नागेन्द्र सिंह, मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर खान, नपा के पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन, गहना कोठी फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू, समाजसेवी मनोज अग्रहरि, सपा नेत्री पूनम मौर्या, भोजपुरी अभिनेता चंदन सेठ, समाजसेवी उर्वशी सिंह, गप्पू मौर्या, राकेश श्रीवास्तव, सोमेश्वर केसरवानी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रिंस सेठ, सुधीर साहू, सुभाष गर्ग आदि रहे।

### बहनों की शादी में आई दिक्कत तो लिया सामूहिक विवाह का संकल्प

जेब्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय सेठ मिसाल हैं उन युवाओं के लिए जो समाज के लिए कुछ करने का जज्बा रखते हैं। संजय सेठ की उम्र महज 18 वर्ष थी जब चार अगस्त 1993 को मां मालती देवी व 16 नवंबर 1994 को पिता श्याम लाल सेठ स्वर्ग सिधार गए। सवा साल के अंतराल में मां की ममता का आंचल और सिर से पिता का साया छिन गया। श्याम लाल सेठ अपनी सात संतानों में दो बड़ी बेटियों बिंदू व इंदू की शादी कर चुके थे। किशोरवय संजय सेठ के कंधे पर छोटी बहनों मनीषा, श्वेता, खुशबू व भाई अमरनाथ सेठ के पालन-पोषण व शिक्षा-दीक्षा का बोझ आन पड़ा। श्वेता व खुशबू की शादी में आई दिक्कतों के बाद संजय सेठ ने अपनी तरह की ही सोच रखने वाले 13 युवाओं को प्रेरित कर जेब्रा...आशा की ज्योति संगठन की नींव रखी। संस्था के नेक कार्य में समाज के लोग खास तौर पर व्यवसायी वर्ग तन-मन-धन से सहभागिता करते हैं। संस्था के मार्गदर्शक की भूमिका में स्थापना काल से ही जुड़े हैं सेवानिवृत्त आइएएस एनपी सिंह। तब से हर तीसरे वर्ष संस्था सामूहिक विवाह का आयोजन करती है और अब तक करीब छह सौ कन्याओं के दुल्हन बनकर पिया के घर जाने के सतरंगी सपने को मूर्त रूप दे चुकी है।

# अधेड़ को ट्रक ने रौंदा, विधायक जाहिद बेग ने पहुंचाया अस्पताल

**हादसा**

**चैरी बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान नशे में नशेड़ी ट्रक चालक ने मारी टक्कर**

**चैरी पुलिस ने दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को लच्छापुर बाजार से दबोचा**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** चैरी बाजार में सब्जी खरीदने गए साकिल सवार अधेड़ को बेकाबू ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। अधेड़ की साइकिल ट्रक में फंस गई। जिससे अधेड़ पहिए की चपेट में आ गया और उसका दोनों पैर बुरी तरह से कुचल गया। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक नहीं रुका और फंसी हुई साइकिल के साथ भाग निकला। अधेड़ की साइकिल घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर आगे सड़क किनारे कई टुकड़ों में पाई गई। जबकि चालक को पुलिस ने लच्छापुर बाजार में धर दबोचा।

दूसरी तरफ चैरी बाजार में हुए हादसे के बाद वहां से गुजर रहे भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग ने अपनी गाड़ी रोकी और घायल की हालत को देखते हुए उसे न सिर्फ अस्पताल पहुंचाया, बल्कि उसके साथ स्वयं अस्पताल गए और परिवार वालों को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक चैरी बाजार के जमुआ, परसीपुर निवासी शिवराज गौतम (52) पुत्र हरिचरन रविवार को सब्जी खरीदने के लिए साइकिल से चैरी बाजार आया था। भदोही-वाराणसी मार्ग पर पटरी पर खड़े होकर सब्जी खरीद रहा था। साथ में उसकी साइकिल भी थी।

इसी दौरान एक ट्रक उधर से गुजरा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक चालक काफी नशे में था और गाड़ी को लहराकर चला रहा था। इसी वजह से शिवराज गौतम की साइकिल ट्रक में फंस गई और साइकिल के सहारे खड़ा शिवराज गिर पड़ा और पहिए की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवराज का दोनों पैर पहिए की चपेट में आकर कुचल गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान सपा विधायक जाहिद बेग वहां पहुंच गए और आटो से घायल को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा रेलवे स्टेशन सुरियावां

जनसंदेश न्यूज

**सुरियावां।** आजादी के सात दशक बाद भी सुरियावां क्षेत्र की मूलभूत समस्याए नहीं हल हो पाई, ऐसे में देखा जाए तो इस सुरियावां नगर में आबादी करीब बीस हजार व क्षेत्र में दो लाख के लगभग है। रेलवे स्टेशन सुरियावां पर प्रमुख यात्री ट्रेन को चलने के बाद भी बंद कर दिया गया। इसके बाद पुनः ठहराव नहीं किया गया, जिसमें कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन 11071 है जो मुंबई से वाराणसी आती है उसका ठहराव होना अति आवश्यक है। इसी प्रकार वाराणसी से लखनऊ के लिए सुबह इंटरसिटी ट्रेन नंबर 15107 है जो लखनऊ जाती है और शाम को वापसी में यह ट्रेन 15108 इंटरसिटी ट्रेन आती है किंतु सुरियावां रेलवे स्टेशन पर इसका स्टॉपेज नहीं है।

कई दिग्गज नेता पांच साल में ट्रेन ठहराव नही करा सके। सुरियावां रेलवे स्टेशन पर न तो शौचालय है न तो मूत्रालय है न तो पेयजल की व्यवस्था है ना तो टिकट आरक्षण केंद्र है। यहां तक की टीनशेड तो बना दिए गए किंतु नीचे यात्रियों के बैठने के लिए कोई भी सीट की व्यवस्था नहीं की गई है। प्रकाश व्यवस्था भी लचर है दो चार लाईट ही स्टेशन प्लेटफार्म पर जलते हैं अक्सर अंधेरा ही रहता है। पेयजल के लिए मात्र एक हैंडपंप के सहारे पूरा प्लेटफार्म है। ट्रेन ठहराव पर यात्री पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। रेल विभाग यात्रियों से किराया लेता है उसको पानी पीने की व्यवस्था भी ट्रेन में नहीं करता है।

इस संबंध में नगर निवासी अश्वनी साहू महामंत्री युवा उद्योग व्यापार मंडल सुरियावां ने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी सुरियावा का विकास अत्यंत पीछे है जबकि यहां के छात्र, व्यापारी, किसान, अधिवक्ता कर्मचारी आज लोग प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, लखनऊ, मुंबई आदि जगहों के लिए प्रतिदिन यात्रा करते हैं किंतु सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ नहीं है यात्री आते हैं तो जमीन पर बैठे रहते हैं टीन सेट लगा है यात्रियों के बैठने की व्यवस्था नहीं है।

## संक्षेप

### वरदान हॉस्पिटल द्वारा लगाये गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़




**भदोही।** नगर के पचभैया मोहल्ले में स्थित मदरसा प्राइमरी इस्लाह में रविवार को वरदान हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 238 मरीजों ने पहुंचकर इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर में काफी संख्या में लोग अपना इलाज व जांच कराने के साथ ही साथ परामर्श लेने के लिए पहुंचे। जहां पर वरदान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पीयूष जायसवाल के साथ नेत्र परीक्षक डॉ. सेराज, डॉ. अभिषेक जायसवाल फिजियोथेरेपिष्ट व अन्य चिकित्सक रहे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग, सुगर रोग और सर्वाइकल से सम्बंधित मरीजों की जांच की गई और उनको परामर्श देते हुए मुफ्त में दवाओं का वितरण किया गया। सभी मरीजों को देखने के बाद जिनका सुगर अधिक था। उनका ईसीजी वरदान हॉस्पिटल में करने के लिए दूसरे दिन सोमवार को बुलाया गया। हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच करने के लिए उनको पर्ची बना कर दिया गया। इस अवसर पर वरदान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.पीयूष जायसवाल ने कहा कि जिनको जांच के लिए पर्ची दी गई है वह लोग दूसरे दिन हॉस्पिटल में आकर अपना ईसीजी निःशुल्क करा सकते हैं।

### स्व. मोतीलाल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर नौकरी में न जाते हुए की समाजसेवा : विकास

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के नेता आनंद यादव 'नेता' के चाचा ब्लाक क्षेत्र के मई गांव निवासी समाजसेवी मोतीलाल यादव 65 के आकस्मिक निधन पर सपाजनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। रविवार को पूर्व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास यादव के आवास पर शोक सभा आयोजित कर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्व. मोतीलाल इंजीनियरिंग की पढाई कर नौकरी में न जाते हुए समाजसेवा में समर्पित रहे है। शिक्षा व पर्यावरण को लेकर सदैव लोगो को जागरुक करते थे। शुक्रवार की रात ह्दय गति रुकने से उनका निधन हो गया। शोक सभा में संतोष यादव, सोहन पाल, रामराज यादव, प्रदीप यादव, सुरेश यादव, जवाहर लाल यादव, नवीन यादव, कमलेश आदव आदि शामिल रहे। आनंद यादव ने बताया कि चाचा जी के निधन की खबर सुन कर विभिन्न दल के नेता सहित समाजसेवी व व्यवसायी सभी शोक संवेदना में मई आवास पहुंच रहे हैं। जिसमें मुख्य रुप से विधायक जाहिद बेग, विधायक डा. आरके पटेल, पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, पंचायत अध्यक्ष विजय सोनकर, दिलीप गुप्ता, शोभनाथ यादव, कामिल अंसारी, पन्नालाल यादव, दिनेश यादव, रामजस यादव, पीके श्रीवास्तव, तेजबहादुर बहादुर यादव, रामराज बम्मु, मून यादव, शिवशंकर यादव, प्रकाश, पारस आदि शामिल रहे।

### एसडीएम व तहसीलदार ने गांव-गांव में जाकर जरूरतमंदों में बांटा कम्बल



**भदोही।** ठंड व शीतलहरी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। गरीबों को ठंड से बचाने के लिए प्रशासन ने कंबल वितरण शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम भदोही डॉ. कृपाशंकर पांडेय व तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने रविवार को तहसील क्षेत्र के गांवो में बनबासी बस्तियों में घर-घर पहुंच जरूरतमंदों को गर्म कंबल बांटे। गरीबों को ठंड से बचाने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. कृपाशंकर पांडेय ने कहा कि गरीबों को इस समय पड़ रही ठंड से बचने और उनको राहत दिलाने के लिए शासन से प्राप्त कंबलों का वितरण शुरू कर दिया गया है। कंबल वितरित करने के लिए पात्र व्यक्तियों की सूची बनवाई गई है। उन बस्तियों में पहुंचकर कर कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानून गो व लेखपाल के माध्यम से भी गांव-गांव में पात्र व्यक्तियों में कंबल दिया जाएगा। इसमें कोई भी पात्र व्यक्ति छुटने नहीं पाएंगे। गरीब व्यक्ति ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर खुशी से झूम उठे। इस मौके पर लेखपाल राहुल गौड़ व अनीश कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# 14 प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र


कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र देते विधायक

**ज्ञानपुर।** मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालय हेतु उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 1395 प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन पदस्थापना एवं नियुक्ति पत्र रविवार को सभागार लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदान करने विषयक कार्यक्रम का ऑनलाइन सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार भदोही में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक विपुल दुबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने चौदह नवनियुक्त प्रवक्ताओं दिनेश पांडेय, रोहित श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार गौतम, मोहम्मद रजी, प्रिया यादव, ऋषिकेश कुमार तिवारी, हार्दिक दुबे, निलेश कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार, सुभाष चंद्र यादव, कोमल कुमार यादव, कमलेश कुमार, गुंजन मिश्रा, चंद्र प्रकाश शुक्ला को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सभी नव नियुक्त प्रवक्ताओं को शुभकामनाये दी।

## सत्यनिष्ठ जनसेवक पार्टी की बैठक में जनहित के मुद्दों पर की गई चर्चा

**ज्ञानपुर।** क्षेत्र के कोईरौना बाजार में सत्य निष्ठ जनसेवक पार्टी एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जनपद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कई सामाजिक व जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई।पार्टी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि कलिजरा, गोपालापुर गंगा घाट पर छाया एवं बैठने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराए जाए। बताते चलें कि गंगा घाट के किनारे लगभग सैकड़ों गांव के लोग शवदाह करने के लिए आते हैं पर्याप्त मात्रा में छाया एवं बैठने की व्यवस्था नहीं है। इसी तरह जनपद डेगुरपुर पक्का पुल के लिए केंद्र व प्रदेश के नेताओं ने मंत्री जनप्रतिनिधि घोषणा के बावजूद अभी पक्का पुल का निर्माण नहीं हो सका हैं। जिसके कारण क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कत हो रही है। पार्टी के कार्यकताओं ने शीघ्र डेंगूपुरपक्का पुल बनवाने की मांग की। इस मौके पर मनोज शर्मा, नरेंद्र तिवारी, मनमोहन मिश्रा, अनुज शर्मा, सचिन कुमार, सर्वेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# मदरसों में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कार्यक्रम**

**मदरसा अरबिया मदीनतुल इल्म व मदरसा शमसिया तेगिया में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर बच्चों को बताया गया इतिहास**

जनसंदेश न्यूज


विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गए मॉडल को देखते लोग

**भदोही।** नगर के पीरखांपुर मोहल्ले में स्थित मदरसा अरबिया मदीनातुल इल्म में रविवार को कि धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मदरसे में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाएं गए। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मॉडल बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाया गया।

इस दौरान कक्षा 8 के छात्र अदनान, सना व रुबी द्वारा सोलर लैंप के मॉडल बनाएं गए। जिसको प्रथम पुरस्कार दिया गया। कक्षा 7 के छात्र अनस व मेराज द्वारा बनाएं गए ज्वालामुखी के मॉडल को द्वितीय पुरस्कार मिला। वहीं कक्षा 6 ए के छात्र हस्सान, रेहान व अरकान द्वारा भदोही हॉस्पिटल, कक्षा 6 बी के छात्र साइना, अम्बिया व मरियम द्वारा सौरमंडल, कक्षा 5 बी के छात्र इकरा, रिफत व फिजा द्वारा मानव फेफड़ा के माडल को प्रदर्शित किया गया। जिसकी सराहना की गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों के अधिकार पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मौलाना रज्जब अली, हाजी हसीन सिद्दीकी, अर्श आजम, हाजी वलीउल्लाह खां, मो.निजाम, शमशेर, लईक नैयर, फरहा, सहला, फरहाना व अरशद अली आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहें। इसके साथ ही नगर के मर्यादपट्टी मोहल्ले में स्थित मदरसा शम्सिया तेगिया में भी अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही साथ मदरसा के प्रिंसीपल फैसल हुसैन अशरफी ने अल्पसंख्यक अधिकार पर तफ़्सीर से लोगों को बताया साथ हो कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 25 हजार के इनामी शातिर लुटेरे को सुरियावां पुलिस ने दबोचा

जनसंदेश न्यूज

**कामयाबी**

**लूटेरे की निशानदेही पर लूट की घटना में प्रयुक्त पिस्टल मय कारतूस व लूट के दस हजार रुपये नगद बरामद**

**मुंबई से तड़ीपार घोषित आरोपी चल रहा था फरार**

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सुरियावां पुलिस ने बैंक मित्र के साथ लूटकांड के आरोपी, पचीस हजार रुपये के इनामी व महाराष्ट्र से तड़ीपार घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई हैं। प्रेस नोट के माध्यम से एसपी ने अवगत कराया कि 26 जुलाई को आशुतोष दूबे पुत्र तीर्थराज दूबे निवासी नेवादा रोही थाना सुरियावां जनपद भदोही लिखित तहरीर दिया गया कि 26 जुलाई को सायं मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने वादी के भतीजे विनोद दूबे गोली मारकर घायल कर बैग में रखा डेढ़ लाख रुपए छीन कर भाग गये। पुलिस टीम द्वारा 28 अगस्त को घटना में शामिल शातिर लुटेरे अखिलेश पांडेय को लूट के माल व तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। घटना में शामिल काफी समय से फरार चल रहे एक अन्य वांछित अभियुक्त 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त राशू पाण्डेय उर्फ राशुतोष पाण्डेय पुत्र सुरेश पाण्डेय नि. चनेथू थाना सरायममरेज जिला प्रयागराज को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरियावां राकेश कुमार सिंह, पाली चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार राय, उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव, सुनील कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, निर्मल कुमार, मंजीत कुमार, अशोक यादव, रामानन्द आदि लोग शामिल रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# पेंशनर्स दिवस पर डीएम ने किया सम्मानित

**जौनपुर।** पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार द्वारा सभी उपस्थित पेंशन पदाधिकारियों, पेंशनरों, कार्यालयाध्यक्षों एवं पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लेखाकार अध्यक्ष कोषागार कर्मचारी संघ दयाराम गुप्ता द्वारा किया गया।

पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान, जनपद शाखा के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, पेंशनर्स संघ बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र. जनपद शाखा के अध्यक्ष सीबी सिंह एवं पेंशनर्स संघ राज विद्युत परिषद के बलीभद्र मिश्र द्वारा जिलाधिकारी का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा भी पेंशनरों संगठनों के उक्त पदाधिकारियों का भी माल्यर्पण कर अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पेंशनरों की उक्त समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा यह भी कहा गया कि किसी भी पेंशनर्स की कोई भी समस्या हो तो वह किसी भी समय मुझसे मिल सकता है यदि वह चाहे तो अपने संगठन के पदाधिकारियों को अवगत करा दें जिनके द्वारा मुझे उनकी समस्याओं से अवगत करा दिया जाय, जिसका हर स्तर पर निराकरण कराया जायेगा तथा यह भी प्रयास किया जायेगा कि पेंशनर्स पदाधिकारियों के साथ महीने में एक बैठक मेरे द्वारा स्वयं की जा सके। इस अवसर पर दीपक सिंह, प्रवीण कुमार, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित प्रमुख विभागों के कार्यालयाध्यक्ष, उनके प्रतिनिधि तथा जनपद के प्रबुद्ध पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# पांच जिले के दस परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा


परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र दिखाते छात्र

**आयोजन**

**वीर एकलव्य एजुकेशन समिति द्वारा आयोजित की गई परीक्षा**

**भदोही।** वीर एकलव्य एजुकेशन समिति द्वारा आयोजित जिलस्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को पांच जिलों के दस परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न कराई गयी। इसमें भदोही, जौनपुर, मिजार्पुर, प्रयागराज सहित वाराणसी शामिल हैं।

इस परीक्षा में 6वी से लेकर 12वी तक के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय वीरमपुर में सीओ ज्ञानपुर भुनेश्वर पांडेय व डॉ. आर.के, डॉ. मिथिलेश बिंद ने परीक्षा का शुभारम्भ प्रश्न पत्र देकर किया। वहीं इंटर कालेज कनकपुर में डॉ. जे.यस बिंद साथ ही कोइरौना इंटर कॉलेज में अमर साहनी, प्राथमिक विद्यालय सरई मिश्रानी में डॉ. सरिता बिंद, एडिओ पंचायत प्रदीप बिंद आदि लोगों ने बच्चों को प्रश्न पत्र देकर परीक्षा की शुरूआत की। इसमें मुख्य रुप से प्रबंधक धर्मेंद बिंद, संरक्षक अनुप बिंद, शुभाष चंद्र रही, विजय बिंद, सचिव मुकेश बिंद, रविकुमार, अतीत, अरविन्द, सुनील, दीपक, सोनू सरोज, ऋतुराज, नीरज कुमार सहित सभी पदाधिकारी व अध्यापकगण मौजूद रहें।

# जनता से सीधे जुड़ाव रखने वाला हो

मनोज श्रीवास्तव

**आश्वासन न देकर मूलभूत समस्याओं के निराकरण में दिखलाए दिलचस्पी**

**सुगम यातायात के लिए गलियों सड़कों की मरम्मत कराने वाला चाहिए जनप्रतिनिधि**

**रामनगर में रोजाना साफ-सफाई मिले शुद्ध पेयजल, पथ-प्रकाश की हो व्यवस्था**

**रामनगर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर ऊहापोह की स्थिति बरकरार है। लेकिन चाय-पान की अड़ियों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। ओबीसी आरक्षण को लेकर बहस जारी है तो तारीखों को लेकर अपने-अपने तरीके से लोग कयासबाजी कर रहे हैं। इन सबके बीच 'जनसंदेश टाइम्स' हर वर्ग की नब्ज एक सवाल को टटोल रहा है कि 'काशी का मेयर कैसा हो।' चूंकि रामनगर नगर पालिका परिषद का समायोजन नगर निगम हो चुका है। इसलिए रामनगर इलाके के लोगों को भी नगर निगम से काफी आस जुड़ चुकी है। उनको विश्वास है कि नये महापौर सिर्फ शहरी क्षेत्र को ही नहीं, बल्कि रामनगर को भी पूरा तवज्जों देंगे। रामनगर के लोगों का मानना है कि मेयर ऐसा हो, जो जनता से सीधे जुड़ाव रखने वाला हो। आश्वासन न देकर मूलभूत समस्याओं के निराकरण में दिलचस्पी दिखाने वाला हो। सुगम यातायात के लिए गलियों, सड़कों एवं सम्पर्क मार्गों को प्राथमिकता पर लेने वाला हो। रामनगर में रोजाना साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और पथ-प्रकाश की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था रखने वाला हो।

रामनगर निवासी एवं पंजाबी महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह का कहना है कि पिछले दो दशकों से नगर निगम का मेयर पद भाजपा के पास ही है और प्रदेश में पार्टी की सरकार भी है, लेकिन जनता के मन के अनुरुप काम नहीं हुए। रामनगर पालिका को नगर निगम में विलय तो कर दिया गया, जनता को इससे काफी उम्मीदें हैं। प्रथम बार नगर निगम से जुड़ने का मौका मिल रहा है तो जिस तरह वाराणसी शहर की व्यवस्था पहले से काफी अच्छी हुई और मोदी व योगी की सरकार ने भी वाराणसी में पुरा फोकस किया है। ठीक उसी तरह, मेयर पद पर चुने जाने वाला शख्स रामनगर को अतिक्रमण मुक्त और फुटपाथ को नागरिकों के चलने के लिए मुक्त कराने का काम करें। लाल बहादुर शास्त्रीजी नाम से एक पक्का घाट भी बनवाये।

गोलाघाट निवासी सैयद रजी जैदी का कहना है कि नगर पालिका को नगर निगम में शामिल करने के बाद यहां के लोगों को विकास की काफी उपेक्षा है। हमेशा हम लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के लिए वोटिंग किया। पहली बार मेयर के लिए वोटिंग करने का अवसर प्राप्त होगा। मेरा मानना है कि योग्य व्यक्तित्व वाला ही मेयर होना चाहिए। क्योंकि मेयर से लोगों को काम करने की उम्मीद होती है। मेयर ऐसा हो जो जनता के लिए आसानी से उपलब्ध हो ताकि जनता उसे अपने क्षेत्र की समस्या बता सके। मेयर शहर को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए पेयजल, सीवर और गंदगी की समस्याओं को दूर कराने वाला होना चाहिए। मतदाताओं को ऐसे व्यक्ति को इस कुर्सी पर बैठाना चाहिए जो शहर की समस्याओं को गंभीरता से ले और समाधान कराए।

कोदोपुर निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट का कहना है कि नगर पालिका रामनगर को नगर निगम में शामिल होने पर हम सभी के मन में होने वाले मेयर से बहुत सी उम्मीदें हैं। जो इस बार नगर निगम में मेयर बने, वह नगर की नियमित सफाई पर ध्यान दें। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करे। नयी सड़कों का निर्माण, जीण-शीर्ण सड़कों-गलियों का जीर्णोद्धार, गलियों में रोशनी का प्रबंध, नालियों की सफाई तथा पशुओं के लिए बने बटाऊबीर में जर्जर अस्पताल को ठीक करने को प्राथमिकता पर ले। इतना ही नहीं, रामनगर में कहीं आग लगने की स्थिति में बनारस यहां आने में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को घंटों समय लग जाता है, जिससे काफी नुकसान हो जाता है। ऐसे स्थिति में नगर में एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी व्यवस्था कराएं ताकि समय से आग पर काबू पाया जा सके। रामनगर के एकमात्र श्मशान घाट पर बिजली-पानी की व्यवस्था, जन्म एवं मृत्यु का निबंधन करना और उनका लेखा-जोखा रखने की भी व्यवस्था कराने वाला हो।

गोलाघाट निवासी समाजसेवी बलवंत नारायण झा का कहना है कि हम लोगों का मेयर ऐसा हो, पूरे रामनगर का चहुंमुखी विकास कर सके। क्योंकि बरसात के समय में सीवर लाइन का खस्ताहाल किसी भी आम पब्लिक से छिपी हुई नहीं है। रोड का भी वही हाल है। कचरे-कूड़े का अंबार लगा हुआ है। नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी चरमरा गई है। जो इसको भी व्यवस्थित करा सके। कागजी तौर पर या बयानबाजी तक सिर्फ दिखावे के लिए कार्य न करें। जमीनी हकीकत पर जो कार्य करके दिखाएगा, वहीं मेयर बेहतर साबित होगा। महाराजा काशी नरेश के नाम से रामनगर चौक तक का रोड काफी खस्ताहाल है। दूषित पानी की सप्लाई से तरह-तरह की बीमारियां नगर में फैल जाती है। इन समस्याओं को दूर करने वाले व्यक्ति को ही बनारस का प्रथम नागरिक बनना पसंद करूंगा।

मेडिकल एसोसिएशन होम्योपैथिक इंडिया उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व गोलाघाट निवासी डॉ. आरके सिंह का कहना है कि अभी तक हम लोग पालिका अध्यक्ष के लिए वोटिंग करते थे। पहली बार हम लोगों को नगर निगम में मेयर और पार्षद को वोट करना होगा, यह रामनगर का सौभाग्य है। हमारा मेयर प्रत्याशी पढ़ा-लिखा, संघर्षशील, सामाजिक, सभी वर्ग, सभी धर्म-जाति के साथ आपसी भाईचारा मिलाकर चलने वाला, सबके दुख-सुख में शामिल रहने वाला हो और लोगों के विश्वास पर पूरा खरा उतरने वाला हो। भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम का वातावरण बनाने वाला हो। साफ-सफाई एवं बिजली-पानी की मुकम्मल व्यवस्था करने वाला हो। नगर निगम में रामनगर के शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र होने के नाते विकास की उम्मीद जगी है। जो नगर का विकास करे हम लोगों को ऐसे मेयर चुनने की जरूरत है।

रामपुर निवासी सुजीत कुमार पाठक का कहना है कि नगर पालिका रामनगर के नगर निगम में शामिल होने के बाद रामनगर के हिस्से सिर्फ तीन वार्ड है, जहां अब पार्षद को काम करना भी कठिन साबित होगा। लेकिन अगर शासन ने विलय किया है तो कुछ सोच-समझ कर ही किया होगा। रही बात मेयर के बारे में हमारी सोच की तो हमारी सोच रही है कि हमारा मेयर ऐसा होना चाहिए कि हर वार्ड को एक नजर से देखें। ऐसा न हो कि पार्षद उनके पार्टी का हो तो सिर्फ उसी वार्ड में काम हो। चूंकि नगर निगम में शामिल होने के बाद नगर की जनता पर कर का बोझ भी बढ़ेगा तो ऐसे में साफ-सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने वाला व्यक्ति ही मेयर पद पर चुना जाना चाहिए। हमारा मेयर ऐसा होना चाहिए, जो नगर की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सभी के साथ समान व्यवहार रखने वाला हो।



सरदार कुलदीप सिंह



सैयद रजी जैदी



धीरेन्द्र प्रताप सिंह



बलवंत नारायण झा



डॉ. आरके सिंह



सुजीत कुमार पाठक



## काशी का मेयर कैसा हो...?

निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे। आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल- jansandesh-varanasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371 पर भेज सकते हैं।

# खुल गया 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के उद्देश्यों का दरवाजा

सुरोजीत चैटर्जी

एक महीने तक चले 'काशी-तमिल संगमम' को लेकर उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव कहती हैं कि इस आयोजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के उद्देश्य का द्वार खुल गया। प्रकत्यक्ष रूप से भले ही कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तमिलनाडु से ढाई हजार लोग आए हों लेकिन पूरे माह तक तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के तमाम इलाकों ऐसे लोगों और परिवारों का भी आगमन 'यूपी चलो' या 'काशी चलो' जैसे मूवमेंट का आभास देते हुए हुआ जो इस आयोजन में सीधे तौर पर जुड़े नहीं थे। जाहिर है इस संगमम के कारण रीजनल टूरिज्म को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।



प्रीति श्रीवास्तव, उप निदेशक उत्तर प्रदेश पर्यटन

बनारस में क्षेत्रवार पर्यटन स्थलों को अलग ढंग से विकसित करने की जरूरत होगी। और जो लोग यहां से होकर तमिलनाडु या अपने प्रदेशों में गये उनकी 'माउथ पब्लिसिटी' भविष्य के लिए अच्छा प्रभाव छोड़ेगी।

आयोजन को लेकर मीडिया के विभिन्न माध्यमों समेत सोशल मीडिया में काफी कुछ लिखा जा रहा है, उसका भी सकारात्मक असर दिखना तय है। वास्तव में किसी भी उद्योग से तुलना करें तो पर्यटन का क्षेत्र अत्यधिक बहुआयामी है। इसमें किसी भी इंडस्ट्री से अधिक लाभ लेना संभव है और फायदा मिल भी रहा है। एक महीने तक चले आयोजन के दौरान यहां विभिन्न क्षेत्र के कारोबारियों, दुकानदारों, मल्लाहों, रिक्शा-ऑटो चालकों, होटलों को लाभ पहुंचा। यह सिलसिला लगातार बढ़ेगा।

## दिखेंगे दूरगामी परिणाम

ट्रैवल ट्रेड से जुड़े एक्सपीरिएंस वाराणसी टूअर्स के संस्थापक कुणाल रक्षित ने कहा कि 'काशी-तमिल संगमम' का उद्देश्य देश के उत्तर और दक्षिण के बीच ज्ञान के सदियों पुराने बंधन और प्राचीन सभ्यतागत जुड़ाव को फिर से खोजना है। यह आयोजन दक्षिण भारत के लोगों और वाराणसी तथा आसपास के आध्यात्मिक स्थल जैसे- प्रयागराज, अयोध्या, चित्रकूट, मथुरा, वृंदावन और गया के लोगों के लिए जीत का एक मंच बन गया है। आयोजन संपन्न हो चुका और भविष्य में इसके रिजल्ट सकारात्मक दिखेंगे। इस आयोजन के कारण ही दक्षिण भारत के तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को काशी में उपलब्ध सुविधाओं समेत निकट के विभिन्न अन्य तीर्थस्थलों की यात्रा स्थलों के बारे में पता चला। इसके अलावा यह आयोजन पर्यटन उद्योग से संबद्ध सभी क्षेत्र सहित बनारस के आर्थिक विकास में अत्यधिक मददगार होगा।



कुणाल रक्षित

टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायी, ट्रांसपोर्टर, एयरलाइंस, रेलवे, टूअर गाइड वगैरह अपेक्षाकृत और ज्यादा लाभांवित होंगे। काशी-तमिल संगमम पर्यटन को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ है। इसके जरिये वाराणसी और उसके आसपास के जनपदों में रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखेंगे।


# भाषा के प्रति लोगों में बढ़ा सम्मान

राधेश्याम कमल

कांची कामकोटि मठ मंदिर के प्रभारी बीएस सुब्रहमण्यम मणिजी कहा कहना है कि काशी तमिल संगमम एक अद्भुत व अलौकिक व दिव्य रहा। इसमें दो प्रांतों के लोगों के बीच एक समन्वय व सद्भाव का जागरण हुआ। इस समागम से शिक्षा व कला तथा संस्कृति व धार्मिक अनुष्ठानों को करीब से जानने का मौका मिला। इससे भाषा के प्रति लोगों का सम्मान भी जागृत हुआ। इससे नई शिक्षा नीति को भी बल मिलेगा। यह प्रयास सराहनीय है। इसे लोग बरसों तक याद रखेंगे।

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय ने कहा कि इससे उत्तर व दक्षिण का संबंध और भी प्रगाढ़ हुआ है। इस समागम से इसका सकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ा है। इससे एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव उत्पन्न हुआ है। इस तरह का संगमम इसके बाद भी होना चाहिए। सरकार का यह प्रयास काफी ही अच्छा रहा। काशी अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज का कहना है कि काशी व तमिल भाषियों का एक नया स्वरूप सामने आया है। एक दूसरे के प्रति इच्छा जागृत हुई है। इस तरह का संगम और भी होना चाहिए। इससे एक-दूसरे को जानने व समझने का और भी मौका मिलेगा। इस तरह के आयोजन वर्ष भरह चलना चाहिए।

### काशी के धर्माचार्यों की राय



बीएस सुब्रह्मण्यम मणि



प्रो. नागेन्द्र पांडेय



शंकरपुरी महराज



पं. शिव प्रसाद पांडेय

महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय लिंगिया महराज ने कहा कि काशी तमिल संगमम ने काशी में लोगों के बीच एक यादगार कार्यक्रम बन गया। इसमें दोनों ही प्रांतों जैसे उत्तर व दक्षिण के कलाकारों व उनकी संस्कृति को जानने व सुनने का मौका मिला। यह काशीवासियों के लिए एक सौगात थी जिसे हम सभी को स्वीकारना चाहिए। इस तरह का कार्यक्रम और भी जगहों पर होना चाहिए। ताकि हम एक दूसरे की संस्कृति से परिचित हो सकें।

सेंट जॉन्स लेढ़ूपुर में भव्य रूप से मनाया गया वार्षिक खेलोत्सव, आजादी का अमृत महोत्सव वार्षिक खेल कूद और पीटी

# गुनगुनी धूप में बच्चों की सतरंगी छटा ने सबको मोहा

### वार्षिक खेलोत्सव

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम**

**विद्यालय के विभिन्न हाउस के साथ ही प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सभी ने बढ़ाया उत्साह**

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** सेंट जान्स स्कूल लेढ़ूपुर शाखा का शनिवार को भव्य रुप से वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया। वार्षिक खेलोत्सव का शुभारम्भ बातौर मुख्य अतिथि जूलियन फेर्नोडो सेंट जान्स स्कूल लेढ़ूपुर के फादर सुसाई राज ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। फादर सुसाई राज ने फादर जूलियन फेर्नोडो का पुष्प गुच्छ व शॉल भेंटकर स्वागत किया। इसके साथ ही सेंट मैरीज स्कूल की सिस्टर एनविटा, सेंट जान्स मढ़ौली के प्रबंधक फादर सुनील, सेंट जान्स मढ़ौली के फादर हेनरी आन्द्रादे, सेंट जान्स बरेका शाखा के फादर गुरु सान्ता राज का भी फादर सुसाई राज ने पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर की वंदन अमानत है ये जिन्दगी न इसे बेकार कर की संगीतमय प्रस्तुति के साथ स्वागत गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

वार्षिक खेलोत्सव आजादी का अमृत महोत्सव वार्षिक खेलकूद और पी.टी. कार्यक्रम का आगाज फादर जूलियन फेर्नोडो ने ओलिंपिक मशाल जलाकर किया। मशाल को विद्यालय के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले वाले विद्यार्थियों ने ओलम्पिक मशाल के साथ पूरे खेल परिसर की परिक्रमा की और सन्देश दिया कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी छात्रों के लिए आवश्यक है, इसके साथ ही विद्यालय के चारों हाउसों द्वारा शानदार मार्चपास्ट और पी. टी. का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के कैप्टन की ओर से सभी को शपथ दिलायी गयी। इसके बाद खेल व अन्य कार्यक्रम के शुभारम्भ की स्वीकृति दी गयी। खेल प्रतियोगिता के तहत 200 मी. 400 मी. तथा रिले दौड़ में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर खिलाड़िओं ने शानदान प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतियोगिता में अपने हाउस का परचम लहराया।


















### स्कूल के हाउस वार हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

विद्यालय में हाउस वार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रेड उस कि प्रस्तुति आजादी का अमृत महोत्सव पर सुजलाम सुफलाम गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी, दर्शकों ने करतल ध्वनि से सभी बच्चों को उत्साह वर्धन किया। ग्रीन हाउस की प्रस्तुति हर घर तिरंगा ने देश भक्ति की भावना से लोगों को ओत प्रोत कर दिया, वहीं ब्लू हाउस की कर्णप्रिय राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति वन्दे मातरम ने भारत माता के प्रति असीम प्रेम से परिपूर्ण कर दिया। येलो हाउस की प्रस्तुति दुनिया में सिर्फ हमी है जो मुल्क को मां कहते है गीत ने अपने देश के प्रति अटूट प्रेम और आस्था से लोगों को भर दिया।

### वार्षिक खेलोत्सव में रहे ये आकर्षण

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए विभिन्न प्रकार के पिरामिड और फार्मेशन रहे जिनमें कारगिल युद्ध, चंद्रयान, स्वच्छ भारत अभियान भारतीय सेना के तीनों अंगो जल यान और वायु के पिरामिड आकर्षक एवं सजीवता से परिपूर्ण निर्मित हुए। फार्मेशन के अंतर्गत समतल भूमि पहाड़ रेगिस्तान और सर्व धर्म समभाव की आकृति बना कर दर्शको को छात्रों ने आश्चर्यचकित कर दिया।

### इन्होंने मारी बाजी

विजेता हाउसों में ब्लू हाउस प्रथम, येलू हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय रेड हाउस चतुर्थ नंबर पर रहे सभी को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि फादर जूलियन फेर्नाडो ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस देश में रहते हैं वह एकता का मिसाल है भाषा व सास्कृतिक भले ही भिन्न हो लेकिन हमारी एकता अखंडता ही हमारी पहचान है। उन्होंने एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने के मार्मिक अपील की जिससे हमारे देश की महानता बनी रहे। कार्यक्रम का सफर संचालन विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्याल के प्रधानाचार्य फादर सुभाई राज ने किया, इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र, छ७ात्राएं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसाशन एवं समय विकाश की सरहाना की।